जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

जागरूक टाइम्स

सिरोही, मंगलवार, 07 जनवरी 2025 ◆ वर्ष : 17 ◆ अंक : 349 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रू.



दीपिका की कुल संपत्ति 500 करोड़...
पेज -09

## देश को मिली नए रेलवे प्रोजेक्ट्स की सौगात

### जम्मू रेलवे डिवीजन और चेरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उदघाटन

# पीएम बोले, भारतीय रेलवे के लिए ऐतिहासिक दिन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जम्मू के नए रेलवे डिवीजन और तेलंगाना में चेरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया।

पीएम नरेन्द्र मोदी ने ने ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर पीएम





मोदी ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक ट्रांसफॉर्मेशन का रहा है। रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर में एक विजिबल चेंज आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रेल कनेक्टिविटी का अद्भुत विस्तार हुआ है।

▶▶ शेष पृष्ठ 5 पर

# जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला की चादर पेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**अजमेर/जयपुर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने सोमवार को ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स के अवसर पर अजमेर में चादर पेश की। यह चादर मजार शरीफ पर पेश की गई, जहाँ नेताओं ने देश और जम्मू-कश्मीर में अमन, चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। साथ ही, फारूख अब्दुल्ला के स्वास्थ्य की ठीक होने के लिए भी प्रार्थना की गई।

चादर जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अहमद मीर और हजरत बल श्रीनगर दरगाह खतीब के ईमाम द्वारा लेकर अजमेर पहुंचे। वहां, मखमली चादर और अकीदत के फूल दरगाह के



खादिम फखरे मोइन के सदारत में पेश किए गए।

इस अवसर पर चादर लेकर आए प्रतिनिधियों ने ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की 813वीं जयंती पर सभी को बधाई दी। उमर अब्दुल्ला और डॉ. फारूख अब्दुल्ला ने कामना की कि देश में अमन और चैन कायम रहे, हर व्यक्ति की तरक्की हो, और लोग आपसी भेदभाव भूलकर सौहार्दपूर्ण जीवन जियें।

## न्यूज ब्रीफ

### मप्र में चार लोगों की मौत, तीन घायल

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में सोमवार को घने कोहरे की वजह से एक ट्रक और एसयूवी में भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में चार की मौत और तीन लोग घायल हैं। शाहगढ़ थाना प्रभारी संदीप खरे के मुताबिक हादसा सागर-छतरपुर रोड पर हीरापुर गांव के नजदीक हुआ है। हादसे में घायल तीन लोगों को सागर के जिला अस्पताल भेजा गया है।

### स्कूली बच्चों का अवकाश दो दिन और बढ़ाया

**जयपुर।** शीतलहर को देखते हुए कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को राहत दी गई है। अब राज्य सरकार ने शीतकालीन अवकाश को दो दिन और बढ़ा दिया है। 7 जनवरी एवं 8 जनवरी 2024 को भी अवकाश रहेगा। जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी कर दिए है। यह आदेश जयपुर और सभी राज्य के एवं गैर राजकीय विद्यालय के लिए मान्य होंगे।

### दिल्ली वोटर लिस्ट में डेढ़ करोड़ वोटर

**नई दिल्ली।** दिल्ली निर्वाचन आयोग ने चुनाव से पहले राजधानी के मतदाताओं की आखिरी लिस्ट जारी कर दी इसमें कुल एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 मतदाता हैं। इसमें से पुरुष मतदाताओं की संख्या 83 लाख 49 हजार 645 और महिला मतदाताओं की संख्या 71 लाख 73 हजार 952 है।

### विमान की काठमांडू में इमरजेंसी लैंडिंग

**काठमांडू।** नेपाल में एक बड़ा हादसा टल गया। हजारों फीट की ऊंचाई पर विमान में अचानक आग लग गई। विमान में आग लगने के बाद काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वीओआर लैंडिंग या मैनुअल लैंडिंग करानी पड़ी।

## जयपुर पुलिस का बड़ा खुलासा....

# भर्ती परीक्षा में नकल करा रही गैंग का भंडाफोड़, 14 लोग गिरफ्तार



### ऑनलाइन एग्जाम में ऐप की मदद से सॉल्व करवा रहे थे पेपर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन में भर्ती के लिए कम्प्यूटराइज्ड परीक्षा में विभिन्न कंप्यूटर सॉफ्टवेयर के जरिए नकल करवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस और एटीएस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से आठ आरोपियों को जयपुर पुलिस ने और छह आरोपियों को एटीएस ने गिरफ्तार किया है। हालांकि, नकल गिरोह के दो सरगना फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। प्रारंभिक जांच में इस गिरोह द्वारा रेलवे सहित अन्य भर्ती परीक्षाओं में भी नकल करवाने के सबूत मिले हैं। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने इस पूरे मामले की जांच के लिए जयपुर (पश्चिम) एडिशनल डीसीपी आलोक सिंघल के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया है।

### संदिग्धों की सूचना मिलने पर किया ट्रैस

कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि रविवार को नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन में भर्ती के लिए कम्प्यूटराइज्ड परीक्षा का आयोजन हुआ था। वैशाली नगर थानाधिकारी रविंद्र सिंह नरूका को जानकारी मिली कि परमजीत और जोगेंद्र व उनके साथी नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एग्री ट्रैनी भर्ती परीक्षा में नकल गिरोह के रूप में सक्रिय हैं। उन्होंने संदिग्धों को तकनीकी रूप से ट्रैस करना शुरू किया। इस गैंग में अन्य बदमाशों के सक्रिय होने की जानकारी मिलने पर चित्रकूट थानाधिकारी जहीर अब्बास ने नितेश जाखड़ और सुमित चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इनसे पूछताछ में अन्य लोगों के नाम सामने आए।

### संदिग्धों से पूछताछ में हुए चौंकाने वाले खुलासे

संदिग्धों से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली कि शास्त्री नगर में संदीप एसजेएम कंप्यूटर कॉलेज चलाता है। पुलिस ने एसजेएम कंप्यूटर कॉलेज से संदीप, बलबीर और कश्मीर को पकड़ा और उनके कब्जे से 168500 रुपए नकद, छह एडमिट कार्ड, सात हस्ताक्षरशुदा खाली चेक, तीन लैपटॉप, वाई-फाई राउटर, एक प्रिंटर-स्कैनर सहित अन्य उपकरण जब्त किए हैं।

### इन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जयपुर (पश्चिम) डीसीपी अमित कुमार ने बताया कि नेशनल सीड्स कॉर्पोरेशन की भर्ती में नकल के मामले में मनीष कुमार, खुशीराम, नवीन सारण, अंकित कुमार अभ्यर्थियों के कंप्यूटर को अवैध रूप से रिमोट एक्सेस पर लेकर नकल करवा रहे थे। इस मामले में संदीप कुमार, बलबीर, कश्मीर झाझड़िया, नितेश कुमार, सुमित सिंह, जोरावर सिंह मीणा, मनीष कुमार, खुशीराम, नवीन सारण, अंकित कुमार, प्रवीण यादव, मुकेश कुमार मीणा, टिंकू चौधरी उर्फ गुरुजी और रूपम पचार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है।

### परीक्षा केंद्रों के संचालक भी शामिल

सामने आया है कि संदीप, परमजीत, जोगेंद्र, हैरिटेज वायुना सी.सै. स्कूल, खातीपुरा का संचालक प्रवीण, वैदिक कन्या स्कूल में कंप्यूटर लैब संचालक नंदू ठेकेदार, आईटी इंफ्रा के कंप्यूटर लैब संचालक दिलखुश व गणपति ठेकेदार, द लॉरेन्स स्कूल मानसरोवर के कंप्यूटर लैब संचालक व कॉन्ट्रैक्टर प्रदीप, संदीप उर्फ सैंडी के साथ मिलकर परीक्षाओं में नकल करवाने और पेपर सॉल्व करवाने का काम करते हैं।

### हर अभ्यर्थी से लिए 50 हजार रुपए एडवांस

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि नकल करवाने वाले गिरोह से जुड़े बदमाशों ने कई अभ्यर्थियों जोरावर सिंह, रूपम पचार, मनीष सैनी, दीपक ख्यालिया को सॉफ्टवेयर व डिजिटल उपकरणों के जरिए कंप्यूटर सेंटर संचालकों के साथ मिलकर पेपर हल करवाए। इस काम के लिए उन्होंने हर अभ्यर्थी से 50-50 हजार रुपए एडवांस लिए हैं।

## बैंक ऑफ बड़ौदा तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ एमओयू हुआ

## 'विकसित राजस्थान 2047' के तहत 'सर्वजन हिताय' आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य

# सीएम शर्मा बोले, दोनों बैंक राज्य की विकास यात्रा में बनेंगे भागीदार





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अमृत कालखंड- 'विकसित राजस्थान 2047' के तहत पांच वर्षों की कार्य योजना बनाकर 'सर्वजन हिताय' आधारित समावेशी विकास का लक्ष्य रखा है।उन्होंने कहा कि इस कार्य योजना के तहत भविष्य के लिएदस संकल्प निर्धारित किए गए हैं। इन संकल्पों में बुनियादी ढांचे का विकास करना और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर पर पहुंचाना भी शामिल हैं।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बैंक ऑफ बड़ौदा तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र के साथ राज्य सरकार के दो एमओयू हस्ताक्षर करने के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे। इन एमओयू के अनुसार बैंक ऑफ बड़ौदा अगले छह वर्षों यानी 31 मार्च 2030 तक, प्रति वर्ष 20 हजार करोड़ रूपये का ऋण प्रदान करेगा। इसके साथ ही, बैंक ऑफ महाराष्ट्र भी प्रति वर्ष 10,000 करोड़ रूपये का ऋण उपलब्ध कराएगा। यह धनराशि राजस्थान सरकार की विभिन्न परियोजनाओं, विशेषकर आधारभूत ढांचा क्षेत्र जैसे बिजली एवं नवीकरणीय ऊर्जा, सड़क, पेयजल और स्वच्छता के लिए उपयोग की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र जैसे देश के प्रतिष्ठित बैंक अब राजस्थान की विकास यात्रा में भागीदार बनने जा रहे हैं। हमारे प्रदेश के आधारभूत ढांचे को सशक्त करने की दिशा में बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का यह सहयोग एक बड़ा कदम है और आज का यह समझौता प्रदेश के बुनियादी ढांचे की मजबूती में एक मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि बैंकों की व्यक्तिगत विकास तथा राज्य और देश की उन्नति में महत्वपूर्ण भूमिका होती हैं। बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आमजन को उनकी सेवाओं का अधिकतम लाभ मिले।

### राज्य सरकार प्रदेश के बुनियादी ढांचे को कर रही सुदृढ़

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार बेहतर कल के लिए हमें आज सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में निवेश करना चाहिए। प्रधानमंत्री की इस सीख को आत्मसात करते हुए हम प्रदेश के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ कर रहे हैं। हमने नवीकरणीय ऊर्जा की उत्पादन क्षमता 2029-30 तक बढ़ाकर 125 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने 5 साल के इस कार्यकाल में 53 हजार किलोमीटर का सड़क नेटवर्क तैयार करने के लिए 60 हजार करोड़ रूपये व्यय करने का संकल्प लिया है।

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में भी हमने प्रदेश के विकास के लिए 35 लाख करोड़ के एमओयू किए हैं। बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा के माध्यम से हर घर को रोशन करना, हर नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना और ग्रामीण व शहरी सड़कों को बेहतर बनाना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। शर्मा ने कहा किराजस्थान सरकार अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

आज की साझेदारी राज्य के विकास और जनकल्याण की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगी तथा विकसित भारत 2047 एवं विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उपमुख्यमंत्री (वित्त) दियाकुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरगामी सोच के अनुरूप राज्य सरकार प्रदेश के बुनियादी ढांचे में भारी निवेश की परिकल्पना के साथ कार्य कर रही हैं। दोनों बैंक के साथ सम्पन्न एमओयू राज्य के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने में भागीरथी प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस कदम से केंद्र और राज्य सरकार के जन हित के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा।

इस अवसर परमुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव वित्त (बजट) देबाशीष पृष्टी, बैंक ऑफ बड़ौदा के एमडी एवं सीईओ देबदत्त चंद, कार्यकारी निदेशक ललित त्यागी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कार्यकारी निदेशक रोहित ऋषि सहित दोनों बैंकों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# एमपी में डिजिटल अरेस्ट से पहली मौत

### ठगों की धमकी से डरी महिला शिक्षक

### पैसे नहीं दे पाई तो खाया जहर

### मौत के बाद भी ठग मांगते रहे पैसे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रीवा में डिजिटल अरेस्ट के दौरान मौत का पहला मामला सामने आया है। यहां एक महिला शिक्षक ने ठगों की धमकियों से डरकर जहर खा लिया और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ठगों ने महिला से पहले 22 हजार रुपए पहले ही ऐंठ लिए थे और 50 हजार रुपए मांग रहे थे।



शिक्षिका के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में उसने जहर खा लिया। हद तो तब हो गई, जब ठगों ने महिला की मौत के बाद भी धमकाना जारी रखा और पैसे की मांग करते रहे। मामला मऊगंज जिले के घुरेहटा वार्ड क्रमांक 12 का है। यहां रहने वाली रेशमा पाण्डेय पत्नी गांव में शासकीय हाई स्कूल में अतिथि शिक्षक हैं। बीते शनिवार को परिवार के सदस्य किसी कार्य के चलते गांव से बाहर गए थे। इसी दौरान रेशमा पाण्डेय के मोबाइल में कुछ मैसेज आए। कुछ देर बाद उन्हे व्हाट्स एप में वर्दी पहने कुछ पुलिस अफसर और आर्मी के जवानों के वीडियो भेजे गए। थोड़ी देर बाद जालसाज खुद वर्दी पहन कर वीडियो कॉल पर आया और और महिला को डिजिटली अरेस्ट कर लिया।

#### पार्सल लेने का दबाव बनाया, और 22 हजार भी ठगे

जालसाजों ने महिला से कहा कि तुम्हारे नाम का एक पार्सल है, जिसे तुम्हें लेना होगा। नहीं लेने पर तुम्हारे खिलाफ चोरी का इल्जाम लगाकर एफआईआर दर्ज कर तुम्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद जालसाजों ने महिला से रुपयों की डिमांड की। डरी सहमी महिला ने ऑनलाइन 22 हजार रूपए अपने मोबाइल से ट्रांसफर कर दिए। 22 हजार लेने के बाद उन्होंने 50 हजार रुपए और मांगे। नहीं देने पर बदमाशों ने स्थानीय पुलिस को भेजकर कर गिरफ्तार करने की धमकी दी।

### एएफआई प्रमुख बनेंगे बहादुर सिंह

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शॉटपुट खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू (51) को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की आमसभा की सालाना बैठक में अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। यह चुनाव मंगलवार को होने वाली बैठक में तय किया जाएगा, जिसमें सागू आदिले सुमरिवाला की जगह अध्यक्ष पद पर चुने जाएंगे। सागू ने 2002 के बुसान एशियाई खेलों में शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता था।



## राजस्थान पुलिस की बड़ी कार्रवाई...

# 4.89 करोड़ का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**भीलवाड़ा।** जिले की हनुमान नगर थाना पुलिस ने सोमवार को अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कारवाई करते हुए एक कंटेनर से 4 करोड़ 89 लाख 30 हजार रुपए का गांजा बरामद किया है। साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया गया।

जहाजपुर क्षेत्र के हनुमाननगर थाना प्रभारी शंकर सिंह को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कोटा की ओर से आ रहे एक कंटेनर में अवैध मादक पदार्थ गांजा भरा है। हनुमाननगर थाना प्रभारी शंकर सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर बालाजी तिराहे पर नाकाबंदी की।

कोटा से आ रहे कंटेनर की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के बोरों में अवैध गांजा भरा मिला। इसकी तुलाई करवाने पर यह 978 किलो 600 ग्राम वजन का निकला। पुलिस ने इसे जब्त कर जयपुर निवासी 22 वर्षीय शाहरुख मोहम्मद पिता मुनीर खान भाटी और 19



वर्षीय सचिन गुर्जर पुत्र रामजीवन गुर्जर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब्त गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 4 करोड़ 89 लाख 30 हजार रुपए आंकी है।

## गुरु गोविंदसिंह जयंती पर अर्पित किए पुष्प

# 'गुरु गोविंदसिंह करते थे धर्म के मार्ग पर चलने को प्रेरित'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** हिन्दू युवा संगठन संस्था के तत्वावधान में गुरु गोविंदसिंह जयंती पर पुष्पांजलि व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था नगर अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगेड़िया ने बताया कि निजी कार्यालय में गुरु गोविंदसिंह की जयंती पर पुष्पांजलि व संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक विधानसभा व विधायक जोगेश्वर गर्ग उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर समाजसेवी गणपतसिंह बगेड़िया, दिनेश महावर, संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार, अमन मेहता, संजय बोराणा, योगेश दवे उपस्थित थे। मुख्य सचेतक गर्ग ने कहा कि गुरु गोविंदसिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे।




उन्होंने सिक्ख धर्म को मजबूत किया था और अपने अनुयायियों को वे सच्चाई, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया करते थे। सिंह ने पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया तथा उन्हें गुरु रूप में प्रतिष्ठित किया। संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सोलंकी ने कहा कि गुरु गोविन्दसिंह ने अन्याय, अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए और धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ 14 युद्ध लड़े। महावर ने कहा कि गुरु गोविन्दसिंह विश्व की बलिदानी परम्परा में अद्वितीय होने के साथ एक महान लेखक, मौलिक चिन्तक तथा संस्कृत सहित कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे। अमन मेहता ने कहा कि उन्होंने सदा प्रेम, सदाचार और भाईचारे का संदेश दिया। किसी ने गुरुजी का अहित करने की कोशिश भी की तो उन्होंने अपनी सहनशीलता, मधुरता, सौम्यता से उसे परास्त कर दिया। गणपतसिंह बगेड़िया ने कहा कि गुरु की वाणी में मधुरता, सादगी, सौजन्यता एवं वैराग्य की भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनके जीवन का प्रथम दर्शन ही था कि धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती है। संस्थापक महामंत्री अर्जुनसिंह पवार ने आभार ज्ञापित किया। कार्य' म में मयंक देवड़ा, सोम शर्मा, पारस बारूपाल, खेताराम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# समाज के विकास को व्याप्त कुरीतियों का करें त्याग: गर्ग



## गर्ग समाज का सम्मान समारोह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला मुख्यालय पर रविवार को गर्ग समाज जालोर के तत्वावधान में जालोर नगर व जालोर ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार एवं राजकीय सेवा में पदोन्नत व नवचयनित कर्मचारियों का सम्मान समारोह राजस्थान सरकार के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की अध्यक्षता में गर्ग आश्रम शिव मंदिर जालोर में आयोजित किया गया। प्रदेश संरक्षक श्यामसुंदर सोलंकी सनवाड़ा, प्रदेश सचिव खुशपाल गर्ग एवं लोहावट तहसलदार पीयूष गर्ग का सान्निध्य रहा। कार्यकारिणी का चुनाव निर्विरोध हुआ।गर्ग ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से आगे बढ़ रहे समजा के युवाओं का मनोबल बढ़ने के साथ अन्य युवाओं को भी प्रोत्साहन मिलता है। इस तरह के आयोजन समय समय पर किए जाते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज के उत्तरोत्तर विकास व उत्थान के लिए समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाना व त्याग करना होगा। गर्ग समाज प्रदेश संरक्षक सोलंकी ने कहा कि समाज में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने व उनकी प्रगति हेतु समाज को अपना योगदान देना होगा। बालिकाएं शिक्षित होगी तो समाज के समग्र विकास में सहभागी बनते हुए आगे बढ़ सकेगी। प्रदेश सचिव खुशपाल गर्ग ने कहा कि समाज को जब भी आवश्यकता पड़े व आह्वान करें तब सभी समाजबंधू अपना मनमुटाव भूलकर तन, मन एवं धन से एकत्रित होकर कार्य करें तो समाज के विकास को कोई नहीं रोक सकता। तहसीलदार गर्ग ने युवाओं को एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अध्ययन करने की बात कही। मंच संचालन नोपाराम गर्ग ने किया। सेवानिवृत तहसीलदार भंवरलाल गर्ग, सेवानिवृत प्रधानाचार्य मिश्रीलाल बागरेचा, सेवानिवृत अल्पसंख्यक अधिकारी मिश्रीमल गर्ग, प्रदेश मंत्री रमेश गर्ग पोषाणा, हड़मताराम, वेदाराम गर्ग, चंपालाल गर्ग, गोपीलाल गर्ग, अमृत गर्ग गुडा बालोतान, सुरेश गर्ग थांवला, अधिवक्ता प्रताप गर्ग तडवा, भगवत गर्ग बेदाना, मालाराम, मनोहर देता, अरविन्द गर्ग, इन्द्र गर्ग कानिवाड़ा, मोमताराम गर्ग, सायला ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार, आहोर ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश गर्ग मिठडी, प्रदेश प्रतिनिधि अर्जुन लाल रेवतड़ा, मांगीलाल आसाना, कृष्ण कुमार गोल, भरत सोलंकी आहोर, गोरधनलाल चांदना, रमेशकुमार भागली, दिनेश देलदरी, लेखराज सांचौर, सुरेश मेड़ा, गोविन्दलाल पोल, हेमंत गर्ग केशवणा, पूरण प्रकाश गर्ग, छतराराम पहाड़पूरा एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

### इनका किया सम्मान

नवनियुक्त नर्सिंग ऑफिसर प्रफुल्ल सोलंकी सनवाड़ा, भवानीशंकर सराणा, किरण गर्ग कानीवाड़ा, प्रवीण गर्ग रिछोली, कमलेश गर्ग सेरणा, डिम्पलकुमारी रेवत, शिक्षक भर्ती में चयनित दीपक बागरेचा हरियाली, दिलीप गर्ग रिछोली एवं पदोन्नत प्राध्यापक व कर्मचारी नोपाराम गर्ग रानीवाड़ा काबा, हड़मताराम गर्ग सांफाड़ा, अनीता गर्ग जालौर, हरीश गर्ग सनवाड़ा, रमेश गर्ग जालोर, कलुचंद ऐलाना, जिला समाज कल्याण अधिकारी पद पर पदोन्नत महेशकुमार भीनमाल, नोटरी पब्लिक नियुक्त पारस गर्ग थलूंडा, पदोन्नत अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी राजकुमार का अतिथियों ने स्वागत अभिनंदन किया।

### निर्विरोध चुने गए पदाधिकारी

नगर कार्यकारणी में संरक्षक पद पर महेश कुमार, लकाराम, जयरूपराम, बगदाराम, सभाध्यक्ष पद पर जगजीवन गर्ग, विशनाराम गर्ग, अध्यक्ष पद पर भागीरथ गर्ग जालोर, उपाध्यक्ष पद पर सुभाष गर्ग वलदरा, भंवरलाल गर्ग लाल पोल, सचिव पद पर धर्मेन्द्र गर्ग जालोर, महामंत्री पद पर एडवोकेट जितेन्द्र गर्ग जालोर, मंत्री पद पर छगनलाल लेटा, संगठन मंत्री पद पर लालचंद गर्ग, मादाराम, राकेश करीयोजा, रामेश्वर गर्ग, प्रचार मंत्री पद पर राकेश देता, कोषाध्यक्ष पद पर सांवलाराम गर्ग, सह कोषाध्यक्ष पद पर मनीष बागरेचा, मीडिया प्रकोष्ठ पद पर हंसमुख गर्ग, सरकारी कर्मचारी पद पर छगनलाल गर्ग, सदस्य मनोहर, विक्रम गर्ग, कैलाश, पिंटू लेटा, सत्यप्रकाश, मोहनलाल को सर्व सम्मति से चुना गया। जालोर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष नोपाराम गर्ग रानीवाडा काबा, उपाध्यक्ष रूपाराम भागली, तेजाराम सरदारगढ़, सचिव देवेन्द्र कुमार रेवत, कोषाध्यक्ष हरचंद भागली, संगठन मंत्री पीराराम सेरना, अर्जुन भागली, प्रकाश रायपुरिया, भगवानाराम रेवत, प्रचार मंत्री उत्तम धानसा, महामंत्री मुकेशकुमार देलदरी, मंत्री करसन कुमार भागली, सह कोषाध्यक्ष नकुल सेरना, सह सचिव सुरेश कुमार नारणावास, संरक्षक गोपाराम रेवत, भरत कुमार रायपुरिया, बाबूलाल रानीवाडा काबा, बगदाराम बागरा, बाबूलाल चांदना चुने गए।

# पालिका क्षेत्र में प्रस्तावित परिसीमांकन पर चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को कांग्रेस नेता सरोज चौधरी के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेन्द्र जोशी के विशिष्ट आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष जोगेंद्रसिंह की अध्यक्षता में शक्ति सराय आहोर में आयोजित की गई। बैठक में पालिका क्षेत्र में किए जा रहे परिसीमांकन के प्रस्ताव एवं वार्डो के सीमांकन गठन के दावे आपत्ति को लेकर समस्त कांग्रेसजन से विचार विमर्श कर 5 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। कांग्रेस नेता चौधरी ने कहा कि आहोर के समस्त कांग्रेसजन को जागरुकता के साथ परिसीमांकन परिपत्र को पढ़कर संबंधित वार्ड के गठन, परीसीमांकन को ध्यान में रखते हुए दावे आपत्ति होने पर अपनी आपत्ति समय अनुसार दर्ज करवानी चाहिए। जिससे नियमानुसार आहोर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड का गठन हो सके। उन्होंने कहा कि पूर्वर्ती कांग्रेस सरकार ने आहोर के विकास के लिए नगर पालिका का गठन किया था। जिलाध्यक्ष मेघवाल ने कहा कि आहोर के समस्त कांग्रेसजन को राज्य की भाजपा सरकार की एक वर्ष की नाकामियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। ब्लॉक अध्यक्ष जोशी ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बने एक वर्ष पूरा हो गया है। लेकिन, भाजपा के नेताओं के पास एक भी कार्य आहोर विधानसभा क्षेत्र की जनता को बताने लायक नहीं है। मंडल अध्यक्ष जोगेंद्रसिंह ने आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष पीरसिंह बालोत, कुशालसिंह राजपुरोहित, बस्तीमल चौहान, नारायणसिंह राठौड़, लुणाराम, महिपालसिंह, उदयराज, समीर पठान, चंदन रावल, तुलाराम देवासी, शेषाराम, युसुफ खान, रमेश प्रजापत, जामताराम सुथार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मुआवजे की मांग पर अड़े लोग, नहीं हो पाया मृतकों का पोस्टमार्टम

## डंपर की टक्कर से दंपती व दो बच्चों की मौत का मामला



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सायला।** थानाक्षेत्र के उन्नडी-पोषाणा के बीच मामाजी के मंदिर के पास भीनमाल-जीवाणा स्टेट हाइवे पर बजरी से भरे डंपर की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व दो बच्चों की मौत के मामले में सोमवार दूसरे दिन भी समाजबंधुओं का थाने के बाहर धरना जारी रहा। समाजबंधुओं की ओर से मृतक उत्तमपुरी के परिवार को 2.50 करोड मुआवजा दिलाने, मृतक के दस वर्षीय पुत्र राहुलपुरी की उम्र 18 वर्ष होने के बाद संविदा अथवा सरकारी नौकरी दिलाने, मृतक के बुजुर्ग माता-पिता के जीवन यापन के लिए सरकार द्वारा उचित व्यवस्था करवाने, डम्पर चालक व मालिक को कठोर सजा दिलाने, अवैध बजरी परिवहन पर नकेल कसवाने की मांग की गई। वहीं मांगों पर सहमति नहीं बनने पर सभी ने चारों मृतकों का पोस्टमार्टम करवाने तथा शव उठाने से मना कर दिया। जिस पर जालोर वृताधिकारी गौतम जैन, तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी व सीआइ महेन्द्रसिंह ने मौके पर पहुंचकर समझाइश का प्रयास किया। लेकिन परिजन व समाजबंधु लिखित आश्वासन नहीं मिलने तक अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद शाम को जिला कलेक्टर प्रदीप के गावंडे, जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव व सायला उपखंड अधिकारी सूरजभान विश्नोई भी मौके पर पहुंचे एवं समाज के मौजिज लोगों से वार्ता की। साथ ही नियमानुसार मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। जिससे परिजन व समाजबंधु संतुष्ट नजर आए। इसके बाद परिजनों एवं समाजबंधुओं द्वारा जिला कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन भी दिया गया। लेकिन समाचार लिखे जाने तक मृतकों के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया था।

### यह है मामला

ज्ञातव्य है कि बावतरा निवासी उत्तमपुरी पुत्र मांगपुरी, उसकी पत्नी डिम्पलदेवी, बेटी चिंटू और बेटे राजपुरी की बाइक पर कोरा गांव जाने के दौरान बजरी के अवैध परिवहन में लगे डंपर की टक्कर में मौत हो गई थी। मृतक के भाई रमेशपुरी पुत्र मांगपुरी ने डम्पर चालक के विरूद्ध तेज गति व लापरवाही से डम्पर चलाकर गलत दिशा में आकर बाइक के टक्कर मारने का मामला दर्ज करवाया है। मृतक उत्तमपुरी के तीन संतानें है। जिसमें से दस वर्षीय बड़ा बेटा राहुलपुरी ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता है। जबकि आठ वर्षीय बेटी चिन्टू व पांच वर्षीय बेटा माता-पिता के साथ बावतरा में रहते थे। लेकिन सडक हादसे में चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उत्तमपुरी की पत्नी मृतका डिम्पलदेवी गर्भवती थी।

### चालक व डंपर मालिक को किया गिरफ्तार

डंपर की टक्कर से बाइक सवार दंपती व दो बच्चों की मौत के बाद पुलिस ने आरोपी डंपर चालक तेजा की बेरी निवासी फिरोज खान व कोरी धवेचा निवासी डंपर मालिक मेहबूब खान को गिरफ्तार कर लिया है।

## भंवरसिंह बने भाजपा मंडल अध्यक्ष

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**जसवंतपुरा।** भारतीय जनता पार्टी ने रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंडलों के अध्यक्षों की घोषणा की गई है। इसके तहत जसवंतपुरा मंडल अध्यक्ष पद पर भंवरसिंह (राजपुरा) को मनोनीत किया गया है। मंडल अध्यक्ष बनने पर राजपुरा का कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। ज्ञातव्य है कि राजपुरा पूर्व में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष, दांतलावास सरपंच व रावणा राजपूत समाज के युवा जिलाध्यक्ष भी रहे चुके है। अब पार्टी ने मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। मंडल अध्यक्ष बनने पर राजपुरा ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# शिक्षा के साथ संस्कार समय की आवश्यता: गोविंदवल्लभ

**प्रजापत समाज की 150 प्रतिभाएं सम्मानित**




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सत्यपुर मारू प्रजापति सेवा संस्थान एवं छात्रावास सांचौर में तृतीय प्रतिभावान सामान समारोह का आयोजन गुरु गोविंद वल्लभ महाराज के सानिध्य में किया गया। समारोह में 150 से अधिक प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। संयोजक प्राचार्य हुकमाराम सिसोदिया के अनुसार इस दौरान गोविंद वल्लभदास ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार समय की आवश्यता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना समाज का विकास संभवन नहीं है। प्रतिस्पर्द्धा के दौर में बालिका शिक्षा भी बहुत जरूरी है। इस दौरान नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष किशनलाल कोड, उपाध्यक्ष मगनाराम परमार को सर्वसहमति से चुना गया। मफतलाल परमार, किशनलाल, ईसराराम, टीकमाराम, कालाराम, कृष्णकुमार, मुंगाराम, लाखाराम, रमेशकुमार, नारायणलाल, पांचाराम, जयराम, मलाराम प्रजापत, रमेश प्रजापत, ओमप्रकाश, गणपतलाल, गमनाराम, ओखाराम आदि मौजूद थे।

# शिक्षक संघ प्रगतिशील की बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला शाखा जालौर कार्यकारिणी पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंत्रियों की संयुक्त बैठक कचहरी रोड विद्यालय में जिलाध्यक्ष लुम्बाराम चौधरी की मौजूदगी में आयोजित की गई। जिला मंत्री जसाराम विरास ने बताया कि बैठक में सत्र 2024-25 के 62वें प्रांतीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया। जिसमें स्वागत समिति, रजिस्ट्रेशन समिति, भोजन व्यवस्था संबंधी समिति, आवास व्यवस्था संबंधी समिति, प्रचार प्रसार समिति, मंच व्यवस्था समिति, बैठक व्यवस्था संबंधी समितियों में शिक्षकों की भागीदारी सुनिश्चित कर जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य महामंत्री पूनमचंद विश्नोई ने कहा कि सम्मेलन के उदघाटन सत्र में प्रमुख वक्ता ऑल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सुभाष लांबा, अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष महावीर शर्मा रहेंगे। सम्मेलन में संगठन के स्वर्णकालीन इतिहास की जानकारी देने एवं संगठनात्मक गतिविधियों शिक्षा शिक्षार्थी और शिक्षकों से संबंधित विभिन्न जानकारी बाबत स्मारिका का प्रकाशन किया गया है। स्मारिका का विमोचन उदघाटन सत्र में अतिथियों द्वारा किया जाएगा। संयोजक जयकरण खिलेरी ने बताया कि सम्मेलन में भागीदारी करने वाले सभी शिक्षकों को भामाशाह के सहयोग से स्मति चिह्न भेंट किए जाएंगे। समस्त पदाधिकारियों से उन्हें प्रदत्त दायित्वों व जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया गया। जिलाध्यक्ष लुबाराम चौधरी ने कहा कि आयोजन में जालौर एवं सांचौर जिलों से अधिकाधिक शिक्षकों की सहभागिता तय करने व्यापक प्रचार करने की आवश्यकता है। शिक्षकों के जो बकाया प्रकरण जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित है उनको लेकर संगठन स्तर से ठोस प्रयास किया जा रहे हैं अति शीघ्र शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया गया है। जिला सभाध्यक्ष कालाराम पहाड़िया ने शैक्षिक सम्मेलन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने सदन को भरोसा दिलाया कि सम्मेलन में जालौर जिले की संख्या बहुत बड़ी होगी। सम्मेलन के सहसंयोजक रामचंद्र जीनगर ने सम्मेलन में बैठक व्यवस्था एवं आवास व्यवस्था के बारे में जानकारी प्रदान की।



### यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर जालाराम विश्नोई, भीनमाल ब्लॉक अध्यक्ष लाडुराम माजू, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूनमाराम पटेल, महबूब खान, मोहनलाल विश्नोई, प्रकाश सियाग, ललित कुमार सुरियाल, प्रकाशनारायण गहलोत, अमराराम चौधरी, ओमप्रकाश जीनगर, रतनलाल माजु, किसनाराम फिडोदा, जालाराम विश्नोई, तेजाराम जाखड़, किसनाराम जांगु, पुखराज खिलेरी, प्रकाश खिलेरी, जगदीशकुमार डारा, सोहनलाल विश्नोई, भैराराम सियाग, हनुमानाराम पवार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

## शिक्षकों और दुकानदार ने दिया ईमानदारी का परिचय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** शहर के करड़ा चौराहा स्थित कृष्णा स्वीट होम पर शिक्षकों व दुकानदार की ओर से उन्हें मिले नकदी भरे बैग को संबंधित को लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया गया। वस्तुतः चितरौड़ी निवासी हेमताराम भील स्वीट होम पर नाश्ता करने आया था। यहां से लौटते समय वो अपना हैंडबैग बाहर बैंच पर ही भूलकर चला गया। उसके जाने के बाद कुछ शिक्षक वहां पहुंचे एवं बैंच पर बैग को देखा तो दुकानदार मांगीलाल व श्रवणकुमार को पूछा। इस पर दोनों ने बैग को संभाला तो उसमें एक लाख रुपए नकद व बैंक संबंधी दस्तावेज थे। दुकानदार व सभी शिक्षकों ने उस व्यक्ति को तलाशा एवं संपर्क कर ईमानदारी का परिचय देते हुए हैंडबैग हेमताराम भील को लौटा दिया। इस अवसर पर शिक्षक जयकरण खिलेरी, किशनाराम ढाका, मोहनलाल गोदारा, श्रवण ढाका, सुरेश खिचड़, राजूराम खिलेरी, प्रकाश सियाक, सोहनलाल, दुकानदार मांगीलाल व श्रवणकुमार मौजूद थे।

# चींटियों की सेवा में जुटा कीडी नगरा ग्रुप



**हर सप्ताह रविवार को डालते है सौ किलो खाद्यान्न**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भीनमाल-निंबावास में चिंटियों का संभवतया विश्व का नंबर एक कीड़ीनगरा स्थित है। यहां लाखों की तादाद में चीटिंयों का निवास है। इस कीड़ीनगरा में चींटियों की सेवार्थ कीड़ी नगरा ग्रुप के सदस्य लगातार तीन साल से हर रविवार को पहुंचकर चिंटियों के खाने योग्य सौ किलो खाद्य सामग्री तैयार कर वितरित की जाती है। इसी के साथ ग्रुप सदस्य गायों के लिए गुड़ एवं कबूतरों के लिए दाना भी लेकर जाते है। कीड़ीनगरा ग्रुप में अध्यक्ष चंदन मेहता, राजमल जैन (गौतम वस्त्र भंडार), रमेश जैन चितरोड़ी, विनोद तातेड, राणाराम परमार (बाफना मेडिकल), अशोक बी. मेहता, कांतिलाल (स्वास्तिक चोपड़ा), दिनेश दासपा, अशोक दोषी, पुखराज पूनावाले, राजेश भंडारी, भरत संघवी, भंवर मेहता, प्रेम प्रकाश, शैलेष चौहान एएमसी, विकास सोनी, दिनेश वर्धन, राजेंद्र सेन, अशोक मेहता, हितेश शर्मा, जयेश परमार, गौतम जैन, कल्पेश निंबार्क सहित कई धर्मपरायण लोग शामिल है।

# रसोसिद्ध मुनि शमशेरगिरी महाराज के वार्षिक मेले में उमड़ा आस्था का ज्वार

## सरूपगंज कस्बे में निकाली कलश व शोभायात्रा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** वास्तानेश्वर महादेव मंदिर स्थित रसौसिद्ध मुनिजी महाराज की समाधि पर सोमवार को वार्षिक मेला भरा गया। जिसमें सैकड़ों साधु संतों ने पहुंचकर धुणी जमाई। इसके साथ ही भक्तों ने दर्शन पूजन कर खुशहाली की कामना की। मुनिजी महाराज की पुण्यतिथि पर हर वर्ष इस मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में दो दिन पहले से ही दूरदराज से पहुंचे साधु संतों ने उनकी समाधि स्थल के आसपास धुणी जमाई। वही सरूपगंज में रेलवे स्टेशन रोड स्थित मुनि महाराज नवनिर्मित मंदिर परिसर से शोभायात्रा निकाली गई। जो पुराना बस स्टेंड, सुभाष सर्कल, मेन बाजार होते हुए बैंड बाजे के साथ निकाला गया। जिसमें महिलाएं एवं पुरुषों ने मुनि महाराज के जयकारे लगाते हुए नृत्य करते चल रहे थे। नवनिर्मित मंदिर में ललित रामलाल बंसल परिवार ने यज्ञ में आहुतियां देकर पूर्णाहुति के साथ शिखर पर ध्वजा के बाद महाआरती व महाप्रसादी वितरण की गई। रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भजन गायक कलाकार मनीष परिहार व शंकर चौधरी ने शानदार भजनों की प्रस्तुति दी। इस दौरान क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने मुनि महाराज के दर्शन व महाप्रसादी का लाभ लिया। दिनभर महिला मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी।



### जागृत है मुनि महाराज की धुणी

समीपवर्ती केर गांव में जहां मुनिजी महाराज निवास करते थे उस स्थान पर उनके हाथ से शुरू की गई धूणी आज भी जलती रहती है। सैकड़ों लोग आज भी उस स्थान पर पहले दर्शन करने के लिए जाते हैं। मुनि महाराज के हाथ से लगाया गया नारियल का पेड़ भी मौजूद है। उनकी कुटिया भी आज भी वैसी ही बनी हुई है।



## पतंजलि योग समिति ने मनाया स्थापना दिवस



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पतंजलि महिला योग समिति सिरोही की योगिनी बहिनों ने पतंजलि योग समिति का 31 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। सभी ने सामूहिक योग करते हुए स्वदेशी उत्पाद, स्वदेशी शिक्षा, चिकित्सा को अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करने का संकल्प लिया। पतंजलि महिला योग समिति की जिला प्रभारी पवन आर्य ने कहा कि सेवा साधना और संघर्ष के गौरवशाली संगठन के 30 वर्ष पूरे हुए। उन्होंने बताया कि बाबा रामदेव द्वारा लगाए गए इस योग रूपी पौधे ने अब विशाल आकार ले लिया है । उन्होंने कहा कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के आलावा अब सिरोही शहर की अन्य बस्तियों में भी जल्द ही योग कक्षाएं शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले 1 वर्ष से हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में वीर बाला काली बाई उद्यान में प्रातः हाउसिंग बोर्ड एवं उसके आसपास की कॉलोनी की महिलाएं एवं युवतियां नियमित योग सिखने आ रही हैं। इस अवसर पर मंजुला खत्री, कविता कोरजानी, शालिनी वर्मा, रानू सिंधी, सीमा, निशा, संगीता, ललिता सहित कई योगिनी बहने उपस्थित थी।

## भागवत कथा का आयोजन 9 से



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर के प्रथमेश गार्डन में श्रीमदभागवत कथा का आयोजन गुरुवार से किया जाएगा। जिसकी तैयारी को लेकर सोमवार को आयोजन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। प्रवक्ता ओंकारसिंह उदावत ने बताया कि गार्डन में सात दिवसीय भागवत कथा के सफल आयोजन की चर्चा की गई। मुख्य यजमान नरेंद्रपालसिंह ने बताया कि 15 जनवरी तक प्रथमेश गार्डन में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक ओमकार सेवा संस्थान चैरिटेबल ट्रस्ट डूंगरगढ़ के कथावाचक संतोष सागर के मुखारविंद से सात दिवसीय भागवत कथा का वाचन होगा। कलश यात्रा 9 जनवरी प्रातः 10 बजे राम झरोखा से कथा स्थल तक निकाली जाएगी। कथा पंडाल टेंट एवं बैठक व्यवस्था, प्रचार प्रसार व्यवस्था, जल व्यवस्था, प्रसाद वितरण व्यवस्था, संत निमंत्रण व्यवस्था, कलश यात्रा एवं अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं पर चर्चा कर जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में राजेंद्रसिंह राठौड़, मदनसिंह परमार, राजेंद्रसिंह नरूका, रामलाल खंडेलवाल, करणसिंह डाबी, जगदीशसिंह गुर्जर, मगनलाल माली, रताराम सुथार, वि' मसिंह यादव, महेश त्रिवेदी, नरेंद्रसिंह डाबी आदि मौजूद थे।

## क्रिकेट प्रतियोगिता में रेडवाकला विजेता

### गरासिया व भील समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** भीमाणा में गरासिया एवं भील समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रेड़वाकला विजेता तथा गउ पीपला कोटड़ा की टीम उप विजेता रही। सुखाराम चौहान, कप्तान लक्ष्मण चौहान, पटवारी जयंतीलाल, अनिल पिछ्रा, अधिवक्ता हरिभाई सहित मौजूद रहे।

## शिविर में की 325 मरीजों के आंखों की जांच



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पोसालिया।** एसबीआइ फाउडेशन एवं तारा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को अरठवाड़ा में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 325 लोगों ने आंखों की जांच कराई। इनमें 28 लोगों को मोतियाबिन्द पाया गया। शिविर में निःशुल्क दवाई और चश्मे वितरित किए। मोतियाबिन्द मरीजों का उदयपुर स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। सरपंच मुकेश राणा एवं ग्राम विकास अधिकारी प्रकाश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

# फिल्मी स्टाइल में दो घंटे पहले युवक का अपहरण, बाद में की हत्या

## बदमाशों ने घेरकर लाठी-डंडे से पीटा, शव लेने से इनकार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**शिवगंज/पोसालिया।** शिवगंज में बदमाशों ने रविवार को दलित युवक का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी। मामले में सोमवार को परिजन समेत समाज के लोग अस्पताल परिसर पहुंचे तथा वहां पर धरने पर बैठ गए और शाम तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक फोरलेन जाम करने की चेतावनी दी। डीएसपी पुष्पेंद्र वर्मा ने बताया शेखर पुत्र देवाराम कलावंत और भावेश (आरोपी) पुत्र जोगाराम प्रजापत के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शेखर कलावंत स्कूटी पर सवार होकर घर जा रहा था। शिवगंज के खाड़ियावास मोहल्ले में भावेश और उसके चार साथी तीन बाइक पर आए। सभी ने एकराय होकर शेखर का रास्ता रोक लिया और लाठी और सरिए से मारपीट शुरू कर दी। इससे वह लहूलुहान हो गया। आरोपी उसका अपहरण करके ले गए और रास्ते में हालत अधिक खराब होने पर देवली मार्ग पर सड़क किनारे फेंक दिया। इस दौरान रास्ते से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना एम्बुलेंस 108 को दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायल को शिवगंज के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।



### एक आरोपी गिरफ्तार

डीएसपी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस और युवक के परिवार वाले हॉस्पिटल पहुंच गए। इस घटना की रिपोर्ट शिवगंज पुलिस थाने में शेखर की मां रेखा ने भावेश सहित पांच लोगों के खिलाफ दर्ज करवाई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की तलाश की जा रही है। शेखर के परिजन और समाज के लोग हॉस्पिटल परिसर में धरने पर बैठे गए एवं मौके पर विधायक को बुलाने की मांग करने लगे। इसके साथ ही समाज के लोगों ने परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिलाने व दोषियों को गिरफ्तार करवाने की भी मांग की।

### विधायक के नहीं पहुंचने पर फूटा गुस्सा

परिजन और समाज के लोगों का कहना है कि वारदात के बाद पूर्व विधायक संयम लोढ़ा हॉस्पिटल परिसर पहुंच गए। घटना की जानकारी ली एवं लोगों को ढांढस बंधाया। लेकिन वर्तमान विधायक नहीं पहुंचे। लोग विधायक के नहीं आने से नाराज नजर आए एवं विधायक को मौके पर बुलाने की मांग करते रहे।

## स्वयंसेवकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन वन भ्रमण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवक डोडुआ स्थित भुवनेश्वर महादेव मंदिर गए। भ्रमण के पश्चात, शिविर में भाग ले रहे विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा पर नाटक प्रस्तुत किया। एनएसएस समन्वयक प्रदीप कुमार, एनएसएस कार्य' म अधिकारी सियाराम चौधरी, वीरेंद्रसिंह गुर्जर, डॉ. शिरीन रूही कुरेशी का सहयोग रहा।

## प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरुपगंज।** भावरी (सरूपगंज) प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का हुआ उदघाटन सोमवार को सरपंच के आतिथ्य में किया गया। ग्राम विकास अधिकारी जितेंद्रसिंह ने बताया कि प्रथम भावरी (सरूपगंज) प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का उदघाटन भावरी सरपंच मगनीदेवी के मुख्य आतिथ्य, प्रवीण बंसल उप सरपंच की अध्यक्षता एवं इन्दरसिंह देवड़ा अध्यक्ष कृषि क्रय-विक्रय सहकारी समिति सरूपगंज, मनोज अग्रवाल अध्यक्ष व्यापार मण्डल, अब्दुल हमीद कुरैशी पूर्व उपाध्यक्ष जिला क्रिकेट संघ सिरोही, अशोक अग्रवाल पूर्व लॉयन्स क्लब अध्यक्ष, डॉ. राहुल शर्मा उप स्वास्थ्य केंद्र सरूपगंज, डॉ. सचिन कुमार उप स्वास्थ्य केंद्र सरूपगंज के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का प्रथम मैच नाईट राइडर सरूपगंज बनाम रॉयल चैलेंजर्स सरूपगंज के बीच मे हुआ। जिसमें नाईट राईटर सरूपगंज विजेता रहा। दूसरा मैच सरूपगंज वॉरियर्स बनाम भावरी सुपर किंग्स के बीच खेला गया। जिसमें भावरी सुपर किंग्स विजेता रही और दिन का अंतिम मैच जो काफी रोमांचक रहा वो था सरूपगंज किंग्स बनाम फाइटर क्लब सरूपगंज के बीच खेला गया। जिसमें सरूपगंज किंग्स टीम अंतिम ओवर में मैच जीत लिया। वार्ड सदस्य मुश्ताक भाई नागौरी, फतेहसिंह राजपुत, फतेहदान चारण, अशोक कुमार मेघवाल, मोहम्मद हुसैन,ललिता अग्रवाल, मनीष गुप्ता, लक्ष्मणराम, अशोक मीणा, दिनेश कुमार कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत भावरी एवं गांव के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों की उपस्थित रहे।

# पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं : अग्रवाल

## स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** निःस्वार्थ भाव से पीड़ित मानवता की सेवा से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य कार्य हो ही नहीं सकता। चिकित्सा का पेशा ईश्वरीय वरदान है। ये विचार पिम्स अस्पताल उमरड़ा के चेयरमेन आशिष अग्रवाल अग्रसेन दिव्यांग सेवा संस्थान में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के आयोजन पर व्यक्त किए। राजकुंवर प्रकाशचन्द्र अग्रवाल वेलफेयर ट्रस्ट सिरोही के तत्वावधान में सोमवार को अग्रसेन दिव्यांग सेवा संस्थान अग्रवाल छात्रावास में पिम्स अस्पताल उमरड़ा के सहयोग से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशिष अग्रवाल, डॉ. बोनी अग्रवाल पालनपुर, कर्नल मुकुल गुप्ता, उज्ज्वल राठौड़, अग्रवाल चेरिटेबल के प्रमुख ट्रस्टी नरेन्द्र जैन, गजेन्द्र प्रमिला अग्रवाल ने अग्रसेन की पूजा अर्चना कर किया गया। इसके बाद मुख्य ट्रस्टी गजेन्द्र अग्रवाल, प्रमिला अग्रवाल, नरेन्द्र जैन, सुनिल गुप्ता एवं नरेन्द्र अग्रवाल ने अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पिम्स अस्पताल उमरड़ा के चेयरमेन अग्रवाल ने कहा कि सिरोही के हर पीड़ित की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा उनकी संस्थान अहर्निष सभी की सेवा के लिए तैयार मिलेगी।



## तीन साल से अधूरा पड़ा सार्वजनिक शौचालय, टूटने लगे पाइप



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**दांतराई।** लालपुरा के भील बस्ती में सरकारी योजना के तहत बनने वाला सार्वजनिक शौचालय निर्माण अधर में लटका हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि अनुमानित तीन वर्ष से ज्यादा का समय गुजर जाने कर बाद भी सार्वजनिक शौचालय आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। वर्तमान में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण अधर झुल में लटका होने से वहां पर झाडिया उग गई है। लेकिन, उसको शुरू करने को लेकर ग्राम पंचायत व ठेकेदार की ओर से अधूरे निर्माण को पूरा करने में कोई रूचि नही दिखा रहे हैं। वही ग्राम पंचायत की ओर से निर्माण कार्य बंद होने के बाद आज दिन तक मौका तक नहीं देखा गया।

### ठेकेदार को करेंगे पाबंद

*सार्वजनिक शौचालय अधूरा पडा है तो सम्बंधित ठेकेदार को कार्य पूरा करने के लिए पाबंद किया जाएगा।*

***दीक्षित परमार,***
***सचिव ग्राम पंचायत हरणी अमरापुरा***

# नांदणी जैन मठ को मिलेगा 'ए' श्रेणी तीर्थस्थल का दर्जा : सीएम



▶▶ सकल जैन समाज और नांदणी मठ की ओर से फडणवीस को प्रदान की गई 'प्रजागर्क' की उपाधि

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**कोल्हापुर।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की कि नांदणी स्थित स्वस्तिश्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी संस्थान मठ को शीघ्र ही 'ए' श्रेणी तीर्थस्थल का दर्जा दिया जाएगा और मठ को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। वे मठ में आयोजित पंचकल्याण प्रतिष्ठा महामस्तकाभिषेक महोत्सव समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोल्हापुर जिले में पहली बार आते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है और जैन समाज के ऐतिहासिक एवं सबसे बड़े कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अवसर मिला। नागपुर में जैन ट्रेड ऑर्गनाइजेशन कार्यक्रम में जैन समाज का एक अलग रूप देखने को मिला और आज फिर इसी समाज का विशिष्ट स्वरूप देखने को मिला। नागपुर में देश के लिए व्यापार और व्यवसाय में योगदान देने वाले लोग मिले और आज कोल्हापुर जिले में काली मिट्टी की सेवा करने वाले किसान मिले। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ, सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर, विधायक डॉ. राजेंद्र पाटिल-यडरावकर, राहुल आवाडे, अमल महाडिक, अशोक माने, शिवाजी पाटिल, पूर्व मंत्री सुरेश खाडे, पूर्व सांसद निवेदिता माने, राजू शेट्टी, पूर्व विधायक प्रकाश



आवाडे, जैन समाज के आचार्य विशुद्ध सागर महाराज, मठाधीश, 10 आचार्य महाराज और 7 मुनि महाराज उपस्थित थे।



## महाकाव्य ग्रंथ की प्रतिकृति का प्रकाशन

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री फडणवीस के हाथों वस्तुत्व महाकाव्य ग्रंथ की प्रतिकृति का प्रकाशन हुआ। सकल जैन समाज और मठ की ओर से उन्हें 'प्रजागर्क' की उपाधि प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि नांदणी मठ में एक अलग जैन शासन देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि जैन तत्व 'जियो और जीने दो' आज भी शाश्वत हैं, जबकि दुनिया में कई विचारधाराएं आईं और गईं। जैन समाज सबसे अधिक समाजसेवा करने वाला समाज है और इसने सभी क्षेत्रों में प्रगति की है।

## महाराष्ट्र में देश का पहला जैन महामंडल स्थापित

संपूर्ण जीवसृष्टि को बचाने के विचार जैन विचारधारा में मिलते हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि महाराष्ट्र में देश का पहला जैन महामंडल स्थापित किया गया है। उन्होंने महामंडल को और मजबूत बनाने का वादा किया, ताकि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने मठ द्वारा दी गई उपाधि के योग्य बने रहने का प्रयास करने का आश्वासन भी दिया।

## अलमट्टी मामले पर सरकार की नज़र

स्थानीय विधायकों की शिरोल तालुका में बाढ़ नियंत्रण के लिए ठोस उपायों की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अलमट्टी मामले पर नज़र रखे हुए है। इसके लिए एक समिति का गठन किया गया है और उसकी रिपोर्ट अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि सरकार बाढ़ की स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास कर रही है और आवश्यकता पड़ने पर सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएगी।

# अयोध्या की तर्ज पर होगा सीतामढ़ी का विकास : सांसद ठाकुर



**राकेश विश्वकर्मा/ जागरूक टाइम्स**
**मीरा भायंदर।** अयोध्या मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर ही सीतामढ़ी का चौमुखी विकास किया जाएगा यह कहना है सांसद देवेशचंद्र ठाकुर का। मैथिली समाज को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ इच्छा शक्ति से प्रभु श्री राम का मंदिर और अयोध्या कॉरिडोर साकार हुआ, उसी तरह माता सीता के प्राकट्य स्थली सीतामढ़ी में भी जनक नंदिनी माता सीता के भव्य कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 75 करोड़ रुपए की धनराशि प्रदान की है। सीतामढ़ी के पास ही पुनौरा में 50 एकड़ जमीन भी अधिग्रहित कर ली गई है। सांसद देवेशचंद्र ठाकुर मैथिल विकास प्रतिष्ठान (एमवीपी) के छठवें वार्षिक उत्सव में शामिल होने आए थे जहां उनका सम्मान किया गया। ठाकुर ने कहा कि उन्होंने सांसद निर्वाचित होने के बाद सीतामढ़ी से पटना और मिथिला के प्रवासियों के लिए मुंबई से सीतामढ़ी होते हुए रक्सौल तक ट्रेन शुरू कराने का कार्य किया। इस अवसर पर उन्हें "श्रेष्ठ मैथिल पुरस्कार २०२४ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सांसद ठाकुर ने मीरारोड में निर्माणाधीन " मैथिली भवन " के लिए 5 लाख रुपए अनुदान देने की भी सार्वजनिक घोषणा की। गोपाल सिंह सोलंकी को मैथिल समाज के प्रति उनके योगदान के लिए "मैथिल मित्र पुरस्कार 2022" से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विक्रम प्रताप सिंह ने शीघ्र ही मैथिली भवन का कार्य पूर्ण होने और इस भवन को प्रतिष्ठान को लोकार्पण करने का वचन दिया। विधायक नरेंद्र मेहता, बीजेपी के 145 विधानसभा क्षेत्र प्रमुख एड. रवि व्यास ने प्रतिष्ठान द्वारा किए जा रहे समाजोन्मुख कार्य के लिए मुक्त कंठ से सराहना की।इस अवसर पर मैथिल समाज बड़ी संख्या में परिवार सहित उपस्थित रहा जिसे देखकर आयोजकों ने कहा कि आनेवाले दिनों में हॉल की बजाय किसी बड़े मैदान में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# गोरेगांव पश्चिम में हटाए गए 14 निर्माण

**मुंबई।** स्वामी विवेकानंद (एस. वी.) मार्ग के चौड़ीकरण में बाधा बन रहे गोरेगांव पश्चिम के 14 निर्माणों को 6 जनवरी को निष्कासित कर दिया गया। मनपा की पुनर्वास नीति के तहत इन प्रभावितों को आर्थिक मुआवजा या वैकल्पिक पुनर्वास प्रदान किया गया है। इस निष्कासन अभियान से स्वामी विवेकानंद मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को गति मिलेगी। पी दक्षिण विभाग के अंतर्गत गोरेगांव पश्चिम में स्वामी विवेकानंद मार्ग का चौड़ीकरण प्रस्तावित है। हालांकि, इस स्थान पर 1960 से पहले से ही निर्माण मौजूद थे, जिसके कारण 27.45 मीटर (90 फीट) चौड़ाई वाले इस सड़क का केवल 12 मीटर हिस्सा यातायात के लिए उपलब्ध था। सड़क की संकीर्णता के कारण इस मार्ग पर सुबह और शाम को अक्सर यातायात जाम की स्थिति बनती थी। मनपा के सड़क चौड़ीकरण नीति के तहत पी दक्षिण विभाग ने इन 14 निर्माणों को पहले ही निष्कासन का नोटिस जारी किया था। 6 जनवरी को पी दक्षिण विभाग की टीम ने इन 14 निर्माणों को हटाकर लगभग 500 मीटर सड़क को यातायात के लिए खोल दिया। इन निर्माणों में आशीष इमारत, अनंत निवास, और अदानी इलेक्ट्रिसिटी का विद्युत उपकेंद्र शामिल थे।

▪ मनपा नीति के अनुसार होगा प्रभावितों का पुनर्वास

## अग्रोहा विकास ट्रस्ट मुंबई

# मालाड के 'आदित्य लान' में अग्रवाल मेला संपन्न





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**मुंबई।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट, मुम्बई की क्षेत्रीय समिति क्रमांक-5 द्वारा मालाड (वैस्ट) में स्थित आदित्य लान में अग्रवाल मेला का आयोजन अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल व महिलाध्यक्षा प्रेमलता अग्रवाल के सान्निध्य में किया गया। इस मेले में सभी प्रकार की दुकानों/स्टॉल्स की संख्या 122 थी, जिसका पूरे मुम्बई व मुम्बई के बाहर से भी पधारे हुए अग्रवाल परिवारों ने लाभ उठाया। इस अवसर पर संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम प्रकाश अग्रवाल (सीए), मुम्बई अध्यक्ष सचिन अग्रवाल, मंत्री अल्केश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रवि अग्रवाल, मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री महाराष्ट्र व वर्तमान विधायक श्रीमती विद्या ठाकुर एवं नगरसेवक दीपक ठाकुर के साथ अन्य अतिथियों में अग्रबंधु सेवा समिति मुम्बई के अध्यक्ष अमरीशचन्द अग्रवाल, ट्रस्टी कान बिहारी अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल (मन्नू सेठ), मानद् मंत्री उदेश अग्रवाल, कर्मठ सदस्य सुभाष अग्रवाल (गोकुल धाम), उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल तथा महिलाध्यक्षा सुधा अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर मेले का शुभारम्भ किया तथा अपनी उपस्थिति से आयोजन को गरिमा प्रदान की। इस आयोजन को सफल बनाने में श्रीमती अंजली प्रकाश गुप्ता, मंत्री सीमा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक जाजोदिया तथा समिति के अन्य सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने भरपूर सहयोग किया तथा उपस्थित परिवारों ने चटपटे व्यंजनों के स्टालों का भरपूर लुत्फ उठाया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मुम्बई में बसे अग्रवाल परिवारों को संगठित करना था तथा भविष्य में इसी प्रकार के वृहद आयोजन करने की योजना भी बनाई है। इस प्रकार के संगठन से मुम्बई में भव्य अग्रवाल भवन का निर्माण करने का संकल्प किया है जिससे अग्र परिवार शुभ अवसरों पर इसका लाभ उठा सकें।

# उपमुख्यमंत्री शिंदे को धमकी देने वाला गिरफ्तार

▶▶ आरोपी को परिजन बता रहे मानसिक रोगी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**ठाणे।** ठाणे के वागले एस्टेट क्षेत्र के वारली पाड़ा निवासी हितेश ढेंडे (26) ने रविवार को राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किया, जिसमें वे उन्हें गाली दे रहे थे और जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उक्त फुटेज को गंभीरता से लेते हुए, शिंदे शिव सेना गुट के शिव सैनिक परेश चालके और अन्य शिव सैनिकों ने श्रीनगर पुलिस स्टेशन में हितेश ढेंडे के खिलाफ मामला दर्ज कराया। उक्त अपराध को गंभीरता से लेते हुए श्रीनगर पुलिस ने सोमवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया। हितेश नौ कक्षा तक पढ़ा हुआ हैं। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि हितेश के परिवार से मिली जानकारी के हिसाब से वो एक मानसिक रोगी हैं और उन्हें जो भी छुट पुट काम मिल जाता है, वो कर रहे हैं। उनकी मां, पत्नी और हितेश उनके वारली पाड़ा में परिवार के साथ रहते हैं। परिवार भी उनके चिड़चिड़े स्वभाव से परेशान हैं। मां और पत्नी गृहिणी हैं। वागले सर्कल के पुलिस उपायुक्त प्रशांत कदम ने बताया कि उनकी जांच विभिन्न एजेंसियों द्वारा की जाएगी। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने ऐसी धमकी क्यों दी, इसकी जांच चल रही है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत कदम ने कहा कि श्रीनगर पुलिस ने राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इंस्टाग्राम पर धमकी देने के आरोप में 26 वर्षीय हितेश प्रकाश ढेंडे को सोमवार सुबह मुंबई से गिरफ्तार कर लिया गया।

# गौमाता को साक्ष्य मान मनाया गया केशव सृष्टि महोत्सव



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**भायंदर।** वर्ष 2025 विजयादशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यों के सौ वर्ष पूरे होंगे। 2025-26 संघ के शताब्दी पूर्ति का वर्ष रहेगा। इस वर्ष संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष की यात्रा पूर्ण करने जा रहा है जिसको लेकर केशव सृष्टि में प्रतिवर्ष होने वाली सत्यनारायण पूजा संघ शताब्दी वर्ष के रूप में केशव सृष्टि गौशाला में पांच जनवरी को महापूजा हुई जिसमें करीब आठ हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस ऐतिहासिक वर्ष को और बेहतर कैसे किया जाए इसकी चर्चा तो देशभर भर में हो रही है। लेकिन केशव सृष्टि में इस वर्ष संघ शताब्दी वर्ष,महाराष्ट्र सरकार द्वारा में गौमाता को राज्यमाता घोषित किए जाने तथा अटलजी की जन्म जयंती को 100 वर्ष पूरे होने पर मुख्य अथिति भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठक वी. सतीश के मुख्य आतिथ्य तथा एयर ट्रैफिक कंट्रोलर अशोक वर्मा की सपत्नीक यजमानी में सत्यनारायण महापूजा यादगार बन कर रह गई। महोत्सव प्रमुख डाक्टर सुशील अग्रवाल तथा महोत्सव समन्वयक अनुपम शुक्ला के निर्देशन में हुए केशव सृष्टि महोत्सव के दौरान खेल महोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए जहां पर नारियल बाग में मुख्य अथिति वी. सतीश के हाथों पुरुस्कर वितरित किए गए। इस अवसर पर महापूजा की आरती,भजन,तारपा नृत्य, विभिन्न प्रदर्शनियां, वनौषधि में नाडी परीक्षा सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए जबकि परोपकार संस्था की ओर से कढ़ी खिचड़ी के महाप्रसाद को हजारों लोगों ने ग्रहण किया। इस वर्ष महापूजा गौशाला में होने से लोगों ने गौ पूजन किया और घास खिलाया तथा गौमाताओं से आशीर्वाद लिया। प्राकृतिक वातावरण होने से लोगों ने दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों का आनंद लिया।

## श्री राजपुरोहित समाज विकास फाउंडेशन

▶▶ समाज को एकजुटता का आह्वान

# ठाणे में सौ प्रतिभाएं सम्मानित

**सुरेश पाडीव /जागरूक टाइम्स**
**ठाणे।** श्री राजपुरोहित समाज विकास फाउंडेशन, ठाणे के तत्वावधान में स्नेह मिलन समारोह व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का संस्था की ओर से सम्मान समारोह मधुरम पैलेस कासर वडवाली,घोड़बंदर,ठाणे में रविवार को आयोजित हुआ। सम्मान समारोह पुरुषों के साथ साथ हजारों मातृशक्ति की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दौरान सर्वप्रथम खेतेश्वर महाराज व आत्मानंद महाराज की तस्वीर को माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंम किया। स्नेह मिलन समारोह मे बालक बालिकाओं की ओर से राजस्थानी गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। सम्मेलन में पधारे अतिथियों के हाथों 100 प्रतिभाओं को मेडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष सीए बाबू सिंह बासनी मनणा ने अपने उद्बोधन में समाज में संस्कार के साथ शिक्षा एवं ठाणे शहर में राजपुरोहित समाज के संगठन को विस्तार देने पर बल दिया। समाजसेवी बाबू सिंह पराखियां, प्रताप जैतपुरा, खेत सिंह मवड़ी, राजू सिंह पिलोवणी एवं राजेश पिलोवणी ने अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में मुंबई के समाज बंधु भवर सिंह मादा, घनश्याम बसंत, हुकमसिंह खींचन, सोहन सिंह गुडा, अर्जुन सिंह तिवरी, कान सिंह तिवरी, मोति सिंह बिट्टू व प्रमोदजी जसवंतपुरा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।







## व्यापार में आगे बढ़ रहा हमारा समाज : बाबू सिंह राजपुरोहित

▪ संस्था के अध्यक्ष सीए बाबूसिंह राजपुरोहित ने कहा कि आज हमारे महाराष्ट्र की धरती पर बिराजमान राजपुरोहित समाज के लोग व्यापार में आगे बढ़ रहे है, यह हमारे लिए बड़ी खुशी की बात है और समाज में बालक-बालिकाएं शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ रहे है। यह समाज के लिए गौरव की बात है। बाबू सिंह ने बताया कि हमारी संस्था सम्मेलन के साथ-साथ शिक्षा की ओर भी विशेष ध्यान दे रही है, जिसमे श्री राजपुरोहित समाज विकास फाउंडेशन व राजपुरोहित सेवा न्यास यह दोनों संस्थान शिक्षा को बढ़ावा दे रही है और हमारे संत शिरोमणि शिक्षा सारथी श्री आत्मानंद महाराज का सपना साकार हो रहा है। आत्मानंद महाराज ने हमारे समाज मे शिक्षा की ज्योति जलाई थी जो आज भी अनवरत जारी है।



## शिक्षा को बढ़ावा दें प्रतिभावान छात्र

कार्यक्रम में खेतसिंह मवड़ी, डा.महेश पुरोहित,प्रतापराज जेतपुरा ने कहा कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, प्रतिभावान बालिकाओं को आगे आने की बात कही। स्नेह मिलन समारोह में पुनाड़िया निवासी खुशबू राजपुरोहित ने कहा कि पुरुषों व मातृशक्ति सम्मेलन के साथ-साथ प्रतिभा सम्मान समारोह अपने आप मे एक श्रेष्ठ समारोह है क्योंकि समाज की शिक्षा व संस्कार मे मातृशक्ति का बड़ा सहयोग रहता है। इस कार्यक्रम में ठाणे राजपुरोहित समाज की ओर से एक विशेष देखने को मिला जिसमे छोटे बड़े का भेदभाव को दूर कर सभी को आदर सम्मान देते हुए सभी को एक समान सम्मान दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का संस्थान की ओर से दुप्पटा पहनाकर सत्कार किया। स्नेह मिलन समारोह मे हजारों स्वजातीय बंधु मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन ध्वनि पुरोहित ने किया।

## शिक्षा के लिए कार्य कर रहीं हमारी संस्थाएं

▪ इसी कड़ी में बाबूसिंह राजगुरु ने कहा कि हमारी समाज की कई संस्थाएं है, जो समाज में शिक्षा के लिए कार्य कर रही है जो सराहनीय व भागीरथी प्रयास है। राजगुरु ने कहा कि जब राजपुरोहित सम्मेलन आयोजित होते है जिसमे पूरा राजस्थान उमड़ पड़ता है जिससे लगता है कि हमारा मारवाड़ समाज उमड़ पड़ा हो तब हमें ख़ुशी होती है कि मेरा अपना समाज हर क्षेत्र में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि जयपुर मे बालक बालिकाओं के शिक्षा हेतु एक शानदार हॉस्टल का निर्माण किया है जो आने वाले भविष्य का निर्माण होगा ओर हमें विश्वास है कि उस शिक्षा के मंदिर से सैकड़ों छात्र-छात्राएं सरकारी अधिकारी बनकर उभरेंगे जो हमारे राजपुरोहित समाज के लिए गर्व की बात होंगी। राजू सिंह राजपुरोहित ने आभार प्रकट करते हुए सम्मानित छात्र छात्राओं को बधाई दी व अतिथियों का भी आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने समय निकालकर स्नेह मिलन समारोह को सफल बनाया।




# सैकड़ों छात्रों और स्कूल स्टॉफ ने कराया दांत व आंखों की जांच




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**अंधेरी।** रोटरी क्लब ऑफ मुंबई नार्थ एन्ड के तत्वावधान में मेगा मेडिकल प्रोजेक्ट अंतर्गत प्रेसिडेंट रोटेरियन अरुण कुमार खेतान के नेतृत्व में अंधेरी के कमला देवी जैन स्कूल तथा जूनियर कॉलेज के कुल 938 छात्र-छात्राओं व 60 स्टॉफ के सदस्यों की आंखों और दांत की मुफ्त जांच की गई।
रोटेरियन अरुण खेतान ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि दांतों की जांच डॉ. पंकज माहेश्वरी के मार्गदर्शन में डी वाई पाटिल डेंटल कॉलेज के निष्णांत डॉक्टरों की टीम ने की। प्रेसिडेंट अरुण जी के अनुसार मुम्बई में अनेक कैम्प में जांच के बाद अक्सर पीड़ित को सलाह दे दी जाती है कि अमुक जगह जाकर वह अपनी चिकित्सा कराये जिसका भारी-भरकम खर्च जरूरतमंद वहन नहीं कर पाते हैं , परंतु रोटरी क्लब आर्फ मुम्बई नार्थ एन्ड को यह बताते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि जांच के बाद जिन विद्यार्थियों को चिकित्सा की आवश्यकता होगी वह खर्च हमारा ये क्लब वहन करेगा। मेगा मेडिकल कैम्प के आयोजन और इसे सफल बनाने में प्रेसिडेंट अरुण कुमार खेतान, सेक्रेटरी राजू डालमिया, प्रोजेक्ट चेयरमैन फर्स्ट लेडी संगीता खेतान , दिनेश गुप्ता, रमेश कुरुप, सी बी अग्रवाल, शिवशंकर अग्रवाल, निषिश मोबर, सुभाष तुलसियान, विद्या अग्रवाल, ममता अग्रवाल , पद्मजा कुरूप, उर्मिला खन्ना, कृष्णा पारेख तथा मंजू जैन के साथ- साथ स्कूल के प्रिंसिपल सुनील व्यवहारे , आशा जोशी तथा स्नेहा मैडम का विशेष सहयोग उल्लेखनीय है।

# ठाणे में तेल रिसाव से गिरे बाइक सवार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**ठाणे।** ठाणे के नौपाड़ा गोखले रोड पर सोमवार सुबह एक घटना घटी, जहां अज्ञात वाहन से सड़क पर गिरे तेल के कारण पांच बाइक सवार गिर गए. स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक सवारों को मामूली चोट आई और गाड़िया क्षतिग्रस्त हुई। ठाणे के विभिन्न राजमार्गों पर तेल रिसाव की घटनाओं में दिन-ब-दिन वृद्धि हो रही है। पिछले साल 2024 में ठाणे में विभिन्न स्थानों पर तेल फैलने की 214 घटनाएं हुईं। ठाणे आपदा प्रबंधन विभाग ने बताया कि मामूली चोटें आईं और कोई हताहत नहीं हुआ। नौपाड़ा के गोखले रोड पर सुबह एक अज्ञात वाहन ने तेल गिरा दिया।


## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

**हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025**

# हस्तशिल्प निर्माताओं के लिए नए अवसरों का सृजन, स्थानीय वॉल्यूम खरीददारों और मौके पर खुदरा बिक्री की संभावना

**नई दिल्ली/जोधपुर।** सोमवार को एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच) को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025 का प्रथम संस्करण 23 से 26 जनवरी, 2025 तक जोधपुर के ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर (टीएफसी), बोरानाडा में आयोजित किया जाएगा। यह अनोखा आयोजन जोधपुर सहित देश के अन्य हिस्सों के निर्माताओं के उत्पादों का प्रदर्शन करेगा, जिससे भारतीय हस्तशिल्प विरासत का उत्सव मनाने के साथ-साथ व्यापार के नए अवसर भी उत्पन्न होंगे। यह मेला प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सांय 8 बजे तक खुला रहेगा। यह एक बी2सी और बी2बी आयोजन होगा, जो मौके पर बिक्री को प्रोत्साहित करेगा और घरेलू वॉल्यूम खरीददारों को नए अवसर प्रदान करेगा। मेले में खुदरा खरीदारों के साथ-साथ होटल मालिकों, वास्तुकारों, डिजाइनरों, ई-टेलर्स और अन्य कई प्रमुख हस्तियों के आगमन की भी संभावना है। चार दिवसीय इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ विविध प्रकार के व्यंजन और खाद्य सामग्री भी उपलब्ध होंगी। अपनी कला, शिल्पकला, विरासत और पाककला के लिए प्रसिद्ध जोधपुर अब कलात्मक फर्नीचर और जातीय/पारंपरिक हस्तशिल्प का भी एक बड़ा केंद्र है और कलात्मक लकड़ी के फर्नीचर, जीवन शैली के सामान, सजावट, उपहार, धातु के सामान, लकड़ी के सामान आदि के अपने व्यापक-स्पेक्ट्रम रचनात्मक उत्पादों के साथ दुनिया के लगभग सभी देशों को निर्यात कर रहा है, जिससे यह आगंतुकों का पसंदीदा गंतव्य बन गया है। इस अवसर पर ईपीसीएच के अध्यक्ष दिलीप बैद ने कहा, हस्तशिल्प एक्सपो (आर्टिफैक्ट्स), जोधपुर-2025 भारतीय हस्तशिल्पों को बढ़ावा देने के ईपीसीएच के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। जोधपुर अपनी अद्वितीय विरासत और बढ़ते आर्थिक अवसरों के कारण इस तरह की परिवर्तनकारी पहल के लिए एक आदर्श मेजबान है। ईपीसीएच के महानिदेशक व प्रमुख सलाहकार डॉ. राकेश कुमार ने कहा, चार दिवसीय यह आयोजन कारीगरों, निर्माताओं और आगंतुकों को सार्थक संवाद का एक मजबूत मंच प्रदान करेगा। बी2बी और बी2सी अवसरों को संयोजित करके यह एक्सपो प्रदर्शकों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने, अपने नेटवर्क को मजबूत करने और नए विपणन मार्ग तलाशने का अवसर देगा। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष नीरज खन्ना ने कहा, यह एक्सपो हस्तशिल्प क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने और विकास को प्रोत्साहित करने के लिए ईपीसीएच की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। परंपरा और आधुनिक बाजार के अवसरों को जोड़कर कारीगरों को आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जाएगा। ईपीसीएच के दूसरे उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता ने कहा, इस मेले का सांस्कृतिक महत्व भी है। यह केवल एक प्रदर्शनी नहीं है, बल्कि जोधपुर के कारीगरों की लगन और कलात्मकता का उत्सव है। यह आयोजन जोधपुर के हस्तशिल्प पारिस्थितिकी तंत्र और इसकी प्रतिष्ठा पर दीर्घकालिक प्रभाव डालेगा। ईपीसीएच की प्रबंधन समिति के सदस्य श्री हंसराज बाहेती ने कहा, यह मेला निर्माताओं के लिए पहचान प्राप्त करने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने का एक अद्भुत अवसर प्रदान करता है। साथ ही यह जोधपुर की अनोखी हस्तशिल्प परंपराओं की मांग को पुनर्जीवित करेगा और भविष्य की पीढ़ियों की रुचि को संरक्षित करने में मदद करेगा। ईपीसीएच के प्रमुख सदस्य निर्यातक श्री निर्मल भंडारी ने कहा, आर्टिफैक्ट्स 2025 में उपभोक्ताओं की भागीदारी से आगंतुकों को उच्च गुणवत्ता वाले हस्तनिर्मित उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। साथ ही प्रदर्शकों को उपभोक्ताओं की मांग को सीधे समझने और पूरा करने का अवसर मिलेगा। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा ने इस पहल के व्यापक उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा, ईपीसीएच में हम हस्तशिल्प क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हैं।

# गुरु गोविंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**कुचामन सिटी।** मकराना में सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह की 359वीं जयंती शहर के बाइपास रोड स्थित गुरद्वारा में सोमवार को प्रकाशोत्सव के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सुबह गुरूवाणी, सुखमणि साहब के पाठ व शब्द-कीर्तन किए गए।



इसके पश्चात सामूहिक अरदास की गई। लोगों ने गुरद्वारा में पहुंचकर अरदास की। गुरद्वारा के सेवादार बाबा ईशर सिंह ने गुरू गोविन्द सिंह की जीवनी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमेशा सत्य के मार्ग पर चलें और प्राणी मात्र के प्रति दया व करूणा का भाव रखें। ओर गलत का विरोध जरूर करना चाहिए। बाबा ईशर सिंह ने गुरू गोविन्द सिंह के पांच प्रेरणादायक वचनों के बारे में बताते हुए कहा कि किसी को दिया वचन हर हाल में निभाना चाहिए। परनिंदा व चुगली से हमेशा बचें और ईर्ष्या भाव नहीं रखकर अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करें। उन्होंने गुरूबानी को कंठस्थ करने और अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान में देने के लिए प्रेरित किया। सेवादार बाबा रणजीत सिंह ने कहा कि हर इंसान आधुनिक जीवन में काफी व्यस्त है परंतु उसे ईश्वर की वंदना व अरदास के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए। सच्चाई पर चलते हुए अधिक से अधिक परोपकार व अच्छे काम करने का प्रयास करें। इस दौरान सिक्ख समुदाय के अलावा शहर के विभिन्न धर्म समुदाय के लोगों ने भी गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था टेका एवं अरदास की। इस दौरान गुरुद्वारा में लंगर की भी व्यवस्था की गई जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद पाया। गुरुद्वारा में आए श्रद्धालुओं ने ही अपने हाथों से लंगर हेतु भोजन प्रसाद बनाया एवं व्यवस्थाएं संभाली।

# कब्रिस्तान में रोपे 21 फूलदार पौधे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** गोडवाड़ सिलावट विकास सेवा समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शिवगंज कब्रिस्तान में 21 फूलदार पौधों का रोपण किया गया। जिसमें जामा मस्जिद शिवगंज के इमाम मौलाना शफी, मौलाना रमजान खां, जामा मस्जिद शिवगंज के हाफिज निसार अहमद खां, समिति उपाध्यक्ष इम्तियाज सिलावट, रज्जाक बेलिम, सचिव रिजवान सिलावट सुमेरपुर, कोषाध्यक्ष आरिफ खान, विधि सलाहकार एडवोकेट यासीन सिलावट सुमेरपुर, मीडिया प्रभारी साबिर सिलावट सांडेराव, संगठन मंत्री अकील सिलावट, व्यवस्थापक रुस्तम खान, महासचिव निसार खान, समीर बेलिम, कब्रिस्तान कमेटी के सदर हुसैनभाई छीपा, दरगाह कमेटी के नायब सदर सरफराज खान, पूर्व सदर उमर खान, समिति सदस्य रिजवान सिलावट शिवगंज मौजूद रहे।

# क्षत्रिय सरगरा महासभा पदाधिकारियों का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** क्षत्रिय सरगरा महासभा के प्रदेश संरक्षक हंसाराम मारू नाडोल, मांगीलाल सोलंकी खरोकड़ा, प्रदेश युवा खेलकूद प्रकोष्ठ अध्यक्ष सोहनलाल गौरी बुसी व प्रदेश संयोजक सुरेश देवड़ा नीपल का सरगरा समाज के पंचों व सरगरा समाज विकास समिति जवाली की ओर से राजा बली मंदिर प्रांगण में स्वागत अभिनंदन किया गया। सरगरा समाज विकास समिति पांच चौताला मंदिर जवाली के अध्यक्ष मदनलाल परमार पादरली की अध्यक्षता में मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष का स्वैच्छा से इस्तीफा मंजूर किया गया। पूर्व अध्यक्ष मांगीलाल सोलंकी खरोकड़ा ने अपने कार्यकाल का संपूर्ण हिसाब किताब, केस बुक, ऑडिट रिपोर्ट समिति को सौंपी। आगामी बैठक में पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल विंगरला और वर्तमान अध्यक्ष मदनलाल पारदली अपने कार्यकाल का हिसाब किताब प्रस्तुत करेंगे। आगामी 29 जनवरी को होने वाली बैठक में अध्यक्ष के चुनाव सहित नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# वन एवं पर्यावरण मंत्री ने जनसुनवाई कर परिवेदनाओं के निस्तारण के दिए निर्देश



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को अपने निवास 201,रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवेदना के निस्तारण की सूचना फरियादियों को दी जाए। यदि परिवेदना का निराकरण उनके स्तर पर संभव नहीं है तो उसकी पूरी जानकारी फरियादी को दी जाए। परिवेदनाओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। जनसुनवाई में स्थानांतरण से संबंधित अधिकांश परिवेदनाएं आमजन द्वारा प्रस्तुत की गई।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के छठे दिन की गई समझाईश एवं प्रवर्तन कार्रवाई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि परिवहन एवं सडक विभाग द्वारा 'अलवर परवाह' की थीम पर 31 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के छठे दिन आज परिवहन विभाग के द्वारा यातायात नियमों की जानकारी व प्रवर्तन संबंधित कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि विभाग के उडन दस्ते द्वारा ततारपुर चौराहे एवं बहरोड क्षेत्रा में सडक सुरक्षा संबंधी पोस्टर लगाकर आमजन को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों की पालना हेतु समझाईश की गई। उडन दस्ते द्वारा आमजन को लर्निंग लाइसेंस एवं स्थाई लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया व सड़क सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा एवं गुड सेमेरिटन नियमों की जानकारी दी तथा 150 से अधिक पम्पलेट वितरित किए गए। साथ ही ट्रैफिक पुलिस एवं परिवहन उडन दस्तों द्वारा विभिन्न श्रेणी के 75 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई तथा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत 13 बिना सीटबेल्ट, 54 बिना हेलमेट वाहन संचालन, 6 तीन सवारी से अधिक होने, 16 बिना वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र संचालित वाहन, 10 निर्धारित गति से अधिक वाहन चलाने, 2 बिना पंजीयन के वाहन संचालन, 24 नो पार्किंग, 9 वाहन की बॉडी अवांछनीय परिवर्तन करने, 1 बिना लाइसेंस, 1 ओवर हाइट एवं 6 रिफ्लेक्टर टेप से संबंधित चालान किए गए।

# 'झील का कीमती पानी हो रहा है वेस्ट'



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** राजसमंद स्थित एशिया की दूसरे मीठे पानी की कृत्रिम झील राजसमंद में इस वर्ष मानसून मेहरबान हुआ और झील में पानी की जोरदार आवक हुई। उसके बाद समय आने पर नियमानुसार प्रशासन ने बैठक कर खेती के लिए नेहरो में पानी छोड़ा। लेकिन, कुछ किसानों की मनमानी के चलते यह कीमती पानी लगातार बर्बाद होने की सूचनाए आ रही है। वही पानी के वेस्टेज को लेकर झील प्रेमियों ने चिंता व्यक्त की है। ताजा मामला कांकरोली के मोही रोड का है जहां रात भर से नेहरों का पानी फैलते फैलते आसपास के प्लाटों में भर गया। यही नहीं इससे कई जगह कच्ची सड़क तक टूट गई है और गड्डे बन गए हैं। ऐसे हालात देखकर स्थानीय झील प्रेमी हरीश कुमावत ने सिंचाई विभाग को शिकायत दी और व्यर्थ बहता पानी को रोकने की मांग की। सूचना के बाद सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता मुरलीधर रेगर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लेने के बाद माइनर नहर को तुरंत बंद करवाया। वही आसपास के खेत मालिकों को भी पाबंद किया और आगे से पानी का अपव्यय रोकने के लिए हिदायत दी।

# स्कूटर बरामद, चोरी का आरोपी गिरफ्तार, कई वारदातों का हुआ खुलासा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** पुलिस ने मौकमपुरा गांव में स्कूटर चुराने के आरोपी को गिरफ्तार कर स्कूटर बरामद कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने चोरी की कई वारदातें भी कबूल की है।



पुलिस के अनुसार माता का थान-रानी निवासी आरोपी करणसिंह पुत्र जब्बरसिंह को स्कूटर चोरी के मामले में पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर चुराया गया स्कूटर भी बरामद कर लिया गया। इस दौरान पूछताछ में उसने दादाई गांव में मामाजी मंदिर से 5 हजार नकदी व टंकोरियां चुराने, वीरमपुरा माताजी गांव में किशोर देवासी के घर से नकदी व सोने की अंगुठी चुराना स्वीकार किया है। वारदातों को लेकर पुलिस ने टीम का गठन किया है जिसमें हैडकांस्टेबल मातादीन, कांस्टेबल प्रवीणकुमार, अचलाराम व दिनेशकुमार को शामिल किया गया है।

# सीएमएचओ के नेतृत्व की निजी लेब की जांच, नियमों के विरूद्ध संचालित छह लैब करवाई बंद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**राजसमंद।** सीएमएचओ डॉ हेमन्त बिन्दल के नेतृत्व में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने जिला चिकित्सालय के नजदीक संचालित लेब्स का औचक निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित कार्मिकों से आवश्यक दस्तावेज को लेकर पूरे दिन गहन पड़ताल की। जिसमें नियम विरूद्ध संचालन पर 6 लेब्स का मौका पर्चा बना मौके पर ही बंद करवाया गया। सीएमएचओ डॉ बिन्दल ने बताया कि सम्पूर्ण जिले में लैब संचालनकर्ताओं को समय-समय पर क्लिनिकल एस्टेबलिसमेंट एक्ट में रजिस्ट्रेशन एवं मानको के अनुसार संचालन के लिये सूचित किया गया तथा लैब संचालको के साथ बैठक करके भी एक्ट की जानकारी देकर मानकों के पालन के लिए आमुखीकरण किया गया। उसके बाद भी आमजन की शिकायतों के मध्येनजर औचक निरीक्षण कर कार्यवाही की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिती में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डिप्टी सीएमएचओ परिवार कल्याण डॉ. नरेन्द्र यादव, बीसीएमओ डॉ राजकुमार खोलिया, पीसीपीएनडी कॉर्डिनेटर रामस्वरूप सेन, क्लिनिक एस्टेबलिसमेंट प्रभारी कैलाशचन्द्र जाट की उपस्थिति में श्रीनाथ लेब, एसडी लेब, शिवम लेब, एसडी लेब एण्ड सोनोग्राफी, शिवम लेब रिको एरिया, श्रीजी बायोक्राइन लेबोरेट्री के संचालन में अनियमितता मिलने एवं आवश्यक दस्तावेजो की कमी पर तत्काल प्रभाव से बंद करवाया गया। उन्होंने बताया निरीक्षण के दौरान रजिस्ट्रेशन नही मिलना, रजिस्ट्रेशन का रिन्यूअल नही होना, पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड का सर्टीफिकेट नही होना, निर्धारित योग्यताधारी मानव संसाधन का नही मिलना, नियमानुसार बायोमेडिकल सर्टिफिकेट एवं समुचित निस्तारण का अभाव पाया गया।

# शिव महापुराण कथा महोत्सव 31 जनवरी से 6 फरवरी तक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री लावरेश्वर महादेव प्रभु की असीम अनुकम्पा में शिव महापुराण कथा का आध्यात्मिक आयोजन श्री लावरेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की ओर से मंदिर के(तेतीसवें) वार्षिकोत्सव-बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 31 जनवरी 2025 से 6 फरवरी 2025 तक किया जा रहा है। विश्व विख्यात श्रदैय बाल व्यास श्रीकान्त जी शर्मा कथामृत का रसपान करायेंगे पुण्यभूमि श्री झुंझुनूं धाम में सात दिन तक अपूर्व रसमयी शिव महापुराण कथा होगी। जिसमें भक्तिज्ञान, वैराग्य की त्रिवेणी में अवगाहन होगा। कथा स्थल श्री लावरेश्वर महादेव मन्दिर के सामने, चोथमल गोयनका नोहरा, झुंझुनूं मैं आयोजित कथा में शिव महिमा एवं शिव प्राकट्य महोत्सव शनिवार 01 फरवरी, शिव पार्वती विवाह रविवार 02 फरवरी, गणेश जन्मोत्सव सोमवार 03 फरवरी, श्री हनुमान जन्मोत्सव मंगलवार 04 फरवरी, शिव लीला एवं शिव चरित्र बुधवार 05 फरवरी, द्वादश ज्योतिर्लिंग महा रुद्राभिषेक कथा गुरुवार 06 फरवरी, श्री रानीसती दादी जी का मंगलपाठ शुक्रवार 07 फरवरी को मंगलपाठ वाचक रवि तुलस्यान द्वारा किया जाएगा। रविवार, 02 फरवरी 2025 (बसंत पंवमी को भण्डारा (महाप्रसाद) का आयोजन एवं लावरेश्वर महादेव प्रभु का रुद्राभिषेक होगा।

## आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि एक पट्टाशुदा मकान जिसका पट्टा क्रमांक 596/87 बनाप 820 वर्ग फीट नगरपालिका पिण्डवाडा तहसील पिण्डवाडा जिला सिरोही (राज.) में आया हुआ हैं 7 जो कि दिनांक 19/11/1987 को नगरपालिका पिण्डवाडा द्वारा श्री नजीर अहमद पुत्र इब्राहीम के पक्ष में जारी किया गया है। श्री नजीर अहमद पुत्र इब्राहीम की मृत्यु के पश्चात श्री आसिफ, श्री मोहम्मद खलील पुत्र श्री नजीर अहमद व मुमताज बेन पुत्री श्री नजीर अहमद द्वारा उक्त सम्पति में अपना हक को अपनी माता श्रीमती सुल्ताना बानू पत्नी श्री नजीर अहमद के पक्ष में त्याग किया हैं। अब यदि उक्त सम्पति पर श्रीमती सुल्ताना बानू पत्नी श्री नजीर अहमद के स्वामित्व कब्जे उपरोक्त के विधिक वारिसान व उत्तराधिकारीबाबत किसी भी व्यक्ति, बैंक व वित्तीय संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर भीतर मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षर्कर्ता के नीचे लिखे पते पर संपर्क करे अन्यथा बाद गुजरने म्याद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचित रहे।

डिम्पल शर्मा (एडवोकेट)
53 पूनम कोलोनी, आबूरोड सिरोही
मो. 9782923939

# गंदे पानी की निकासी को नालियों का अभाव, सड़क पर कीचड़युक्त पानी जमा होने से लोग परेशान, अधिकारी नहीं ले सुध

***सड़क के सामने विद्यालय होने से विद्यार्थियों को आवागमन मे हो रही भारी परेशानी***

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** मौकाजी मंदिर के पास व आगे रास्ते में कीचड़युक्त गंदा पानी जमा होने से आवाजाही में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आमजन के साथ कीचड़ भरे रास्ते के सामने विद्यालय होने से विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया, लेकिन समस्या जस की तस ही बनी हुई है। नालियों का पानी घरों के आगे जमा होने से हर किसी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नालियों के पानी की निकासी नहीं होने से यह समस्या और गंभीर हो गई है। लेकिन पालिका प्रशासन न नाली निर्माण में रूची दिखा रहा है एवं ना ही साफ सफाई में। सड़क पर पानी जमा होने से मच्छरों की भरमार होने लगी है। बदबू और भी समस्या बढ़ा रही है। ऐसे में बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार पालिका प्रशासन को नालियों का निर्माण व पानी निकासी करवा कर समस्या का समाधान कर सभी को राहत पहुंचानी चाहिए। सड़क के नीचे पाइप लाइन डाली गई है, किंतु नालियों के पानी की अभी तक निकासी नहीं हो रही है।



# खेल प्रतियोगिताओं से बनता है सौहार्द का वातावरण : देवासी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलर के खेल मैदान पर सोमवार को मां जलेरी क्रिकेट क्लब कोलर के तत्वावधान में दूसरी तीन दिवसीय मां जलेरी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ समाजसेवी वगताराम देवासी के मुख्य अतिथि व पूर्व वार्डपंच जगदीश शर्मा के विशिष्ट अतिथि में किया गया। देवासी ने कहा ने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं से गांवों में आपसी सौहार्द का वातावरण तो बनता ही हैं। वहीं शारीरिक व मानसिक विकास भी होता हैं। इसलिए हर युवा को शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल खेलना चाहिए। अरावली क्षेत्रिय विकास समिति कोलर नगर अध्यक्ष कैलाश पंवार व मां जलेरी क्रिकेट क्लब अध्यक्ष ओमप्रकाश कोलरिया ने बताया कि मैच में 11 टीमें भाग ले रही हैं। उदघाटन मैच कोलर व लाम्पी के बीच खेला गया। जिसमें कोलर की टीम ने जीत दर्ज की। संजयकुमार, थानाराम देवासी, गोविंद सुथार, जामाराम, गोविंद माली, भंवरलाल कोलरिया आदि मौजूद थे।

# पृष्ठ 1 का शेष....पीएम बोले....

2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था। आज हम रेल लाइनों के शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन के करीब हैं। बीते 10 वर्षों में 30 हजार किमी. से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इन्फ्रास्ट्र• र में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब का काम पूरा हुआ है। भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। पहला, रेलवे के इन्फ्रास्ट्र• र का मॉर्डनाइजेशन, दूसरा रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, तीसरा रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और चौथा रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सपोर्ट। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के मेडकल-मलकाजगिरी जिले में चेरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया। करीब 413 करोड़ रुपए की लागत से नया कोचिंग टर्मिनल तैयार किया गया है।

## सुविचार

आत्मविश्वास अगर कमजोर है तो उसे बढ़ाये बग़ैर इसके आप नहीं जीत पाओगे।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### कर्तव्य पथ पर रतन

स्व. रतन टाटा भारत के वास्तविक रतन थे। उनका जाना देश के लिए वास्तविक क्षति है। इस साल गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड के दौरान झारखंड अपनी झांकी में दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देगा। देश के पहले इस्पात शहर जमशेदपुर के सूत्रधारों में से एक दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को राज्य की ओर से श्रद्धांजलि दी जाएगी। झारखंड उन 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में शामिल होगा जो 26 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में गणतंत्र दिवस समारोह में अपनी झांकियां प्रदर्शित करेंगे। झारखंड सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक राज्य ने अपनी समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक विविधता और विकासात्मक प्रगति को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने के लिए काफी तैयारियां की गई हैं। इस वर्ष झारखंड की झांकी में राज्य के औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा को राज्य की श्रद्धांजलि प्रदर्शित की जाएगी, साथ ही राज्य की जीवंत संस्कृति, पारंपरिक नृत्य और शिक्षा के माध्यम से महिलाओं के बढ़ते सशक्तिकरण पर भी प्रकाश डाला जाएगा। चयन प्रक्रिया के दौरान झांकी के डिजाइन की रचनात्मकता और प्रासंगिकता की सराहना की गई है। पिछले वर्षों में झारखंड की झांकी राज्य की पहचान के अन्य पहलुओं पर केंद्रित रही थी। पिछले साल झांकी में राज्य के प्रसिद्ध टसर सिल्क का प्रदर्शन किया गया था, जबकि 2023 की झांकी में देवघर के प्रसिद्ध बाबा बैद्यनाथ मंदिर को दर्शाया गया था। बयान में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रस्ताव आमंत्रित किए थे, जिसमें गणतंत्र दिवस परेड के लिए अंतिम 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस प्रक्रिया के दौरान झारखंड की झांकी के डिजाइन को व्यापक सराहना मिली। बयान के मुताबिक चयनित राज्यों को 19 जनवरी 2025 तक अपनी झांकियां पूरी करनी हैं, तथा 23 जनवरी को पूर्ण पूर्वाभ्यास निर्धारित है। दिवंगत रतन टाटा का योगदान झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण माना जाता है, जो एक पिछड़ा क्षेत्र था और 2000 में एक राज्य बना। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी नुसरवानजी टाटा के नाम पर झारखंड के इस शहर का नाम जमशेदपुर रखा गया। यह दिवंगत रतन टाटा की दूरदृष्टि थी जिसने जमशेदपुर के विकास को गति दी और इसे वैश्विक मानचित्र पर ला खड़ा किया। उन्होंने पहली बार 1963 में जमशेदपुर का दौरा किया था, ताकि यह देख सकें कि टाटा स्टील, कैसे काम करती है। इसके बाद उन्होंने 1965 में अपने प्रशिक्षण कौशल को निखारने के लिए शहर का दौरा किया।

### बच्चों और डाटा की निगरानी से

# कितना रुकेगा सोशल मीडिया का दुरुपयोग?



नौशाबा परवीन

केंद्र सरकार ने 3 जनवरी 2025 को डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन (डीपीडीपी) एक्ट, 2023 के ड्राफ्ट नियम जारी किए, जिन पर 18 फरवरी 2025 तक सुझाव मांगे गए हैं। सुझावों व आपत्तियों पर गौर करने और अगर आवश्यकता हुई तो सुझावों के अनुसार संशोधन करने के बाद नियमों को लागू किया जाएगा। नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सरकार एक डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड का गठन करेगी, जो पूरी तरह से डिजिटल नियामक निकाय के रूप में काम करेगा। अगर बिना संशोधन के ड्राफ्ट नियम वैसे ही लागू किए जाते हैं जैसा कि जारी किए गये हैं तो सोशल मीडिया पर अकाउंट बनाने के लिए बच्चों को अपने माता पिता से मंजूरी लेनी पड़ेगी यानी बच्चे अपनी मर्ज़ी से सोशल अकाउंट नहीं बना सकेंगे। डीपीडीपी एक्ट में बच्चा उस व्यक्ति को बताया गया है, जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो। गौरतलब है कि ऑस्ट्रेलिया ने बच्चों को सोशल मीडिया के कुप्रभावों से सुरक्षित रखने के लिए उनके द्वारा अकाउंट बनाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है, जबकि भारत ने 'सत्यापन योग्य मंजूरी' का विकल्प खुला रखा है। ऑस्ट्रेलिया पहला ऐसा देश है, जहां बच्चों के सोशल मीडिया इस्तेमाल करने पर पाबंदी है। अगर इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म्स टिकटोक, फेसबुक, स्नेपचैट, रेडिट, एक्स और इंस्टाग्राम छोटे बच्चों को अकाउंट बनाने से रोकने में असफल होंगे तो उन पर 33 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लग सकता है।

- इमेज




इस संदर्भ में भारत के आईटी सचिव एस कृष्णन का कहना है, "ये वो चीज़ें हैं जिनके बारे में हर समाज को अपने तौरपर निर्णय लेने होते हैं। इसलिए यह सामाजिक बात है कि आप (बच्चों को) सोशल मीडिया पर जाने से पूरी तरह से रोकेंगे या नहीं। भारत के संदर्भ में, बहुत अधिक शिक्षा ऑनलाइन मिलती है। इसलिए अगर आप पूर्ण प्रतिबंध लगा देंगे तो क्या यह सही तरीका होगा? यह विस्तृत सामाजिक बहस है।" ड्राफ्ट नियमों का एक अन्य महत्वपूर्ण पहलू यह है कि क़ानूनी संरक्षण के तहत बच्चों और दिव्यांग व्यक्तियों के व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा के लिए सख्त उपायों पर बल दिया गया है। ड्राफ्ट के मुताबिक डाटा फिडयूशरीज़ (वह संस्थाएं जो व्यक्तिगत डाटा को संभालने की ज़िम्मेदारी लेती हैं और एक्ट के तहत जिनमें ई-कॉमर्स, सोशल मीडिया व गेमिंग प्लेटफॉर्म्स को शामिल किया गया है) को नाबालिगों का डाटा संसाधित करने से पहले बच्चों के माता पिता से अनुमति हासिल करनी होगी। अनुमति की पुष्टि के लिए डाटा फिडयूशरीज़ को सरकारी पहचान पत्र या डिजिटल पहचान टोकन (जैसे डिजिटल लाकर से जुड़े टोकन) का उपयोग करना होगा। प्लेटफॉर्म्स डाटा को अनुमति अवधि तक ही अपने पास रख सकते हैं। मसलन, अगर अनुमति छह माह के लिए दी गई है, तो इस अवधि के समाप्त होने पर डाटा को डिलीट करना होगा। वैसे शैक्षिक संस्थाओं और बाल कल्याण संगठनों को इन नियमों के कुछ प्रावधानों से छूट प्रदान की गई है। बच्चों के डाटा पर विशेष ध्यान देने के अतिरिक्त ड्राफ्ट नियमों में उपभोक्ताओं के अधिकारों को भी मज़बूत करने का प्रयास किया गया है। उपभोक्ता को यह अधिकार होगा कि वह अपने डाटा को हटवा सके और कंपनियों से इस पारदर्शिता की मांग कर सके कि उसका डाटा क्यों और कैसे एकत्र किया जा रहा है। उपभोक्ता के पास यह हक भी होगा कि डाटा संग्रह की प्रक्रियाओं को चुनौती दे सके और डाटा उपयोग के लिए स्पष्टीकरण की मांग कर सके। डाटा उल्लंघन की स्थिति में 250 करोड़ रुपए तक का जुर्माना प्रस्तावित है। ज़ाहिर है कि इस नियम के लागू होने पर डाटा फिडयूशरीज़ की जिम्मेदारियां निर्धारित हो जायेंगी और उपभोक्ताओं के डाटा संबंधी अधिकार भी काफी हद तक सुरक्षित रह सकेंगे। ड्राफ्ट नियमों में डिजिटल बिचौलियों के लिए भी दिशा-निर्देश हैं। बिचौलियों में ई-कॉमर्स, ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स और सोशल मीडिया को शामिल किया गया है, जो उपयोगकर्ताओं के बीच ऑनलाइन बातचीत को प्राथमिकता देते हैं, जिसमें सूचना का आदान-प्रदान, प्रसार और संशोधन शामिल है। इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि इन नियमों का पालन करने के लिए सरकार एक डाटा प्रोटेक्शन बोर्ड का गठन करेगी, जो पूर्णतः डिजिटल नियामक निकाय के रूप में काम करेगा। यह बोर्ड दूरस्थ सुनवायी करेगा, उल्लंघनों की जांच करेगा, सज़ा निर्धारित व लागू करेगा और सहमति प्रबंधकों को पंजीकृत करेगा। सहमति प्रबंधकों को बोर्ड के साथ पंजीकरण करना होगा। बहरहाल, अक्सर यह देखने में आता है कि बच्चे अपनी गलत जन्म तिथि देते हैं और खुद को वयस्क के तौरपर पेश करते हैं। पूर्णिया, बिहार के 17-वर्षीय आयुष जायसवाल (जिसे अब गिरफ्तार कर लिया गया है) ने 'नासिर पठान' की फर्ज़ी आईडी बनाकर ही 'कुंभ को बम से उड़ाने' की धमकी दी थी। ड्राफ्ट नियमों में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है जिससे बच्चों को रोका जा सके कि वह अपने बारे में गलत सूचनाएं प्रदान करके सोशल मीडिया पर आईडी न बना सकें। अंतिम ड्राफ्ट में इस कमी को दूर करने की आवश्यकता है। ड्राफ्ट नियमों के तहत यह कोशिश की गई है कि 'व्यक्तिगत डाटा' के कुछ निश्चित वर्ग भारत से बाहर ट्रांसफर न हो सकें। इस प्रकार के ट्रांसफर पर प्रतिबंध लगाया गया है। डाटा फिडयूशरीज से कहा गया है कि वह सुनिश्चित करें कि जिस व्यक्तिगत डाटा को केंद्र सरकार ने निर्दिष्ट किया हो वह भारत की भूमि के बाहर ट्रांसफर न किया जाए। टॉप सोशल मीडिया व इंटरनेट कंपनियों जैसे मेटा, गूगल, एप्पल, अमेज़न व फ्लिपकार्ट के लिए यह पाबंदियां परेशानियों का कारण हो सकती हैं, इसलिए अनुमान यह है कि वह अपनी फाइलिंग व टिप्पणी में इन प्रावधानों पर आपत्ति व्यक्त कर सकती हैं।

## पंचांग

7 जनवरी 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - शिशिर
- माह - पौष
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - अष्टमी 16.28 तक
- वार - मंगलवार
- नक्षत्र - रेवती 17.51 तक
- योग - शिव 23.16 तक
- करण - बालव 27.28 तक
- सूर्योदय - 07.15 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.14 (मुंबई)
- सूर्योदय - 07.27 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.06 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मीन 17.51 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.22 से 13.06
- राहु काल - 15.30 से 16.53
- व्रत, त्यौहार - पंचक 17.51 तक, दुर्गाष्टमी, शाकंभरीदेवी नवरात्रारंभ, मंगल अश्विनी अमृतसिद्धियोग 17.51 से सूर्योदय (प्रवेशे वर्ज्य), रवियोग 17.51 प्रारंभ
- दिशा शूल - उत्तर

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### इनको न करें परेशान, क्रोधित हो सकते कर्मफलदाता

शनि देव को न्याय का देवता कहा जाता है। शनिवार का दिन शनि देव को समर्पित होता है। ऐसी मान्यता है कि शनिवार के दिन शनि देव की विधि विधान से पूजा करने पर शुभ फल की प्राप्ति होती है। शनि देव के नाराज होने पर व्यक्ति कई तरह की परेशानियों से घिर जाता है। यही वजह है कि अमूमन लोग ऐसे प्रयास करते हैं कि शनि देव क्रोध होने की बजाय उनके ऊपर अपनी कृपा बनाएं रखें, लेकिन कई बार जाने अनजाने में व्यक्ति से ऐसे कार्य हो जाते हैं जिसे शनिदेव नाराज हो जाते हैं। जैसा कि शनिदेव को न्याय का देवता कहा जाता है ऐसे में किसी भी पीड़ित को परेशान करना सहित ऐसे कई कार्य हैं जिससे शनि देव क्रोधित हो जाते हैं और इससे व्यक्ति को बड़ा नुकसान झेलना पड़ता है।

**इन लोगों को सताना पड़ा सकता भारी**

दुर्बल, कमजोर, महिला और नौकर को सताने वाले लोगों पर शनि देव क्रोधित होते हैं। ऐसे लोगों को न्याय के देवता शनि देव दंड देते हैं। ऐसे कमजोर लोगों को कभी सताना नहीं चाहिए बल्कि इनकी मदद करना चाहिए। इनका सहारा बनने वाले लोगों पर शनिदेव की विशेष कृपा बनी रहती है।

**छल कपट से भी नाराज रहते शनि देव**

दूसरों के साथ छल-कपट और धोखाधड़ी करने वालों पर भी शनि देव की बुरी दृष्टि होती है। ऐसा करने वालों को शनि देव छोड़ते नहीं है और उनके कर्मों की सजा तुरंत देते हैं।

**दूसरों की बुराई करने वालों पर क्रोधित रहते है शनि देव**

इसके अलावा पीठ पीछे दूसरों की बुराई करने वाले और झूठ बोलने वालों लोगों पर भी शनि देव नाराज रहते हैं। ऐसे लोग चाहकर भी उन्नति नहीं कर पाते हैं। शनि देव ऐसे लोगों को उनके काम के अनुसार दंड देते हैं। ऐसे लोग आर्थिक नुकसान और परिवारिक कलह से परेशान रहते हैं।

**पशु-पक्षियों को न करें परेशान**

पशु-पक्षियों को परेशान करने वालों पर भी शनि देव क्रोधित होते हैं। पशु पक्षियों पर अत्याचार करने वालों को शनि देव कभी माफ नहीं करते हैं। ऐसे लोग इसी जीवन में शनि देव की बुरी दृष्टि के शिकार बने रहते हैं।

## तारीख विशेष

### रीना रॉय

रीना रॉय हिंदी फ़िल्मों की एक अभिनेत्री हैं। उन्होंने 1972 से 1985 तक कई फिल्मों में प्रमुख भूमिकाएं निभाई हैं और उस युग की एक प्रमुख अभिनेत्री थीं। वह अपने समय की सबसे अधिक कमाई वाली अभिनेत्री में से एक थीं। 7 जनवरी, 1957 को जन्मी अभिनेत्री को हिंदी सिनेमा में उनके योगदान के लिए शर्मिला टैगोर के साथ 1998 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। वह सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री के लिए फिल्मफेयर पुरस्कार की प्राप्तकर्ता हैं, जो उन्हें फिल्म अपनापन (1977) में उनके प्रदर्शन के लिए दिया गया था। उन्हें नागिन (1976) और आशा (1980) के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री पुरस्कार के लिए नामांकन मिला था। उनकी दो बहनें बरखा एवं अंजू और एक भाई राजा है। 1983 में, अपनी प्रसिद्धि की ऊंचाई पर, रीना रॉय ने पाकिस्तानी क्रिकेट खिलाड़ी मोहसिन खान से शादी करने के लिए फिल्म उद्योग छोड़ने का फैसला किया। बाद में दोनों ने तलाक ले लिया। रीना ने शुरू में तलाक में अपनी बेटी सनम की कस्टडी खो दी थी। उनके पूर्व पति के पुनर्विवाह करने के बाद, रीना को उनकी बेटी की कस्टडी मिल गई। फिल्मों में रीना रॉय के करियर की शुरुआत नई दुनिया नए लोग से एक और नवागंतुक डैनी डेन्जोंगपा के साथ हुई। लेकिन इस फिल्म को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। दोनों अभिनेताओं को फिर से जरूरत (1972) में एक और नवागंतुक विजय अरोड़ा के साथ लिया गया। इस अवधि के दौरान उनको जैसे को तैसा (1973) से पहचान मिली। 1976 वह वर्ष था जिसने रीना को नागिन और कालीचरण (1976) के साथ प्रमुख सफलता दिलाई। सुभाष घई, असफल अभिनेता, अपने निर्देशन की शुरुआत कर रहे थे, और शत्रुघ्न सिन्हा, वह अभिनेता जो अपनी खलनायक भूमिकाओं के लिए जाने जाते थे, नायक के रूप में अपनी पहली पहचान बना रहे थे।



### सुर्खियों में 'मुंज्या'

# एक बेचैन 'कुंवारा' भूत...!!

एन.के.अरोड़ा

इस साल 7 जून 2024 को थियेटर्स में रिलीज हुई फिल्म 'मुंज्या' का एक बेचैन 'कुंवारा' भूत इन दिनों सुर्खियों में है। इसलिए क्योंकि हॉरर फिल्मों के गंभीर विचारक इसे 'आनंददायक कहर बरपाने वाला' यानी एक ऐसे महाराष्ट्रियन भूत के रूप में श्रेणीबद्ध किया है, जो ठंडी दहशत की हद तक मसखरेपन से ओतप्रोत है। दरअसल फिल्म मुंज्या की कहानी महाराष्ट्र में कोंकण क्षेत्र की एक दंतकथा पर आधारित है। जिस पर बनी यह हॉरर कमेडी फिल्म इसलिए इस साल सबका ध्यान खींचने में कामयाबी रही, क्योंकि माना जाता है कि 25 करोड़ से भी कम लागत में बनी (वैसे इसकी लागत का रिपोर्टेड दावा 30 करोड़ रुपए है) इस फिल्म ने पहले ही हफ्ते में करीब 37 करोड़ रुपए कमा लिए और दूसरे हफ्ते में भी इसकी कमाई में बहुत मामूली गिरावट आई।

- इमेज

14 दिन में नेट 71 करोड़ रुपए की कमाई करने वाली यह फिल्म जब पर्दे से उतरी, तब तक यह 130 करोड़ रुपए की नेट कमाई कर चुकी थी और साल 2024 की 8वीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी थी, बावजूद इसके इस फिल्म में न तो स्टार कास्ट थी और न ही फिल्म में ऐसे एक्टर्स थे, जिनकी फैन फालोइंग करोड़ों में हो। अभय वर्मा, मोना सिंह और सरवरी वाघ जैसे आम कलाकारों की इस फिल्म ने 300 करोड़ वाली अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां, छोटे मियां' और 200 करोड़ की रिपोर्टेड बजट वाली अजय देवगन की 'मैदान' को मैदान से बाहर कर दिया। यही नहीं कार्तिक आर्यन की 'चंदू चौंपियन' से भी यह काफी आगे निकल गई, जबकि चंदू चौंपियन का भी बजट 100 से 120 करोड़ रुपए का था। लेकिन मुंज्या इस कमाई के कारण सिनेमा से गंभीर सरोकार रखने वालों की नजर में नहीं आई। वास्तव में उसके इन दिनों चर्चा में होने का कारण इस फिल्म का मुंज्या यानी भूत का किरदार है, जो बॉलीवुड के अब तक के भूतियां किरदारों में सबसे अलग, ऊर्जा से भरा, नई किस्म की धीमी दहशत भरने वाला और घृणा की बजाय एक खौफनाक तरस पैदा करने वाला है। बॉलीवुड में हमेशा से भूतिया फिल्मों के अपने दर्शक रहे हैं, यही वजह है कि पिछली सदी के 50 के दशक से ही रह रहकर भूतिया फिल्में कामयाब भी होती रही हैं और उनकी मांग भी होती रही है। यही वजह है कि पिछले 100 सालों में हिंदी फिल्मों ने कई तरह के भूतों को जन्म दिया है, जो भयवाह, दहशत से भर देने वाले और ऐसी डरावनी गतिविधियों को अंजाम देने वाले होते हैं, जिनको देखकर ही दहशत से जान निकल जाती है। लेकिन मुंज्या इन सबसे अलग है। मुंज्या एक खास किस्म का महाराष्ट्रियन भूत है। दरअसल मुंज्या महाराष्ट्र के कोंकण क्षेत्र का दंतकथाओं का भूत है। जब आप गोवा से मुंबई की तरफ बढ़ेंगे तो कोंकण इलाके का हर इंसान आपको मुंज्या, हडल और देवचर की ऐसी ऐसी कहानियां सुनाएगा, जिसे उन्होंने अपनी दादी या नानी से सुना होता है। सदियों से ये कहानियां दादियों और नानियों की बदौलत ही अगली पीढ़ी तक पहुंचती रही हैं। मुंज्या फिल्म 'तुंबाड़' कहानी पर बनी है, यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें गांवों में शाम होते ही कहा जाता है, बाहर मत निकलना वर्ना मुंज्या आ जायेगा। लेकिन बात सिर्फ इस अर्धकिशोर, अर्धनौजवान भूत मुंज्या की नहीं है, यह एक ऐसे कल्ट बन चुके भूत की है, जो हंसाता भी है और दिल में गहरे घुसकर खौफनाक ढंग से डराता भी है। वास्तव में जब कोई ब्राह्मण लड़का मुंज यानी उपनयन संस्कार के बाद 10 दिनों के भीतर मर जाता है तो वह ब्रह्मराक्षस बन जाता है, इसी ब्रह्मराक्षस को मुंज्या भी कहते हैं। ये मुंज्या दूसरे लोगों को परेशान करने की बजाय अपने रिश्तेदारों को ज्यादा परेशान करता है। कहते हैं 1992 में कोंकण में रहने वाले एक ऐसे ही बच्चे की उपनयन संस्कार होने के 10 दिनों के भीतर मौत हो गई थी। जब उसकी मौत हुई थी, उसके पहले वह बच्चा अपने से काफी ज्यादा उम्र की एक लड़की मुन्नी से शादी करने की अपने परिवार वालों से जिद किया करता था। जैसे छोटे बच्चे हर जगह अपनी बुआओं या गांव की दूसरी बड़ी लड़कियों आदि से आकर्षित होकर उनसे शादी की बचकानी जिद किया करते हैं। लेकिन आमतौर पर ये बातें अंजान बचपने की होती हैं, इसलिए जैसे ही बच्चे बड़े होते हैं, ये सब बातें रात के सपने की तरह भूल जाते हैं। लेकिन यहां मामला वैसा नहीं है। यहां यह लड़का बड़ी शिद्दत से अपने से बहुत बड़ी उम्र की लड़की मुन्नी से न सिर्फ शादी करने की जिद करता है बल्कि इसके लिए जितने भी उपाय वह कर सकता है,वह भी करता है। चूंकि इसका लालन पालन जिस घर में होता है, वहां के लोग ऊपरी शक्तियों पर भरोसा करते हैं और उस घर में इन काली शक्तियों को जागृत भी किया जाता है। यह भी जाने अंजाने इन सब बातों को जानता है, इसलिए वह मुन्नी (सरवरी वाघ) से शादी करने के लिए अपनी बहन बेला की बलि चढ़ाने की कोशिश करता है, लेकिन वह इसमें सफल नहीं होता बल्कि खुद उसकी मौत हो जाती है। आदित्य सरपोतदार की इस हॉरर सुपर नेचुरल कमेडी फिल्म मुंज्या में यहीं से एक ऐसे कॉमेडी भूत की इंट्री होती है, जो सिने प्रेमियों को न केवल डराता है बल्कि गुदगुदाता भी है, वास्तव में यह कैरेक्टर यहीं से सिनेमा के गहरे जानकारों को भी चौंकाता है, क्योंकि मुंज्या की मौत के बाद जब उसे जंगल में दफना दिया जाता है, तो उसकी आत्मा एक खतरनाक भूत के रूप में उभरती है। जिलेटिन के आकार का यह मुंज्या, बिट्टू (अभय वर्मा) को डरा धमकाकर मुन्नी को ढूंढ़ने के लिए कहता है; क्योंकि वह अब भी बेला की बलि चढ़ाकर उसके साथ शादी करना चाहता है। ऐसे में इस मुंज्या का जो खौफभरा आकर्षण दर्शकों को मोह लेता है, वह है इसका खास महाराष्ट्रियन लहजा, जिस कारण यह स्वाभाव से ही चिड़चिड़ा है। मुंज्या बनावट में जिलेटिन का है, वह रूप भी परिवर्तित कर लेता है और लोगों की जान भी ले लेता है। यह काफी अश्लील भी है और इसकी एक खासियत यह भी है कि यह बेहतरीन मराठी में घनघोर गाली गलौज करने से भी बस एक पल ही दूर रह जाता है। इसमें कुटिलता और उपद्रव का बड़ा सधा हुआ मिश्रण बचपन से ही होता है। बचपन में भी यह एक ऐसा खतरनाक बच्चा था, जिसको देखक बड़े बड़े बच्चे पैदा करने से डर जाए। इसलिए जब काले जादू की छेड़छाड़ से उसकी मौत हो जाती है तो कहीं न कहीं उसके मां-बाप भी राहत महसूस करते हैं, क्योंकि वह उन्हें भी सताने लगा था।



## गीता सार

**ये मे मतमिदं नित्यमनुतिष्ठन्ति मानवाः ।**
**श्रद्धावन्तोऽनसूयन्तो मुच्यन्ते तेऽति कर्मभिः ॥**

**भावार्थ :**

जो मनुष्य मेरे इन आदेशों का ईर्ष्या-रहित होकर, श्रद्धा-पूर्वक अपना कर्तव्य समझ कर नियमित रूप से पालन करते हैं, वे सभी कर्मफ़लों के बंधन से मुक्त हो जाते हैं।

## बोले तो...



"पिछला दशक भारतीय रेलवे के प्रत्यक्ष परिवर्तन का दशक रहा है। जो बदलाव लाए गए हैं - उन्होंने देश की छवि बदल दी है और देशवासियों को आत्मविश्वास दिया है।

- नरेंद्र मोदी



टीम में सुपरस्टार कल्चर बन गया है। हमें सुपरस्टार नहीं चाहिए। अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी चाहिए। टीम में अच्छे परफॉर्मर होंगे तो ही टीम आगे बढ़ेगी। जो भी सुपरस्टार बनना चाहता है, वह घर में रहकर वहीं क्रिकेट खेले।

-हरभजन सिंह



ओवैसी का बयान उचित नहीं है। वह प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ सकते हैं, जो उन्होंने चादर के साथ भेजा है। प्रधानमंत्री ने संदेश लिखा है, जिसमें सभी धर्मों के लोगों से सद्भावना के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया गया है।

- नसीरुद्दीन चिश्ती

## कुछ अलग | अजब गजब

# बेटी की सगाई को ऐतिहासिक बनाने की विशेष तैयारी, दशकों तक रहेगा याद

राजकोट के जाने-माने व्यवसायी और परोपकारी मौलेशभाई उकानी ने अपनी बेटी की सगाई को यादगार बनाने के लिए एक खास योजना बनाई है। उनकी बेटी की सगाई 11 जनवरी को होनी है। इस खास मौके के लिए उन्होंने 12.5 एकड़ के क्षेत्र में 'वृंदावन धाम' की स्थापना की है, जो ईश्वरीय द्वारकाधीश फार्म, कालवाड रोड पर स्थित है।

**हर मेहमान के नाम पर पेड़-**

सगाई में आने वाले प्रत्येक मेहमान के नाम पर एक पेड़ लगाया जाएगा। करीब 5000 मेहमान इस आयोजन में शामिल होंगे और प्रत्येक मेहमान के नाम का एक पेड़ लगाया जाएगा। पेड़ों पर मेहमानों के नाम लिखे जाएंगे और उनकी देखभाल का पूरा ख्याल रखा जाएगा। हर तीन महीने में पेड़ों की वृद्धि की रिकॉर्डिंग की जाएगी और इसकी जानकारी संबंधित मेहमानों को भेजी जाएगी।



**नाथद्वारा से आएगी धजा-**

मौलेशभाई, जो बैन लैब के प्रबंध निदेशक और उमियाधाम सिदसर के अध्यक्ष हैं, ने लोकल 18 से बातचीत में बताया, "राजकोट के नाथद्वारा से 7-9 जनवरी के बीच धजा लाई जाएगी, जिसे वृंदावन धाम में आरोहित किया जाएगा। यह धजा हर किसी के लिए आकर्षण का केंद्र होगी।"

**पर्यावरण बचाने का अनूठा संदेश**

मौलेशभाई ने बताया कि पेड़ लगाना सिर्फ एक रिवाज नहीं है, बल्कि पर्यावरण बचाने की दिशा में एक छोटी सी कोशिश है। उन्होंने कहा, "जीवन में अच्छे और बुरे पल आते रहते हैं। यदि हम हर खास मौके पर एक पेड़ लगाएं, तो पर्यावरण को बचाने में मदद मिलेगी। यदि गुजरात का हर व्यक्ति ऐसा सोच ले, तो सालभर में 25 करोड़ पेड़ लगाए जा सकते हैं। अगले पांच साल में यह संख्या 125 करोड़ तक पहुंच सकती है, और गुजरात स्वर्ग बन सकता है।"

**जागरुकता का संदेश-** मौलेशभाई उकानी ने समाज और पर्यावरण के उत्थान की दिशा में यह पहल की है। उनकी यह सोच न केवल उनकी बेटी की सगाई को यादगार बनाएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम भी है।

**समाजसेवा का आदर्श उदाहरण-** मौलेशभाई ने अपनी बेटी की सगाई के जरिए पर्यावरण संरक्षण और समाज को जागरूक करने का जो प्रयास किया है, वह सचमुच सराहनीय है।

## पाठक पाती

### पंजाब में रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल ने बढ़ाई मुश्किलें

पंजाब में तीन दिन के लिए पीआरटीसी और पनबस के सभी कर्मचारी हड़ताल पर उतरे हैं। पंजाब में आवागमन के लिए लोगों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन के लिए राज्य का मुख्य जरिया रोडवेज की बसें हैं। आंदोलनकारियों ने कर्मचारियों को परमानेंट करने की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के बस चालक और परिचालक हड़ताल पर उतर चुके हैं। यह राज्य सरकार के लिए परेशानी खड़ी करने और राज्य में अव्यवस्था को लेकर काफी चिंता जताई जा रही है। आठ जनवरी तक हड़ताल पर उतरे कर्मचारियों को सरकारी कर्मचारियों ने समर्थन दिया है। कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन करने की मंशा जता रहे हैं। कई दिनों से मांग को लेकर कर्मचारियों ने राज्य सरकार को अल्टीमेटम भी दिया गया था। लेकिन राज्य सरकार ने इन कर्मचारियों की मांगों को नजरअंदाज किया। हड़ताल से अव्यवस्था खड़ी हुई है।

-कांतिलाल मांडोत सूरत

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# राक्षसी प्रवृत्ति का अन्त भगवान अवश्य करते हैं : रमाकांत महाराज गोस्वामी



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में सुप्रसिद्ध बाबा श्री रामदेव मन्दिर प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा वाचक महाराज रमाकांत महाराज गोस्वामी ने कहा कि सृष्टि में जितनी भी राक्षसी प्रवृत्ति उभरती हैं तो भगवान उनका अन्त अवश्य करते हैं। सोमवार को कथा वाचक रमाकांत महाराज गोस्वामी ने बताया कि किस तरह श्री कृष्ण ने किस तरह भस्मासुर, बकासुर, कालिया नाग आदि दैत्य शक्तियों का विनाश किया। साथ ही श्री कृष्ण द्वारा माता यशोदा को अपना विवाह करने हेतु निवेदन किया और सभी श्रोता मैया करवा दो मेरो ब्याह भजन पर खूब झूमे। चीर हरण का प्रसंग भी भाव से सुनाया। आज की कथा में गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के मंत्री इन्दु कुमार गोस्वामी, रामवतार बैरसरिया, नन्द किशोर मित्तल, मांगे राम जांगिड़, डॉक्टर मनीराम शर्मा, भंवर सिंह राठौड़, पवन शर्मा पुजारी बाबूलाल स्वामी, सुशील कुमार, कोमल शर्मा, भगवती, माया, गायत्री, पूजा, संतोष गोस्वामी, शकुंतला यादव आदि बड़ी संख्या में श्रोता सम्मिलित हुए। महाराज जी ने भगवान को प्रसन्न करने हेतु भोग, राग, श्रृंगार कर प्रसन्न किया जा सकता है। सभी श्रोतागणों को एकजुट होकर भारतीय सभ्यता और संस्कृति को समझने, बचाने और बढ़ाने एवं प्रसारित करने हेतु प्रेरित किया और जहां तक सम्भव हो सुबह जल्दी उठ कर प्रभात फेरी लगाने का प्रयत्न करना चाहिए। जो किसी कारणवश प्रभात फेरी में ना जा सके तो घर पर ही भोर के भजन सुन सकते हैं।

## जैन साध्वियों का पदार्पण, श्रद्धालुओं ने की अगवानी

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ की बेटी तथा आचार्य महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या साध्वी शुभ प्रभा आदि का यहां पहुंचने पर श्रावक समाज एवं श्रद्धालुओं ने अगवानी कर भावभीना स्वागत किया। नगरपालिका चैयरमैन रहे स्वर्गीय पृथ्वीराज मुसरफ की संसार पक्षीय पुत्री एवं तेरापंथ धर्म संघ की साध्वी शुभ प्रभा तथा मुसरफ़ की संसार पक्षीय नातिन तारानगर की साध्वी कांति यशा सहयोगी साध्वी अनन्य प्रभा और साध्वी मंदार यशा के साथ पदयात्रा करते हुए सोमवार को प्रात: राजगढ़ पहुंची है। राजगढ़ की जसकरण सुराणा हवेली पदार्पण पर उनका आध्यात्म भाव के साथ अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अपने संदेश में साध्वी शुभ प्रभा ने कहा की साधु संत सामग्र समाज की धरोहर होते हैं फिर भी जन्म भूमि के प्रति एक लगाव रहता ही है। उन्होंने पदयात्रा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे साधु साध्वियां ग्रामीण क्षेत्रों का स्पर्श करते कर सकते हैं। उस दौरान हर वर्ग तथा व्यक्ति को अध्यात्म संदेश देते हुए धर्म जागरण का लक्ष्य पूरा करते हैं। तेरापंथ महिला मंडल की सदस्याओं संजू सुराणा, सुमन मुसरफ, बैंगलोर प्रवासी मनोहर गोयल सहित अशोक सरावगी, कमल शर्मा, पीयूष सुराणा, प्रमोद छोटू सरावगी, नथमल हीरावत आदि श्रावक-श्राविकाएं इस मौके पर उपस्थित थे।

# आइस हॉकी पुरुष टीम चयन स्पर्धा आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान एवं आइस हॉकी अजमेर के संयुक्त तत्वाधान में टाइल्स ग्राउंड पर ऑफ आइस पर राजस्थान आइस हॉकी पुरुष टीम की चयन स्पर्धा आयोजित की गई। भारतीय खेल प्राधिकरण कोच नंदकुमार शर्मा को मुख्य चयनकर्ता के रूप में आमंत्रित किया गया एवं राजस्थान राज्य कीड़ा परिषद के पर्यवेक्षक के रूप में शंकर लाल बुनकर एथलीट प्रशिक्षक को भी नियुक्त किया गया चयन स्पर्धा में 20 पुरुष आइस हॉकी खिलाडियों का चयन किया गया जो की खेलो इंडिया विंटर स्पोर्ट्स में राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं विंटर राष्ट्रीय खेल में भी राज्य टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जानकारी भारतीय खेल परिषद प्राधिकरण कोच नंदकुमार शर्मा ने देते हुए बताया कि प्रशिक्षण शिविर हेतु कल यह राजस्थान आइस हॉकी पुरुष टीम शिमला के लिए रवाना होगी वहां पर 20 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण शिविर लगेगा। उसके बाद यह राज्य टीम खेलो इंडिया विंटर खेल एवं विंटर राष्ट्रीय खेल में भाग लेगी, मेरा भी इस खेल से पहली बार मैंने चयन स्पर्धा में मुख्य चयन करता के रूप में मुझे हिस्सा लेने का मौका मिला यह काफी महंगा खेल है और विश्व का सबसे तेज गति से खेलने वाला खेल है। टीम में गोलकीपर को मिलकर 6 खिलाड़ी होते हैं जो की फील्ड में उपस्थित रहते हैं। ग्राउंड की लंबाई 200 फीट लंबाई एवं 85 फीट चौड़ाई होती है गोल पोस्ट 4 फीट ऊंचा एवं 6 फीट चौड़ा होता है एवं इस खेल में गोलकीपर सबसे महत्वपूर्ण होता है उसको प्लेइंग गेम में कोई भी खिलाड़ी टच नहीं कर सकता अगर उसे टच करता है तो वह इंफ्रिंजमेंट होता है फाउल, आइस हॉकी में गेंद को पक कहते हैं एवं फेस मास्क एवं हेलमेट पहनना अति आवश्यक एवं अनिवार्य है।

# जयकारों के बीच मनाया कैवायमाता एवं खेतलाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सायला।** निकटवर्ती ओटवाला स्थित दहिया वंश की कुलदेवी कैवायमाता एवं खेतलाजी महाराज मंदिर में सोमवार को दहिया अमरसिंह परिवार द्वारा धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। वार्षिकोत्सव को लेकर सवेरे से ही समाजबंधुओं का सजधज कर मंदिर परिसर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। वार्षिक ध्वजा के लाभार्थी पन्नेसिंह पुत्र सवसिंह दहिया एवं मांगसिंह पुत्र समेलसिंह दहिया परिवार अपने निवास स्थान से ढोल ढमाकों के साथ झूमते हुए ध्वजा लेकर मन्दिर पहुंचे। जहां पं हंजारीमल त्रिवेदी एवं पं कन्हैयालाल त्रिवेदी द्वारा विधिवत पूजन करवाया गया। इसके बाद शुभ मुहूर्त में मंदिर शिखर पर वार्षिक ध्वजा चढ़ाई गई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर कैवायमाता एवं खेतलाजी महाराज के जयकारों से गुंजायमान हो गया। तत्पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ एवं बाल भोग चढ़ाया गया। इस मौके धर्मसभा एवं प्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# जिला कलक्टर का किया अभिनंदन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांचौर।** गरडाली में पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, राव मोहनसिंह एवं हिन्दूसिंह की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला कलक्टर शक्तिसिंह राठौड़ का विभिन्न संगठनों द्वारा अभिनंदन किया गया। कर्य' म में हरिश पुरोहित, हुकमाराम, हरीसिंह राव, सदराम विश्नोई, महेन्द्र वैष्णव, महेन्द्रसिंह झाब, लादूसिंह, देवराज चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मोर्चा के जिलाध्यक्ष ईशराराम विश्नोई ने कहा कि जिला कलक्टर के एक वर्ष के कार्यकाल में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जब भी किसान मोर्चा के पदाधिकारी उनसे मिले, समस्याओं के समाधान के साथ जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठकों में भी मोर्चा के प्रतिनिधियों को सम्मिलित कर किसानों की कई समस्याओं का निस्तारण किया गया।

# जिले के 10 एथलिटों ने 6 स्वर्ण पदक सहित 21 पदक जीते



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजस्थान विश्वविद्यालय एथलेटिक ट्रैक जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय मास्टर्स एथलेटिक चौंपियनशिप में चूरु जिले के 10 एथलिटों ने भाग लेकर 6 स्वर्ण पदक सहित कुल 21 पदक जीते। प्रतियोगिता में 75 प्लस आयु वर्ग में हरफूल सिंह भांभू ने 5000 मीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक, 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक व 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, 70 प्लस आयु वर्ग रूगाराम माजू ने 5000 मीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक, 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक व 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक, 65 प्लस आयु वर्ग में सांवतराम ईशराण ने 5000 मीटर पैदल चाल में रजत पदक व 1500 मीटर दौड़ में रजत पदक, विजय नेहरा ने हैमर थ्रो में रजत पदक व जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक, लियाकत अली ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक, जैवलिन थ्रो में कांस्य पदक व हैमर थ्रो में रजत पदक, सुमेर सिंह बीका ने 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, 60 प्लस आयु वर्ग में ईश्वर सिंह लांबा ने 5000 मीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक, प्रताप सिंह ढाका ने लंबीकूद में स्वर्ण पदक, 5000 मीटर पैदल चाल, गोला फेंक व 100 मीटर दौड़ में रजत पदक, 45 प्लस आयु वर्ग में ओम प्रकाश सिंह ने 400 मीटर दौड़ में रजत पदक, 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक, 35 प्लस आयु वर्ग में अनिल कुमार ने 5000 मीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीतकर आदि ने जिले का नाम रोशन किया।

# राजा परीक्षित ने सब कुछ त्याग नारायण सेवा की : कन्हैयालाल महाराज



**चूरू।** जिला मनोरंजन क्लब में भोलेनाथ कला मंच द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन मुख्य कथावाचक श्री कन्हैयालाल जी महाराज ने राजा परीक्षित के जीवन का वृतांत बहुत ही शानदार तरीके से सुनाया। राजा परीक्षित ने अपने प्रजा के कल्याण हेतु अपना सब कुछ त्याग कर दिया और गरीब को नारायण मानकर सेवा की जिसका फल आने वाली पीढ़ी को प्राप्त हुआ। कन्हैयालाल जी महाराज ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में गरीब व्यक्ति को नारायण मानकर उनकी सेवा करनी चाहिए और अपने द्वारा कमाए गए धन का एक हिस्सा गरीबों की सेवा में लगाना चाहिए क्योंकि शास्त्रों में कहा गया है कि धर्म की जड़ हमेशा हरि रहती है। कथा स्थल पर भक्तिमय गानों पर महिलाओं ने नृत्य किया। इस अवसर पर भोलेनाथ कला मंच के हरिश शर्मा,प्रमोद प्रजापत, विनोद राठी, गजानंद गौड़, पुरुषोत्तम शर्मा, सुभाष प्रजापत, हिमांशु सेन, मुकेश अग्रवाल, पुनीत शर्मा, मनीष जांगिड़ ,राहुल सेन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद बच्चों को गर्म वस्त्र वितरित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान की ओर से मदरसा सैयदना तौकीरूल उलूम में सर्दी के मौसम को देखते हुए बच्चों को गर्म जैकेट वितरित किए गए। संस्थान के जिलाध्यक्ष संजय खान घांघू ने बताया कि सर्दी के महिने में पड़ रही सर्दी को देखते हुए संस्थान ने जरूरतमंद बच्चों को गर्म जैकेट वितरित करने का नेक कार्य किया है। इस अवसर पर निजामुदीन खान, मकसूद खान, इंतजार मजूका, मोहम्मद अजीज व जब्बार खान आदि मौजूद रहे।

# गुरु गोबिन्द सिंह महाराज की जयंती मनाई




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** भाजपा किसान मोर्चा जिला के कार्यकर्ताओ ने राजगढ़ में सिखों के दशम गुरु खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिन्द सिंह महाराज की जयंती पुष्प अर्पित कर मनाई एवं भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने सीकर सम्भाग की जगह वापिस बीकानेर को संभाग रखने पर मिठाई बांटकर व पटाखे बजाकर खुशी मनाई। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खिचड़, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर, मंण्डल अध्यक्ष राकेश सैनी,गुलपुरा मंण्डल अध्यक्ष मुकेश नेमिवाल , रामवतार बैरासरिया, दुर्गेश कुमार राजू धन्धावत, मनीष स्वामी, सुमेर नाई, दीपक जांगिड़ सहित मौजूद रहें। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रो. हिमांशु सेंगर महला को याज्ञसेनी सम्मान



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** नगर श्री सभागार में युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चुरु के 11वें स्थापना दिवस को समारोह पूर्वक मनाया गया। दो चरणों में आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रोफेसर डॉक्टर श्रवण कुमार सैनी प्राचार्य राजकीय विधि महाविद्यालय चुरु ने की वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉक्टर खेमचंद सोनी राजकिय लोहिया महाविद्यालय चूरू थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अधिवक्ता रूपा मजूमदार ने सरस्वती वंदना से किया संस्था की सचिव राजकौर राहड़ ने स्वागत भाषण दिया और मेहमानों का स्वागत किया और कहा युक्ति संस्थान महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहा है। संस्थान में संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहिए जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके। संस्था के अध्यक्ष अधिवक्ता रमेश सोनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें संस्थान द्वारा एक वर्ष में किए गए कार्यों के उल्लेख के साथ-साथ जिन व्यक्तियों ने संस्था का सहयोग किया प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संसाधन उपलब्ध करवाए उन सब के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के प्रथम चरण में मुन्नी डागा,दीपा गौतम,सरला राव व ज्योति चौधरी को संस्था की सदस्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रोफेसर हिमांशु सेंगर महला को याज्ञसेनी सम्मान 2025 शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर प्रदान किया गया। प्रोफेसर कमल सिंह कोठारी ने प्रोफेसर हिमांशु सेंगर महला के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

# रेडियोलोजी विभाग में डॉ. नायक का अभिनंदन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजकीय भरतिया अस्पताल में रेडियोलोजी विभाग के कार्मिकों ने सोनोलॉजिस्ट डॉ. बीएल नायक को आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सराहना अवॉर्ड मिलने पर सम्मानित किया। डॉ. नायक को हैदराबाद में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ऑल इंडिया कॉन्फ्रेंस में चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रेडियोलॉजी विभाग के अधीक्षक कृष्ण कुमार, वरिष्ठ रेडियोग्राफर योगेश मोदी, रेडियोग्राफर कोमल, योगेश चौधरी, राकेश, राजीव, शंकुतला, रवि, नवाब, रविकांत शर्मा, रोहिताश, भोजराज, कुलदीप तथा राहुल आदि ने डॉ.नायक का अभिनंदन किया।

# 'मनुष्य के विकास में नशा सबसे बढ़ा बाधक हैं'

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार के आदेशानुसार हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक गांव से दूसरे गांव, एक शहर से दूसरे शहर और एक विद्यालय से दूसरे विद्यालय तक यह अभियान लेकर पहुंच रहे हैं। वे राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पानीपत में पहुंचे हुए थे। विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिक्षक प्रवीण कुमार की उपस्थिति में राष्ट्रीय सेवा योजना के 50 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अंगेजी में एक वाक्य आता है इग्नोरेंस ऑफ़ लॉ इज नॉट एन एक्सक्यूज अर्थात विधि का ज्ञान न होने का बहाना नहीं चलेगा। उन्होंने आगे कहा कि सबसे प्रथम कर्तव्य है शिक्षा बढ़ाना देश में, शिक्षा बिना ही आज हम सब पड़ रहे हैं क्लेश में। शिक्षा बिना कभी कोई बन सकता नहीं सत्पात्र है, शिक्षा बिना कल्याण की आशा दुराशा मात्र है। यही कारण है कि विशेष रूप से युवाओं और बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के साथ नशे के दुष्प्रभाव और नशे के विरुद्ध बने विधि के बारे बताया जा रहा है। डॉ वर्मा ने विस्तार पूर्वक नशे के आगमन, निर्माण, उत्पादन, राष्ट्र पर प्रभाव बारे विस्तार से बताया। उन्होंने पर प्रतिबंधित नशों के व्यापार की गुप्त सूचनाएं देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा यह पूरे प्रान्त के लिए है। उन्होंने कहा कि यदि सम्मान पूर्वक जीवन जीना चाहते हो तो नशे से दूर रहो और जीवन भरपूर जीओ।

# रेलवे अंडर ब्रिज की मांग को लेकर किसानों का धरना जारी



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सिधमुख ग्राम वासियों की ओर से रेलवे अंडरब्रिज की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना 22वे दिन भी जारी रहा, सिधमुख से चुबकियाताल कटनी रास्ते पर रेलवे अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर 22वा दिन भी जारी रहा। मांग को लेकर किसानों द्वारा 16 दिसंबर को अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया था तथा किसान कड़ाके की सर्दी की परवाह न करते हुए भी रोज बड़ी संख्या में धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। धरने पर बैठे हुए किसानो ने बताया कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक हम धरना जारी रखेंगे। किसानों ने बताया कि रेलवे ट्रैक के उसे पार सिधमुख के 200 से अधिक किसानों की 4000 बीघा कृषि भूमि है। बारिश होने के बावजूद भी किसान लोग रास्ते के अभाव में कास्त करने नहीं जा सके। क्योंकि किसनो खेत में जाने के लिए 5 फीट ऊंची रेल पटरियो को पार करना पड़ता है। रेलवे ट्रैक पार करने के बाद यह रास्ता 3 दिशाओं में बंट जाता है, जो किसानों के खेतों और गांव चुबकिया ताल में जाता है। 5 फीट ऊंचे रेलवे ट्रैक से किसान अपने कृषि उपकरण नहीं ले जा सकते हैं तथा वाहनों का आवागमन भी नहीं होने के कारण किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह खेतों का मुख्य रास्ता है अभी है रास्ता रेलवे द्वारा मुख्य तौर पर बिल्कुल बंद कर दिया गया है दोनों तरफ खाई खोद दी गई है। जिससे किसान टाइम पर अपने खेत में कास्त करने के लिए नहीं जा सकते है। किसानों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया की मांग पूरी नहीं होने तक धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर तहसीलदार व सादुलपुर विधायक पहुंचे थे पर कोई समस्या का समाधान नहीं हुआ है। किसानों द्वारा रेलवे अधिकारी डीआरएम बीकानेर संभाग, तहसीलदार, जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन दे चुके हैं। फिर भी कोई समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। धरने पर हर रोज किसने की संख्या बढ़ती जा रही है। किसानों मै भारी आक्रोश है। इस धरना स्थल पर प्रभु राम महला, मोहनलाल ढाका, नेकीराम महला, रामकुमार ढाका, रोहतास महला, प्रेम दईया, नानूराम ख्यालिया, विजेंदर प्रजापत, रामनिवास शर्मा, गुलाब सिंह राजपूत, रामनिवास जोशी, शेर सिंह टुंडाखेड़ी सहित सैकड़ो की संख्या में किसान लोग मौजूद रहे।

# डॉ. राम कुमार घोटड़ सम्मानित



**सादुलपुर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुप्रेरणा से पश्चिम बंग हिंदी साहित्य अकादमी कोलकाता के सौजन्य से 23 व 24 दिसंबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय लघु कथा उत्सव-2024 का आयोजन अकादमी सभागार में रखा गया। आयोजन का श्री गणेश अकादमी के पदाधिकारी रावल पुष्प, उत्पल पाल, क्षेत्रवासी नायक, रचना शरण व पत्रकार रवि शंकर सहित डॉ. रामकुमार घोटड़, जगदीश कुलरिया (पंजाब), निवेदिता (उत्तर प्रदेश) ने दीप प्रज्जवलन कर किया। सादुलपुर (राजस्थान) से डॉ. रामकुमार घोटड़ ने हिंदी लघुकथा व राजस्थानी भाषा लघुकथा साहित्य आधारित लघुकथा उद्भव विकास एवं भविष्य की संभावना विषय पर अपना वक्तव्य रखा। डॉ. घोटड़ की चार लघुकथाओं का कोलकाता की प्रसिद्ध नाटक संस्था लिटिल थेस्पियन द्वारा सुंदर कलात्मक अंदाज में नाट्य प्रस्तुतिकरण किया गया जिसे सभी दर्शकों के द्वारा सराहा।

डॉ. घोटड़ को लघुकथा साहित्य क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान के लिए अकादमी के पदाधिकारियों द्वारा शाल, श्रीफल व प्रतीक चिह्न आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। बंगाल सरकार के इस लघु कथा उत्सव में पंजाब से जगदीश राय कुलरिया, लखनऊ से निवेदिता श्री ने भी लघुकथा आलेख पढ़े। वहीं बंगाली, नेपाली, उडिया, असमिया आदि भाषा के लघुकथाकारों ने अपनी लघुकथाओं का वाचन किया।

# पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प मेला नौ से शुरू

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ जोधपुर के हैंडीक्राफ्ट मेले में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
▶▶ समुद्र का एहसास कराएगी एंट्री टनल
▶▶ द्वारका के दर्शन भी होंगे





**जोधपुर।** पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प मेले को इस बार भव्य व हाईटैक बनाने के लिए मेले की नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती ने पूरी ताकत झोंक दी है। भव्य डोम के निर्माण से लेकर सिक्योरिटी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। वहीं इस बार पहली बार मेले में सरदार वल्लभ भाई पटेल का 30 फीट का स्टेच्यू लगाया जाएगा। 20 फीट की शिव प्रतिमा भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। यही नहीं मेले में आने वाली आम जनता को भेंट द्वारका और द्वारकाधीश के दर्शन होंगे, मेले में ऐसा टनल बनाया गया है इस टनल में प्रवेश करने के साथ ही हर किसी को यह एहसास होगा कि वह भेंट द्वारका की ही यात्रा कर रहा है और इस टनल में समुद्री जीव, वनस्पतियों का भी जीवंत प्रदर्शन होगा। रामलीला मैदान में 9 जनवरी से 19 जनवरी तक मेले तक आयोजित होने वाले पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव भारतीय संस्कृति और राइजिंग राजस्थान की थीम पर आधारित होगा। मेले के पांडाल में जोधपुर के प्रमुख उद्योगों की झांकी सजाई जाएगी, विभिन्न सरकारी योजनाओं की झांकी भी मेले में प्रदर्शित की जाएगी। सरदार पटेल वल्लभभाई पटेल का 150 जयंती वर्ष है और केंद्र सरकार ने 2 वर्ष तक जन्म शताब्दी महोत्सव बनाने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में देश को एक और अखंड बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने वाले सरदार वल्लभभाई पटेल की 30 फीट की स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की स्थापना भी लघु उद्योग भारती कर रहा है। 20 फुट की विशेष शिव प्रतिमा सेंट्रल पंडाल के बाहर लगाई जा रही है। यह प्रतिमा हर किसी का ध्यान अपनी और आकर्षित करेगी और मेले में आने वाले लोगों के लिए एक बेहतर सेल्फी पॉइंट भी होगा। सेंट्रल पंडाल कमेटी के कोऑर्डिनेट मृदुल सालेचा ने बताया कि मेले के मध्य में 110 बाई 140 का सेंट्रल पांडाल तैयार किया जा रहा है। इस सेंट्रल पंडाल में केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर भारत, स्वावलंबी भारत, विश्वकर्म योजना का जीवंत प्रदर्शन किया जाएगा तो वहीं राज्य सरकार की भी उद्योग हित से जुड़ी योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने हाल ही में एमएसएमई नीति, निर्यात संवर्द्धन नीति, एक जिला-एक उत्पाद नीति, पर्यटन इकाई नीति, स्वच्छ ऊर्जा नीति, खनिज, एम-सेंड और क्लस्टर विकास योजना जैसी नई नीतियां लागू की गई है। सेंट्रल पांडाल में इन सभी नौ नई नीतियों की भी झांकी सजाई जाएगी, ताकि उद्यमियों को इन नवीन नीतियों के बारे में जानकारी दी जा सके।

इस बार सेंट्रल पंडाल में जोधपुर के ऐसे छोटे-छोटे शिल्पकार जिनके उत्पाद पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान रखते हैं, उन शिल्पकारों की लाइव प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जहां यह शिल्पकार दर्शकों को अपने उत्पादों को बनाकर दिखाएंगे। आमंत्रण कमेटी के लिए घनश्याम ओझा, महावीर चोपड़ा, अनिल अग्रवाल, सुरेंद्र दूगड़, सुरेश के बिश्नोई और राजेंद्र राठी को कोआर्डिनेटर है। वित्त कमेटी के लिए महावीर चोपड़ा कोऑर्डिनेटर है वही स्टॉल एलॉटमेंट कमिटी के लिए सुदेंद्र दुग्गड, राजेंद्र राठी और नितिन सालेचा व्यवस्था संभाल रहे है।

### 15 डोम में 714 स्टॉल्स

मेले में कुल 15 अलग-अलग डोम बनाए गए हैं और लगभग 714 स्टॉल्स तैयार की गई है। मेले में अलग-अलग साइज की स्टॉल्स तैयार की गई है। डोम के अलावा भी अन्य स्थल पर छोटी-छोटी स्टॉल्स लगाई गई है। डोम ए और बी में सबसे अधिक 60 स्टॉल्स तैयार की गई है। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मुख्य संयोजक घनश्याम ओझा बताया कि इस बार मेले में भेंट द्वारका थीम पर 80बाई170 का विशेष डोम तैयार करवाया जा रहा है। इस डोम में भेंट द्वारिका के मार्ग की ही तरह सुरंग तैयार की जाएगी और उसमे भेंट द्वारकाधीश का मंदिर भी बनाया जाएगा। इस टनल में प्रवेश करने के साथ ही हर किसी को यह एहसास होगा कि वह भेंट द्वारका की ही यात्रा कर रहा है और इस टनल में समुद्री जीव , वनस्पतियों का भी जीवंत प्रदर्शन होगा। मेले की करीब 220 स्टॉल्स केंद्रीय और केंद्र और प्रदेश के विभिन्न सरकारी विभागों के लिए आरक्षित की गई है जिनमें मुख्य रूप से ईपीसीएच, डीसी हैंडीक्राफ्ट, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, नाबार्ड, केंद्रीय जूट बोर्ड, केंद्रीय ऊन बोर्ड, प्रमुख है। मेले में प्रवेश द्वार के साथ ही केनोपी में 48 स्टॉल्स लगाई जा रही है। इन सभी स्टॉल पर छोटे-छोटे आर्टिजन को बिठाया जाएगा , जो लाइव अपने उत्पादों का लाइव प्रदर्शन करेंगे। मेले की सुरक्षा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। मेले में अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी , वहीं वर्दी धारी और एवं सादा वर्दी में पुलिसकर्मी मेले में तैनात रहेंगे। इसके अलावा नोडल एजेंसी ने मेला स्थल पर लगभग 115 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मेले में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड के माध्यम से भी पूरे मेले पर नजर रखी जाएगी।

### दो सेमिनार हॉल

मेले में हर दिन दोपहर में अलग-अलग विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाएंगे वहीं शाम को आमजन के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए मेला स्थल पर दो अलग-अलग सेमिनार हॉल तैयार किए गए हैं। एक बड़ा सेमिनार हॉल तैयार किया गया है जिसमें लगभग 700 लोगों के बैठने की क्षमता होगी, वही एक छोटा सेमिनार हॉल तैयार किया गया है जिसमें लगभग 200 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। मेला स्थल के बीच में 110 बाई 140 फीट का विशाल सेट्रल पंडाल तैयार किया गया है। सेंट्रल पंडाल मेले का आकर्षण का केंद्र रहता है और मेले में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति सेंट्रल पंडाल का अवलोकन जरूर करता है। इस बार भी सेंट्रल पंडाल को बेहद आकर्षक रूप से तैयार किया जा रहा है। मेले के सफल आयोजन को लेकर लगभग 15 से अधिक समितियां है। जिसमें आयोजन कमेटी, एक्जीक्यूटिव कमेटी, स्वागत कमेटी, पैटर्न कमेटी, वित्त कमेटी,स्टॉल अलॉटमेंट कमेटी,सेंट्रल पंडाल कमेटी , स्टोन माइंस नेचुरल रिसोर्स कमेटी, कॉन्फ्रेंस एंड सेमिनार कमेटी, प्रतियोगिताएं कमेटी मारवाड़ी प्रतियोगिता, प्रचार प्रसार कमेटी, इंफ्रा मैनेजमेंट कमेटी, सुरक्षा कमेटी, सांस्कृतिक कमेटी, इन्विटेशन कमेटी, फूड कोर्ट आवास व्यवस्था कमेटी का गठन किया गया है।

# जयसमंद के पंप हाउस बंद

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ सैकड़ों गांवों में जलापूर्ति संकट
▶▶ वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारी हड़ताल पर उतरे
▶▶ बीती रात 12 बजे बंद किए



**उदयपुर।** उदयपुर में जयसमंद जल परियोजना से जुड़े कर्मचारी रविवार रात से हड़ताल पर उतर आए। इससे सोमवार सुबह से जयसमंद, सराड़ा, सेमारी, सलूंबर व मेवल क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। हालांकि, उदयपुर पर इस हड़ताल का असर नहीं होगा। दरअसल, यूनियन संघ में कार्यरत ग्रामीण कर्मचारियों का जलदाय विभाग ने तीन महीने से भुगतान नहीं किया है। इससे आक्रोशित कर्मचारियों ने रविवार रात करीब 12 बजे जयसमंद झील की पाल पर स्थित पंप हाउस को बंद कर दिया। वे अनिश्चतकालीन हड़ताल पर चले गए। यूनियन अध्यक्ष कालूराम मीणा ने बताया- भुगतान को लेकर यूनियन के सदस्यों ने 29 दिसंबर को सलूंबर कलेक्टर व जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें समय पर भुगतान नहीं होने पर अनिश्चतकालीन हड़ताल की चेतावनी भी दी थी। लेकिन विभाग और प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं हुआ। कर्मचारी दिलीप कुमार मीणा ने बताया- वेतन नहीं मिलने से सभी कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। परिवार का गुजारा करना भी मुश्किल हो रहा है। जानकारी अनुसार एक कर्मचारी को हर माह साढ़े आठ हजार रुपए का भुगतान किया जाता है। ऐसे में सभी कर्मचारियों का तीन महीने का करीब 10 लाख रुपए का भुगतान बकाया है।

### इन गांवों में बंद रहेगी सप्लाई

जयसमंद, वीरपुरा, गातोड़, कंतोड़ा, करोड़िया, नाला फलां, गांधीपुरा, झाड़ोल, वेजपुर, बटूका, उदपुरिया, सल्लाड़ा, बड़गांव, करेली, बाणा, खुर्द, बाणा कला, नावड़ा, डिगरी, केजड़, नीमच, थाणा, डायली, चावड़, सराड़ा, कुंड़ा, टोकर, चाटपुर, खेराड, बस्सी, बस्सी जोयरा, अदकालिया, गामड़ी, झुनिझर, जावद, अदवास, सेमाल, रुणिजा, वसू, जगत, भारिया, वेलवड़ी व नईझर सहित कई गांवों में आपूर्ति बंद रहेगी।

## डेढ़ साल से फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की धोरीमन्ना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ मामले के वांटेड आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी डेढ़ साल से फरारी काट रहा था। वांटेड प्रतापगढ जिले के धमोतर थाने में दर्ज एनडीपीएस मामले में फरार था। पुलिस ने प्रतापगढ़ पुलिस को सूचित कर सुपुर्द कर दिया। धोरीमन्ना थाने के बगडूराम ने बताया- जिले भर में एसपी नरेंद्र सिंह मीना के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान स्थानीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि प्रतापगढ़ जिले का वांटेड धोरीमन्ना इलाके में आया हुआ है। इस पर थाने से टीम बनाकर आरोपी अशोक उर्फ अचलाराम पुत्र आसूराम निवासी आरवा, सरवाना जिला जालोर को डिटेन किया। पूछताछ करने के बाद पुलिस ने प्रतापगढ़ पुलिस को सूचना दी गई।

# बाड़मेर सड़क हादसे में युवक की मौत

▶▶ जन्मदिन मनाने जा रहे थे शहर

**बाड़मेर।** बाइक पर दोस्त के साथ अपना जन्मदिन मनाने बाड़मेर शहर आ रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान एक युवक ने दम तोड़ दिया।



वहीं दूसरे का जोधपुर के हॉस्पिटल में इलाज जारी है। घटना बाड़मेर ग्रामीण थाना इलाके गडरारोड रबारियों की ढाणी स्कूल के पास बीती रात करीब दस बजे की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया। पुलिस के अनुसार- जसाई गांव निवासी खीमाराम पुत्र पूनमाराम ने रिपोर्ट में बताया कि रविवार रात करीब 10 बजे बेटा वीराराम और पवन कुमार बाइक पर बाड़मेर शहर की तरफ आ रहे थे। इस दौरान रबारियों की ढाणी स्कूल के पास अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने गाड़ी से बाड़मेर मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां पर इलाज के दौरान वीराराम की मौत हो गई।

### जन्मदिन मनाने आ रहे थे बाड़मेर शहर

परिजनों ने पुलिस को बताया- रात को दोनों वीराराम का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के लिए शहर की तरफ आ रहे थे। इस दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

# जैसलमेर में 10 से वेस्टर्न डिस्टरबेंस होगा एक्टिव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में तापमान में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। पिछले दिनों तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही थी। लेकिन रविवार से तापमान में फिर से गिरावट दर्ज की गई। पिछले दिनों अधिकतम तापमान 26 डिग्री के पार पहुंच गया था। जिससे दिन में सर्दी का असर गायब हो चुका है। हालांकि सुबह व रात में सर्दी का असर था। रविवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने फिलहाल मौसम साफ रहने की संभावना जताई है, मगर 10-12 जनवरी के दौरान बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना जताई है। जैसलमेर में सोमवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा वहीं सूरज के निकलने के बाद सर्दी से राहत मिली। लोग सर्दी से बचने का जतन करते नजर आए। हालांकि, रविवार को दिन के पारे में एकाएक 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। वहीं रात के पारे में भी 1 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। रविवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री दर्ज किया गया ।

### 10 को भारी बारिश की संभावना

■ मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों तक जिले में मौसम साफ रहने की संभावना जताई है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि आगामी 4-5 दिन मौसम शुष्क रहेगा। 10-12 जनवरी के दौरान एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। जिससे बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है।

# सीएमएचओ ने 3 अवैध निजी लैब किए सीज

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर सीएमएचओ डॉ. राजेंद्र कुमार पालीवाल द्वारा जिला मुख्यालय पर स्थित निजी लैब का निरीक्षण किया गया। इस दौरान तीन लैब को सील बंद किया गया। डॉ पालीवाल ने बताया- निरीक्षण के दौरान लैब संचालकों के पास वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र एवं योग्यताधारी लैब तकनीशियन मौके पर मौजूद नहीं होने के कारण तीनों संस्थानों को सील बंद किया गया। साथ ही दस्तावेज के साथ जिला रजिस्ट्रीकरण प्राधिकरण जैसलमेर के सामने आगामी 7 जनवरी को उपस्थित होने के लिए पाबंद किया गया। सीएमएचओ डॉ राजेंद्र पालीवाल ने बताया- राजस्थान नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) नियम 2013 एवं नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 के तहत शहर की निजी लैब का निरीक्षण किया गया। इस दौरान डायमंड डायग्नोस्टिक सेन्टर, इंडियन डायग्नोस्टिक सेन्टर एवं मंगलम लेबोरेट्री निजी लैब का निरीक्षण किया गया। सीएमएचओ डॉ पालीवाल अचानक शहर के जवाहिर हॉस्पिटल के पास स्थित लैब का निरीक्षण करने पहुंचे।



# फाइनेंस कर्मचारी को किडनैप कर 24 लाख मांगे

■ कार में बैठाया, फिर मोबाइल छीनकर एक फ्लैट में बंद किया

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**उदयपुर।** सलूंबर थाना क्षेत्र में एक फाइनेंस कर्मचारी को किडनैप कर 24 लाख रुपए की डिमांड करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फाइनेंस कर्मी मनोहरलाल गर्ग(55) निवासी देवगांव को धोखे से जबरन कार में डाला। फिर डरा-धमकाते हुए उदयपुर की धोल की पाटी स्थित एक फ्लैट में ले गए। प्रार्थी का मोबाइल छीन लिया और उससे 24 लाख रुपए की डिमांड करने लगे। इस संबंध में पीड़ित की पत्नी सजना देवी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि आरोपी लाला और उसके साथी ने उनके पति मनोहर से उसके मोबाइल पर कॉल किया और पैसे भेजने का दबाव बनाया। आरोपी उससे बोले- पैसे मिलने के बाद ही तुम्हारे पति मनोहरलाल को छोड़ेंगे। महिला ने बताया कि आरोपी लाल ने उसके बेटे जिग्नेश गर्ग को फोन किया और पैसे नहीं देने पर उसका भी किडनैप करने की धमकी दी। पीड़ित मनोहरलाल गर्ग ने बताया कि रविवार दोपहर को आरोपी लाला ने मुझे फोन करके बुलाया। आरटीओ दफ्तर के बाहर हम मिले। उसने मुझे जबरन अपनी कार में बैठाया। मैंने कारण पूछा तो बोला कि उदयपुर घूमकर आते हैं। फिर कार मेरा मोबाइल छीन लिया और मुझे उदयपुर में धोल की पाटी स्थित एक फ्लैट पर ले गए। जहां मुझसे 24 लाख रुपए देने की डिमांड करने लगे। आरोपियों ने इसके लिए मेरी पत्नी को फोन किया तो वह बुरी तरह घबरा गई। पत्नी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस का कॉल मेरे मोबाइल पर आया। तब जाकर आरोपी मुझे वापस सलूंबर उसी जगह छोड़कर फरार हो गए। जहां से मुझे किडनैप किया था। सलूंबर थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश जारी है।

# व्यापार जगत

# सोने-चांदी के भाव में बड़ी गिरावट



**मुंबई।** सोना-चांदी के तेजी आज ब्रेक लग गया है। शेयर मार्केट में गिरावट के बीच सर्राफा मार्केट में सोमवार 6 जनवरी को गिरावट नजर आ रही है। आज 24 कैरेट सोना औसतन 556 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 76948 रुपये के रेट से खुला। वहीं, चांदी आज 553 रुपये प्रति किलो टूटकर 87568 रुपये प्रति किलो के औसत रेट पर खुली। यह रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) ने जारी किया है, जिसमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। बता दें आईबीजेए 104 साल पुराना एसोसिएशन है। यह दिन में दो बार दोपहर और शाम को गोल्ड रेट जारी करता है। ये दरें वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के अनुसार सॉवरेन और बॉन्ड जारी करने के लिए बेंचमार्क दरें हैं। IBJA के 29 राज्यों में कार्यालय हैं और यह सभी सरकारी संस्थाओं का हिस्सा है। सोना-चांदी के तेजी आज ब्रेक लग गया है। शेयर मार्केट में गिरावट के बीच सर्राफा मार्केट में आज यानी सोमवार 6 जनवरी को गिरावट नजर आ रही है। आज 24 कैरेट सोना औसतन 556 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 76948 रुपये के रेट से खुला। वहीं, चांदी आज 553 रुपये प्रति किलो टूटकर 87568 रुपये प्रति किलो के औसत रेट पर खुली।

### कैरेट के हिसाब से चेक करें गोल्ड-सिल्वर के रेट

23 कैरेट गोल्ड का औसत भाव आज 554 रुपये सस्ता होकर 76640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। 22 कैरेट गोल्ड में 510 रुपये की गिरावट है और यह 70484 रुपये पर है। 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 417 रुपये घटकर 57711 रुपये पर आ गई है। 14 कैरेट गोल्ड की कीमत भी 325 रुपये गिरकर 45015 रुपये पर आ गई है।

### भारत में सोने की कीमत

दिल्ली में आज सोने की कीमत 78873 रुपये प्रति 10 ग्राम है और कल 79383 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। जयपुर में आज सोने का भाव 78866 रुपये प्रति 10 ग्राम है। कल यह 79376 रुपये प्रति 10 ग्राम था। लखनऊ सोना आज 78889 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है। कल सोने की कीमत 79399 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चंडीगढ़ में आज सोने का भाव 78882 रुपये प्रति 10 ग्राम है और कल सोने की कीमत 79392 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। अमृतसर में आज सोने का भाव 78900 रुपये प्रति 10 ग्राम है और कल 79410 रुपये था। भारत में चांदी के रेट लाइव मिंट के मुताबिक दिल्ली में आज चांदी का हाजिर भाव 94500 रुपये प्रति किलोग्राम है। कल 95700 रुपये थी।

# अडानी का शेयर टूटा

▶▶ सांघी इंडस्ट्रीज का शेयर 52 हफ्ते लो पहुंचा



**मुंबई।** शेयर बाजार में मचे हाहाकार के बीच अडानी ग्रुप की कंपनियों के शेयर भी बिकवाली मोड में नजर आए। इनमें से एक शेयर में तो इतनी बड़ी गिरावट आई कि भाव 52 हफ्ते के लो पर आ गया। यह शेयर है सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड का है। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इस सीमेंट कंपनी के शेयर की कीमत 60 रुपये से भी नीचे पहुंच गई।

### अभी शेयर की कीमत

■ सांघी इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर की पिछली क्लोजिंग 62.17 रुपये थी। इस भाव के मुकाबले शेयर 4 फीसदी से ज्यादा टूटकर 59.77 रुपये के भाव पर आ गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। बता दें कि 15 जनवरी 2024 में इस शेयर की कीमत 156.20 रुपये तक पहुंच गई थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। सांघी इंडस्ट्रीज के बारे में बात करें तो इस कंपनी का अधिग्रहण अंबुजा सीमेंट ने किया था। अंबुजा सीमेंट अडानी समूह की लीडिंग सीमेंट कंपनी है।

### दिसंबर में विलय का ऐलान

■ बीते साल दिसंबर महीने में अडानी समूह ने अपने सीमेंट परिचालन का एक इकाई के तहत एकीकरण करने के लिए सांघी इंडस्ट्रीज और पेन्ना सीमेंट का अंबुजा सीमेंट्स में विलय करने की घोषणा की थी। अंबुजा सीमेंट्स के पास सांघी इंडस्ट्रीज की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी का 58.08 प्रतिशत हिस्सा है। इसने दिसंबर, 2023 में कंपनी का अधिग्रहण किया था। अडानी समूह का प्लान अडानी समूह ने वित्त वर्ष 2027-28 तक अपनी क्षमता को बढ़ाकर 14 करोड़ टन सालाना करने की योजना बनाई है, जो बाजार की अग्रणी अल्ट्राटेक की वर्तमान क्षमता 15.66 करोड़ टन प्रति वर्ष ग्रे सीमेंट से कुछ ही कम है। उद्योग निकाय सीमेंट विनिर्माता संघ (सीएमए) के आंकड़ों के अनुसार, भारत की स्थापित सीमेंट उत्पादन क्षमता 69 करोड़ टन है।

# सुजलॉन एनर्जी के शेयरों का बुरा हाल, 5% गिरा भाव

**मुंबई।** ग्रीन एनर्जी स्टॉक सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में आज करीब 5 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों में गिरावट के पीछे 2 बड़ी वजहों को माना जा रहा है। एक वजह कंपनी को मिला नोटिस है। दूसरी वजह बाजार के नकारात्मक रुख को माना जा रहा है। बता दें, सोमवार को सुजलॉन एनर्जी के शेयर गिरावट के साथ 61.86 रुपये पर खुला था। दिन में कंपनी का शेयर 4.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58.87 रुपये के इंट्रा-डे लो लेवल पर पहुंच गया। बाजार के बंद होने के समय पर सुजलॉन एनर्जी के शेयरों का भाव 58.88 रुपये था। अहमदाबाद इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने सुजलॉन एनर्जी को 1.01 करोड़ रुपये को नोटिस भेजा है। कंपनी को यह नोटिस वित्त वर्ष 2017 के लिए मिला था। कंपनी इस नोटिस के खिलाफ आगे की योजना बना रही। सुजलॉन एनर्जी को उम्मीद है कि वहां से उन्हें राहत मिल जाएगी। सुजलॉन एनर्जी के शेयरों का प्रदर्शन बीते एक बीते 3 महीने के दौरान सुजलॉन एनर्जी के शेयरों की कीमतो में 21 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, 1 साल में कंपनी के शेयरों का भाव 44 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई बीएसई में 86.04 रुपये और 52 वीक लो लेवल 35.49 रुपये रहा है।

# सरकारी बैंकों के शेयर पस्त

**पीएसयू बैंक की उखड़ गई सांसें, इंडेक्स 3% गिरा**



**मुंबई।** मेटल, मीडिया और पीएसयू बैंक स्टॉक्स में भारी गिरावट से शेयर मार्केट में भूचाल है। चीन में सांस की बीमारियों में स्पाइक के लिए जिम्मेदार मानव मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के दो मामलों का सोमवार को बेंगलुरु में कथित तौर पर पता चला। इसका भी असर बाजार पर देखने को मिल रहा है। पीएसयू बैंक इंडेक्स की सांस उखड़ गई है। इस इंडेक्स में 3 पर्सेंट से अधिक की गिरावट है। इसके सभी 12 शेयर लाल निशान पर हैं। पीएसयू बैंक इंडेक्स पर सबसे ज्यादा नुकसान में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रहा। इसने दिसंबर तिमाही के अपने कारोबारी अपडेट की रिपोर्ट करने के बाद 8% तक की गिरावट दर्ज की। यूनियन बैंक ने दिसंबर तिमाही के लिए साल-दर-साल आधार पर 3.8% की जमा वृद्धि दर्ज की। जबकि, पिछले साल की तुलना में एडवांस में 5.9% की ग्रोथ दर्ज की गई है। क्रमिक आधार पर, जमा में 2% की गिरावट आई, जबकि अग्रिम में 2.1% की वृद्धि हुई। शुक्रवार शाम को कारोबारी अपडेट की रिपोर्ट करने वाला दूसरा पीएसयू बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा है, जहां जमा में पिछले साल की तुलना में 11.8% की वृद्धि हुई। जबकि, अग्रिम में 11.6% की समान मात्रा में वृद्धि हुई। बैंक ऑफ बड़ौदा के शेयर पीएसयू बैंक इंडेक्स पर दूसरे सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले हैं, जो 5% के नुकसान के साथ कारोबार कर रहे हैं।

इन बैंकों के शेयर भी लुढ़के इसके बाद केनरा बैंक है, जो 3.39 पर्सेंट टूटा है। बैंक ऑफ इंडिया , सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और पीएनबी में 3.36 पर्सेंट की गिरावट है। यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, आईओबी, इंडियन बैंक में भी 3 फीसद से अधिक नुकसान है।

# तेल, चाय जैसे प्रोडक्ट 20% तक महंगे

**जनवरी-मार्च में बढ़ सकती 30% तक कीमतें**

**नई दिल्ली।** खाने का तेल, साबुन, चाय, कॉफी, चॉकलेट और बिस्किट जैसे फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (FMCG) प्रोडक्ट्स की कीमतें 6 महीने में 20% तक बढ़ चुकी हैं। FMCG प्रोडक्ट्स से मतलब उन चीजों से है जिनकी मांग ज्यादा होती है और लोग इन्हें रोजाना इस्तेमाल करते हैं। जनवरी-मार्च में इनके दाम 30% तक और बढ़ सकते हैं। अप्रैल 2024 से अब तक पाम ऑयल, नारियल, चाय, कोकोआ और कॉफी जैसे कच्चे माल की कीमतें 35-175% बढ़ गई हैं। इससे बढ़ी हुई लागत की भरपाई की जा रही है। नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने एक रिपोर्ट में कहा, 'जनवरी-मार्च में कुछ FMCG कंपनियां फिर दाम बढ़ाएंगी।' बीते 3 महीने में घरों में इस्तेमाल होने वाले आम जरूरत के सामान 10% तक महंगे हो गए हैं। नुवामा की रिपोर्ट में कहा गया है कि साबुन, स्नैक्स और चाय जैसी कैटेगरी में कंपनियों के लिए मार्जिन बढ़ाना मुश्किल हो गया है। पाम ऑयल और चाय जैसी कमोडिटी के दाम सालाना करीब 30 फीसदी बढ़ने से इनकी लागत बढ़ रही है, लेकिन इसकी भरपाई मुश्किल हो गई है। चुनौती ये है कि एक सीमा से ज्यादा दाम बढ़ाने पर शहरी डिमांड फिर घटने लगेगी, जिसमें हाल ही में सुधार के संकेत मिले हैं। इसके चलते जनवरी-मार्च में कुछ एफएमसीजी कंपनियों की आय सिर्फ 5 फीसदी के आसपास बढ़ने की उम्मीद है। ये ग्रोथ भी बिक्री बढ़ने से नहीं, बल्कि प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ने के चलते देखी जाएगी।

# आपका राशिफल 7 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग है। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें। क्षमता से अधिक कार्य करने से मर्ज बिगड़ सकता है। मनचाहा स्थानान्तरण मिल सकता है। अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें। शुभांक-2-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे। बौद्धिक कार्यों में दक्षता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मनः स्थिति से अधिक प्रभावित रहेगा। शुभांक-३-४-७

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को ह)
पुरुषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे। बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक समय उपलब्धिकारक रहेगा। शुभांक-4-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
मितव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। शुभांक -4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-5-6

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभांक-1-5-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-3-5-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-2-5-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
हरि करे सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। शुभांक-3-4-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा ह

# टीम इंडिया की कप्तान बनीं स्मृति मंधाना



## हरमनप्रीत कौर पर लिया गया बड़ा फैसला

**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए उन्हें टीम की कमान सौंपी गई है। हरमनप्रीत कौर को सेलेक्टर्स ने आराम देने का फैसला किया है। हरमनप्रीत के अलावा तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर को भी आराम दिया गया है। ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। बता दें आयरलैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज 10 जनवरी से शुरू होगी। तीनों वनडे मैच निरंजन शाह स्टेडियम, राजकोट में खेले जाएंगे।

### मंधाना को मिली कमान, वो ही फ्यूचर कप्तान

स्मृति मंधाना को अब हर दूसरी सीरीज में टीम की कमान मिल रही है। हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ हुई टी20 सीरीज में बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने टीम की कप्तानी की थी। उस सीरीज में भी हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया था। अब एक बार फिर हरमनप्रीत कौर को आयरलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में आराम दिया गया है। सेलेक्टर्स की ये रणनीति साफतौर पर इस ओर इशारा कर रही है कि अब वो स्मृति मंधाना को फुल टाइम कप्तान बनाने की सोच रहे हैं। मंधाना की अच्छी बात ये है कि कप्तानी मिलने के बाद वो दबाव में बिखरती नहीं हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज के तीनों मैचों में मंधाना ने तीनों टी20 मैचों में अर्धशतक लगाया था। उन्होंने पहले टी20 में 54, दूसरे टी20 में 62 और तीसरे टी20 में 77 रनों की पारी खेल अर्धशतकों की हैट्रिक लगाई थी। मंधाना ने सिर्फ टी20 सीरीज ही नहीं बल्कि वनडे सीरीज के शुरुआती दो मैचों में भी अर्धशतक ठोके थे। हालांकि तीसरे वनडे में वो 4 रन बनाकर आउट हो गई थीं। मंधाना की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 सीरीज में वेस्टइंडीज का 3-0 से क्लीन स्वीप किया था। वेस्टइंडीज का यही हाल वनडे सीरीज में भी हुआ था। अब आयरलैंड के खिलाफ भी उनसे ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

**टीम इंडिया का स्क्वाड**

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमा रॉड्रिग्स, उमा छेत्री, ऋचा घोष, तेजल हसबैंस, राघवी बिष्ट, मिन्नु मानी, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सावली सतघरे.

**वनडे का कार्यक्रम**

पहला वनडे - 10 जनवरी
दूसरा वनडे - 12 जनवरी
तीसरा वनडे - 15 जनवरी

# भारतीय क्रिकेटर ने संन्यास का ऐलान किया

## सोशल मीडिया पर दी जानकारी

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व हरफनमौला ऋषि धवन ने विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप चरण के मैचों के बाद घरेलू सीमित ओवरों के टूर्नामेंटों से संन्यास की घोषणा कर दी। भारत के लिए 2016 में एक टी20 और तीन वनडे खेलने वाले धवन ने हिमाचल प्रदेश के नॉकआउट चरण में नहीं पहुंच पाने के बाद यह फैसला लिया।



34 वर्ष के धवन 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के बाकी सत्र में खेलेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, 'भारी मन से मैं भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवरों के) से संन्यास की घोषणा कर रहा हूं हालांकि मुझे कोई पछतावा नहीं है। पिछले दो साल से यह खेल मेरे जीवन का अभिन्न अंग रहा है और इसने मुझे बेशुमार खुशियां और अनगिनत यादें दी हैं।' हिमाचल को 2021-22 में हजारे ट्रॉफी जिताने वाले धवन इस साल सात मैचों में 196 रन ही बना सके। उन्होंने सात मैचों में आठ विकेट लिए। उन्होंने 134 लिस्ट ए मैचों में 2906 रन बनाए और 186 विकेट लिए। इसके अलावा 135 टी20 मैचों में 1740 रन बनाए और 118 विकेट लिए। आईपीएल में वह 2013 और 2024 के बीच पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के लिए खेले।

# बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ ज्यादातर मैचों से रहेंगे बाहर



**सिडनी।** पीठ की ऐंठन से जूझ रहे तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 19 फरवरी से शुरू होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पर ध्यान रखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ भारत की घरेलू सफेद गेंद की श्रृंखलाओं के अधिकांश भाग से आराम दिए जाने की संभावना है। बुमराह रविवार को खत्म हुई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 1-3 से करारी हार में 32 विकेट लेकर भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे। 30 साल का यह खिलाड़ी पीठ की ऐंठन के कारण ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सका था। उन्होंने पांच मैचों की इस श्रृंखला में 150 से ज्यादा ओवर फेंके। बुमराह अत्यधिक कार्यभार के कारण चोटिल हुए है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम यह सुनिश्चित करने की कोशिश करेगी कि वह आईसीसी के प्रमुख आयोजन के लिए तैयार रहे।

इस प्रतियोगिता में भारत का प्रदर्शन काफी हद तक बुमराह की मौजूदगी पर निर्भर करेगा। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि बुमराह की पीठ की ऐंठन का ग्रेड (चोट का स्तर) अभी तक पता नहीं चला है। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। बुमराह की चोट अगर ग्रेड एक श्रेणी में है तो उन्हें खेल में वापसी से पहले कम से कम तीन सप्ताह तक रिहैबिलिटेशन में बिताने होंगे। ग्रेड दो की चोट से उबरने में छह सप्ताह लग सकते हैं जबकि गंभीर माने जाने वाले ग्रेड तीन के लिए कम से कम तीन महीने की आराम और रिहैबिलिटेशन की जरूरत होती है। यह लगभग पहले से तय था कि बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला नहीं खेलेंगे क्योंकि इस साल इस प्रारूप का विश्व कप नहीं है। चैम्पियंस ट्रॉफी को देखते हुए इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में उनके तीन में से कम दो मैच खेलने का अनुमान था। अब हालांकि उनकी चोट की गंभीरता से पता चलेगा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ 50 ओवर के प्रारूप में खेल पायेंगे या नहीं। इस श्रृंखला का आखिरी मैच 12 फरवरी को अहमदाबाद में होगा।

# टीम में बुमराह न होते तो भारत 5-0 से हारता बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी : हरभजन

**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का मानना है कि अगर स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लेते तो भारत को ऑस्ट्रेलिया के हाथों 3-1 के बजाय 5-0 से सीरीज हार का सामना करना पड़ता। 45 दिनों के रोमांचक क्रिकेट में बुमराह उन सितारों में से एक थे जिन्होंने डब्ल्यूटीसी चैंपियन के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व किया और पांच मैचों में ऑस्ट्रेलियाई सितारों को परेशान किया। बुमराह अपने बाकी समकक्षों से अलग थे और एक के बाद एक रिकॉर्ड तोड़कर उन्होंने अपना नाम इतिहास की किताबों में दर्ज कर लिया। वह पर्थ में सीरीज के पहले मैच में भारत की रिकॉर्ड-तोड़ 295 रन की जीत के पीछे के मास्टरमाइंड थे। बुमराह ने बाकी मैचों में कहर बरपाना जारी रखा और सीरीज का अंत सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में किया। अंत में बुमराह के प्रयासों को सराहा गया और शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। भारत की सीरीज हार के बावजूद बुमराह ने दुनिया भर में प्रशंसा बटोरी और यहां तक कि ट्रैविस हेड ने भी माना कि यह उनका अब तक का सबसे बेहतरीन "व्यक्तिगत प्रदर्शन" था। हरभजन ने बुमराह की प्रशंसा की और कहा कि अगर 'राष्ट्रीय खजाना' टीम का हिस्सा नहीं होता, तो भारत ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में 5-0 या 4-0 से हार जाता। जस्सी ने पर्थ में भारत को बचाया। एडिलेड के बाद उन्होंने बाकी मैचों में भारत को बचाया। उन्होंने पांच मैचों की बीजीटी सीरीज 32 विकेट के साथ समाप्त की जिससे वह ऑस्ट्रेलियाई धरती पर बैगी ग्रीन्स के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए।



# सबालेंका की खिताब के साथ 2025 की शुरुआत

**ब्रिसबेन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में कुदरमेतोवा को हराया**

**नई दिल्ली।** विश्व नंबर एक और शीर्ष वरीय बेलारूस की आर्यन सबालेंका ने वर्ष 2025 की शुरुआत खिताबी जीत के साथ की है। सबालेंका ने रूस की पोलीना कुदरमेतोवा को तीन सेटों के संघर्ष में 4-6, 6-3, 6-2 से हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। सबालेंका की कोशिश अब 12 जनवरी से शुरू हो रहे लगातार तीसरे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के खिताब को जीतने की होगी। लगातार दो बार की विजेता सबालेंका अगर ऐसा कर पाती हैं तो स्विटजरलैंड की मार्टिन हिंगिस के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली खिलाड़ी होंगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक लगातार तीन बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था। ब्रिसबेन में बीते वर्ष सबालेंका को फाइनल में कजाखस्तान की एलीना रिबाकीना के हाथों हार मिली थी।

## कुदरमेतोवा ने शानदार टेनिस खेली

सबालेंका ने कुदरमेतोवा के खिलाफ धीमी शुरुआत की। उन्होंने दो बार सर्विस गंवाकर पहला सेट खोया। विश्व नंबर 107 कुदरमेतोवा ने बेसलाइन से अपने जोरदार स्ट्रोक से सबालेंका को परेशान करके रखा। हालांकि अगले दो सेटों में सबालेंका ने तेज ग्राउंड स्ट्रोक से दबदबा बना लिया। सबालेंका ने भी कहा, कुदरमेतोवा ने शानदार टेनिस खेली। वह फाइनल में खेलने की हकदार थीं और जिस तरह वह टेनिस खेल रहीं, अगर वह ऐसा ही करती रहीं तो जल्द शीर्ष 50 में होंगी। यह शानदार मैच था और मैं इसे जीतकर बेहद खुश हूं।

## लेहका ने पुरुष एकल का खिताब जीता

चेक गणराज्य के जीरी लेहका ने पुरुष एकल का खिताब जीत लिया। फाइनल में जब वह 4-1 की बढ़त पर थे। उस दौरान अमेरिकी रीली ओपेल्का ने कलाई में चोट के चलते मुकाबला छोड़ दिया। छह फुट 11 इंच लंबे ओपेल्का ने क्वार्टर फाइनल में जोकोविच को हराकर उलटफेर किया था और सेमीफाइनल में पेरीकार्ड को हराने के दौरान उनकी कलाई में समस्या आई। ओपेल्का का 2022 में कूल्हे का आपरेशन हुआ था और उन्होंने हाल ही में टेनिस कोर्ट पर वापसी की है।




# 60 प्लस के पति-पत्नी ने रोशन किया देश का नाम

## वेट लिफ्टिंग वर्ल्ड कप में हासिल किया पहला स्थान

**नई दिल्ली।** पंजाब के पठानकोट स्थित गुलशन शर्मा और उनकी पत्नी नीना शर्मा ने रूस की राजधानी मास्को में वेट लिफ्टिंग वर्ल्ड कप की अलग-अलग कैटेगरी में पहला स्थान प्राप्त कर मिसाल कायम की है। 67 साल की उम्र में गुलशन और 62 की उम्र में नौना ने यह उपलब्धि हासिल की है। अमेरिकन आईपीएल फेडरेशन ने मास्को स्टेडियम में 20, 21 और 22 दिसंबर को वर्ल्ड कप आईपीएल 2024 का आयोजन किया था जिसमें फिटनेश को समर्पित दुनियाभर से लोग पहुंचे या प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए भारत से 16 लोगों ने हिस्सा लिया था। इसके लिए अंबेसी में स्पांसरशिप के जरिए उन्हें वीजा मिला था और वे मास्को गए। गुलशन ने आईपीएल बैंच प्रेस रा एज मास्टर्स (65-69 ग्रुप और वेट क्लास 75 किलो) में पहला मेडल जीता है। वहीं नीना ने आईपीएल बैंच प्रेस रा एज मास्टर्स (60-64 ग्रुप और वेट क्लास 75.5 किलो) में पहला पुरस्कार जीता है। दोनों ने भारतीय झंडा फहराकर वर्ल्ड कप का पहला अवॉर्ड हासिल किया। 26 जनवरी को दोनों को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। गुलशन और नीना ने एक समाचार पत्र को बताया कि फिट रहने के लिए वह रनिंग, वेट लिफ्टिंग और एक्सरसाइज करते हैं।



# म नो रं ज न

# दीपिका की कुल संपत्ति 500 करोड़



दीपिका पादुकोण की कुल संपत्ति लगभग 500 करोड़ है। वह भारत की सबसे अमीर एक्ट्रेसेज में से एक हैं। दीपिका एक फिल्म के लिए करीब 30 करोड़ रुपए चार्ज करती हैं। दीपिका ने लुईस वैटन, लेविस और तनिष्क जैसे बड़े ब्रांड्स का प्रचार करती हैं जो उनकी कमाई का बड़ा हिस्सा है। इसके अलावा एक्ट्रेस युग्गार्ट और बेलाट्रिक्स एयरोस्पेस जैसे स्टार्टअप्स में इंवेस्ट किया है। उनके पास मुंबई में 100 करोड़ का सी-फेसिंग अपार्टमेंट और अलीबाग में 22 करोड़ का बंगला है। इसके अलावा पति रणवीर सिंह के साथ मिलकर एक्ट्रेस अपना नया घर बना रही हैं। दीपिका के पास मर्सडीज-मे बेंज और ऑडी क्यू7 जैसी लग्जरी कारें हैं, जो उनकी उनकी शानदार लाइफस्टाइल को दर्शाता है। एक्ट्रेस लक्ज़री लाइफस्टाइल जीने के साथ जमीन से जुड़ी हुई हैं। दीपिका बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेस हैं, जो हर साल करोड़ों कमाती हैं। उनकी फिल्मों के अलावा ब्रांड्स, प्रमोशन और अपने ब्यूटी ब्रांड से उनकी कमाई दुगुनी है। दीपिका बॉलीवुड की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेस हैं, जो हर साल करोड़ों कमाती हैं। उनकी फिल्मों के अलावा ब्रांड्स, प्रमोशन और अपने ब्यूटी ब्रांड से उनकी कमाई दुगुनी है। लुईस वैटन और कार्टियर जैसे ब्रांड्स का चेहरा बनना दीपिका की इंटरनेशनल पहचान को दिखाता है। एक्ट्रेस कई बड़े ब्रांड का हिस्सा बनीं हैं। ऑस्कर में भी उन्हें स्पॉट किया गया था।

# कभी गुरुद्वारे में गाया करते थे दिलजीत दोसांझ

सिंगर दिलजीत दोसांझ का आज 40वां जन्मदिन है। पंजाब के एक साधारण से गांव से निकले दिलजीत दोसांझ आज ग्लोबल स्टार बन चुके हैं। दुनियाभर में उनकी फैन फॉलोइंग है और हर कोई उन्हें दिल से चाहता है। दिलजीत का जन्म 1984 में पंजाब के जालंधर जिले के दोसांझ कलां गांव में हुआ था और बचपन से ही उन्हें गाने का बहुत शौक था। उनका पढ़ाई में मन नहीं लगता था और एक लड़की के लिए उन्होंने घर से भागने की कोशिश की थी। खुद दिलजीत ने इसके बारे में अपने एक इंटरव्यू में बताया था। उन्होंने कहा था कि जब वो 8 साल के थे तो उन्होंने घर छोड़ दिया था। हालांकि बाद में एक शख्स ने उन्हें घर वापस भेज दिया था। दिलजीत ने अपने सिंगिंग करियर की शुरुआत गुरुद्वारे में गाते थे। उन्होंने लुधियाना में रहकर दसवीं तक की पढ़ाई और गुरुद्वारे में कीर्तन करने लगे। वहीं से उन्हें आगे बढ़ने के लिए दिशा मिली और उन्होंने संगीत की ट्रेनिंग ली। इसके बाद वो शादियों में गाने लगे और फिर साल 2002 में दिलजीत ने 'स्माइल' निकाली और फिर ऐसे ही उनके लिए आगे के रास्ते खुलते गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक दिलजीत अगर पर्सनल इवेंट करते हैं तो इसके लिए 4 करोड़ रुपये चार्ज करते हैं। राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी के प्री-वेडिंग इवेंट के लिए दिलजीत ने करीब 4 करोड़ रुपये चार्ज किए थे। इसके अलावा दिलजीत कॉन्सर्ट के लिए भी 50 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये तक चार्ज करते हैं। मार्च 2024 तक दिलजीत दोसांझ की नेटवर्थ 172 करोड़ रुपये आंकी गई। फाइनेंशियल एक्सप्रेस की रिपोर्ट के में इसके बारे में जानकारी दी गई है। वो कोका-कोला, फिला और मारियो के ब्रैंड एंबेसडर भी हैं। उन्होंने वियर्ड 6 और अर्बन पेंडू में भी इन्वेस्ट किया है। दिलजीत दोसांझ को कारों का बहुत शौक है, उनके पास मर्सिडीज़-बेंज़ जी63 एएमजी, बीएमडब्ल्यू 520डी, पोर्श कैयेन, पोर्श पैनामेरा,मित्सुबिशी पजेरो, सफेद रेंज रोवर स्पोर्ट, काली मर्सिडीज़-बेंज़ एस-क्लास, सफेद रोल्स रॉयस घोस्ट गाड़ियां हैं।



# इमरजेंसी का सेकंड ट्रेलर रिलीज, दमदार लगीं कंगना रनौत




बॉलीवुड क्वीन कंगना रनौत की मच-अवेटेड फिल्म 'इमरजेंसी' का सेकंड ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। 1975 में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने के मौके पर कंगना ने अपनी पॉलिटिकल ड्रामा में इतिहास के उस विवादित पहलू को दिखाया है, जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई थी। फिल्म के सेकंड ट्रेलर में इमरजेंसी लगाने के बाद देश में मची उथल-पुथल को दिखाया गया है। इंदिरा गांधी के रोल में दिखीं कंगना पर चौतरफा हमले होते हैं। एक सीन में अकेले इमरजेंसी का फैसला लेने पर जब राष्ट्रपति उनसे सवाल करते हैं तब वो कहती हैं- मैं ही कैबिनेट हूं। कहानी में आगे दिखाया गया है कैसे देश में युद्ध का ऐलान होता है।




# बागी बनकर छा गए अजय देवगन, 'आजाद' से दमदार डेब्यू को तैयार अमन और राशा

अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था, लेकिन अब ये खत्म हो चुका है। 6 जनवरी को 'आजाद' का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया है, जो कि काफी शानदार है। इस फिल्म की स्टारकास्ट भी काफी अच्छी दिख रही है। 'आजाद' एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जो कि देश की आजादी से पहले की कहानी को दिखाता है। इस फिल्म को अभिषेक कपूर ने डायरेक्ट किया है और इसका प्रोडक्शन रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। 'आजाद' के ट्रेलर की बात करें तो उसे 6 जनवरी को रिलीज कर दिया गया है, जिससे लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई है। फिल्म के ट्रेलर की बात की जाए, तो ये कहानी शुरू होती है एक घोड़े के साथ, जोकि इस फिल्म का अहम किरदार है। यहां तक कि फिल्म का टाइटल और घोड़े का नाम 'आजाद' रखा गया है। इस फिल्म में अजय देवगन बागी के किरदार में हैं, तो वहीं डायना पेंटी उनके अपोजिट लीड रोल में हैं। वहीं दूसरा लव कनेक्शन राशा और अमन के बीच दिखाया जाएगा। हालांकि, दोनों के किरदारों की बात की जाए, तो राशा एक रॉयल फैमिली का हिस्सा है, तो वहीं अमन एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखता है। डकैत नहीं बागी फिल्म का ये डायलॉग दिखाता है कि ये फिल्म आजादी से पहले अंग्रेजों के खिलाफ लड़ी गई लड़ाई पर बेस्ड है।

# 'पाताल लोक सीजन 2 का ट्रेलर लॉन्च, मिशन पर लौटे इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी



एक्शन और सस्पेंस से भरपूर 'पाताल लोक सीजन 2' का जबरदस्त ट्रेलर आ गया है। जयदीप अहलावत उर्फ इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी अपने मिशन पर वापस लौट चुके हैं। पर इस बार पहले सीजन की तरह हथौड़ा त्यागी बेशक नहीं है, पर पहले से ज्यादा खतरा होगा। हाथीराम चौधरी के बने बनाए काम को कोई खराब कर रहा है। क्या ये कोई अपना है? ट्रेलर में जो हिंट दिए गए हैं, उस हिंट ने कई अपनों पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं। ट्रेलर कैसा है, उसे बताने से पहले बताते चले कि यह वेब सीरीज 17 जनवरी से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। "सिस्टम एक नाव की तरह है चौधरी, सबको पता है कि इसमें छेद है और तू उसमें से है, जो नाव को बचाने की कोशिश कर रहा है। तू मरेगा चौधरी" इस डायलॉग के साथ ट्रेलर की शुरुआत होती है। पहले फ्रेम में हाथीराम चौधरी दिख रहे हैं, जो खुद को बचाने के लिए एक लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बार कहानी शुरू होती है नागालैंड के डेमोक्रेटिक फोरम के फाउंडर की मौत से। इस मौत की गुत्थी अब दिल्ली पुलिस को सुलझानी है। जोनाधन थॉम केस को सुलझाने के साथ-साथ इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी के परिवार की कहानी भी साइड में चल रही है। पति के जान के खतरे को देखते हुए पत्नी खुश नहीं है इस नौकरी से। लेकिन सस्पेंस शुरू होता है एक और पुलिस वाले के प्रमोशन से, जो हैं अंसारी। इसी बीच एक और लड़की के गायब होने की गुत्थी सुलझाने को मिल जाती है। इस बार असली लड़ाई नागालैंड में लड़ी जाएगी, जिसके लिए इंस्पेक्टर हाथीराम चौधरी पूरी तरह से तैयार हो गए हैं। वहां जाकर हाथीराम चौधरी के लेवल से अलग ही चीज हो रही है। ट्रेलर में काफी कम डायलॉग सुनने को मिलते हैं। पर जो हैं, वो काफी बढ़िया है। एक सीन आता है, जहां डायलॉग सुनने के मिलता है कि- हम गली क्रिकेट के लड़के हैं चौधरी और वहां वर्ल्ड कप चल रहा है। पाताल लोक सीजन 2 की कहानी ट्रेलर में जितनी सीधी लग रही है, उतनी है नहीं।

# 'बच्चों को संस्कारवान बनाकर बढ़ाएं समाज की पहचान'

## मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज का राष्ट्रीय स्तरीय स्नेहमिलन समारोह

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** निम्बेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार को मेवाड़ा कलाल समाज का एक दिवसीय स्नेह मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल युवा महासभा के सानिध्य में आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ नेमीचंद पंवार, सिरोही नगर परिषद के पूर्व सभापति महेंद्र मेवाड़ा, पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा, गोडवाड़ अध्यक्ष जसवंत मेवाड़ा, लादुराम मेवाड़ा, दीपक मेवाड़ा, पालिका सादड़ी के प्रतिपक्ष नेता राकेश मेवाड़ा, देवीलाल मेवाड़ा, ललित मेवाड़ा समेत परगनों के अध्यक्षों ने भगवान सहस्त्राबाहु अर्जुन की पूजा अर्चना कर किया। सिरोही नगर परिसद के पूर्व सभापति महेन्द्र मेवाड़ा कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति चाहे कितने ही बड़े पद पर पहुंच जाएं एवं करोड़पति बन जाएं, मगर वह समाज से बड़ा नहीं है। समाज के बिना किसी की कोई पहचान नहीं है। उन्होने युवाओं से कहा कि शिक्षा के बगैर समाजोत्थान संभव नहीं है। इस लिए उच्चस्तर तक शिक्षा ग्रहण करें। पूर्व प्रधान हरीशंकर मेवाड़ा ने समारोह के दौरान समाजबंधुओं को एक मंच पर देख कर खुशी जताई एवं मेवाड़ा समाज को और शक्तिशाली बनाने के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मां ही बच्चों की प्रथम गुरु होती है। इसलिए माताएं अपने बच्चों पर पैनी नजर रखें व बच्चों को मोबाइल की अनावश्यक लत से दूर रखें। देवेंद्र सिद्धावत ने परिवार में मोबाइल के अनावश्यक व अत्याधिक इस्तेमाल को घातक बताया। राजेश मेवाड़ा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान जरूरी है। बड़ी सादड़ी के पूर्व विधायक प्रकाश चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश शाह मेवाड़ा के साथ उनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देशभर में निवास कर रहे मेवाड़ा क्षत्रिय कलाल समाज बंधु अपने घर आए अतिथियों की आवभगत व मान-सम्मान में कोई कसर नहीं छोड़ते है।







### इनका रहा सहयोग

*समारोह में सुभाष मेवाड़ा, एडवोकेट कांतिलाल मेवाड़ा, एडवोकेट प्रकाश गहलोत, दीपक मेवाड़ा, सुरेन्द्र मेवाड़ा, पारस मेवाड़ा, दिलीप मेवाड़ा, महावीर मेवाड़ा, गोड़वाड के पूर्व अध्यक्ष छगनलाल मेवाड़ा, सुभाष मेवाड़ा, कुडी उप सरपंच सुरेन्द्र मेवाड़ा, देवीलाल मेवाड़ा, दुदाराम, अशोक कुमार मेवाड़ा, महाराष्ट्र अध्यक्ष जीतुभाई मेवाड़ा, महेश मेवाड़ा, कैलाश मेवाड़ा, एडवोकेट गणेश बोराणा, सुमित मेवाड़ा, प्रभुलाल कलाल, नवीन मेवाड़ा, नकुल मेवाड़ा, हिरेंद्र शाह, रामपालसिंह, नटवर मेवाड़ा सहित समाजबंधुओं का सहयोग रहा। मंच संचालन प्रकाश मेवाड़ा ने किया।*

# पिकअप की टक्कर से वृद्ध की मौत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** फोरलेन पर पिकअप की टक्कर से बाइक चालक वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नया गांव स्थिते जगदंबा कॉलोनी निवासी हेमाराम अपनी बाइक से फोरलेन की ओर जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रहे पिकअप चालक ने टक्कर मार दी। जिससे हेमाराम गंभीर घायल हो गया। घटना के बाद चालक पिकअप को छोड़कर फरार हो गया। लोगों ने उसी पिकअप से हेमाराम को बांगड़ अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर थाने के एएसआइ ओमप्रकाश चौधरी मौका स्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# स्मैक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** पुलिस की ओर से हरीओम आश्रम स्थित नाकाबंदी के दौरान बाइक पर आ रहे दो युवकों से 01.50 ग्राम स्मैक बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित के अनुसार चारभुजा राजसमंद की ओर से आ रही एक बाइक पर सवार दो युवकों की तलाशी ली गई। जिसमें उनके पास से 01.50 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इस पर पुलिस ने देसूरी निवासी इदरीश पुत्र जहुर खान एवं शरीफ पुत्र रुस्तम खान को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में हैड कांस्टेबल सोहनलाल आसेरी, कांस्टेबल बलराम चौयल, धर्मेंद्रकुमार, राकेशकुमार, दिनेशकुमार, बंशीलाल, हेमेंद्रसिंह, कुंजबिहारी, प्रकाशचंद्र, जगदीशकुमार व कांस्टेबल चालक हिम्मत सोलंकी का सहयोग रहा।



# सेलीनाल बांध से दूसरी पाण का पानी छोड़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे के मुख्य पेयजल व सिचाई का एक मात्र सेलीनाल बांध से सोमवार को दूसरी पाण का पानी सेलीनाल बांध उपभोक्ता संगम अध्यक्ष बाबूलाल माली की मौजूदगी में छोड़ा गया। इससे पूर्व किसानों की मौजूदगी में विधिवत रूप से पूजा अर्चना की गई। सुपरवाइजर प्रेमसिंह भाटी मौजूद रहे।



# उपाध्याय चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** सिखवाल ब्राह्मण समाज पाली जिले के अध्यक्ष पद पर सोहनलाल उपाध्याय 33 मतों से विजय घोषित किए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी परमेश्वरलाल उपाध्याय ने बताया कि रविवार को तिलक नगर स्थित सिखवाल ब्राह्मण समाज भवन में अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। अध्यक्ष पद के लिए तीन अभ्यर्थियों ने पर्चा दाखिल किया। जिसके चलते मतदान करवाया गया। जिसमें 190 मतों में से 182 मतदाताओं ने अपना मतदान किया। इसमें सोहनलाल उपाध्याय को 97, राजकुमार व्यास को 64 एवं नरेश पांडे को 21 मत प्राप्त हुए। जिस पर चुनाव अधिकारी ने सोहनलाल उपाध्याय को 33 मतों से विजय घोषित करते हुए प्रमाण पत्र देकर अध्यक्ष पद की गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव अधिकारी ने निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। मदनलाल जोशी, सुरेश ओझा, ओमप्रकाश उपाध्याय, गोपाल उपाध्याय, ओमप्रकाश पांडे, अश्विन जोशी, रामाकिशन पांडिया, पवन ओझा का सहयोग रहा।

# सिलाई प्रशिक्षण शिविर का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के तत्वावधान में संचालित सिलाई प्रशिक्षण सेंटर का समापन मुख्य अतिथि सरपंच केसाराम भील, थानाधिकारी हरीसिंह राजपुरोहित, अतिरिक्त विकास अधिकारी ललित व्यास के आतिथ्य में हुआ। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के मेंटर हितेश सोनी ने कहा कि यह प्रशिक्षण एक माह तक चला। जिसमें युवतियों और महिलाओं को सिलाई के कौशल में निपुण बनाया गया। उदयपुर क्लस्टर के मेंटर लीडर बुद्धि प्रकाश मीना ने बताया कि बेरोजगार युवाओं को 45 दिनों का आवासीय हॉस्पिटेलिटी कोर्स करवाकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। थानाधिकारी ने साइबर ठगी के प्रति जागरूक किया और महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। अतिरिक्त विकास अधिकारी ने किशोरियों को आत्मनिर्भर बनाने में ऐसे प्रशिक्षणों की अहमियत पर जोर दिया। सरपंच केसाराम भील ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने का बेहतरीन कार्य कर रहा है। मेंटर हितेश सोनी, ट्रेनर इंदा कुमारी, सीसी चैंपियन प्रियंका परमार, नीता वैष्णव, रेखा, निरमा, किरण, शांता आदि मौजूद थे।



# कुल्हाड़ी के हमले से महिला घायल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जमीनी विवाद को लेकर जेठ ने कुल्हाड़ी से हमला कर भाभी को घायल कर दिया। पुलिस के अनुसार मंडिया गांव निवासी केलीदेवी पत्नी फुसाराम व उसके जेठ बाबूलाल के बीच जमीनी विवाद है। सोमवार सवेरे बाबूलाल व अन्य लोगों ने घर में घुस कर कुल्हाड़ी से केलीदेवी पर हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई। बीच बचाव के दौरान उसके पुत्र नेकाराम पर भी हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस दौरान बड़ी संख्या के ग्रामीण जमा हो गए। लोगों ने केलीदेवी को बांगड़ अस्पताल में भर्ती करवाया।



# अग्रवाल समाज को बनाएंगे और अधिक मजबूत : गोयल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** अग्रवाल समाज के पाली, जालोर, सिरोही एवं बनासकांटा के 33 पंचायत अग्रवाल समाज क्षेत्रीय सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गंगाराम गोयल एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल का फालना आगमन पर फालना अग्रवाल समाज की ओर से स्वागत किया गया। फालना अग्रवाल समाज समिति के सचिव डॉ. सुरेशचंद्र अग्रवाल ने बताया कि फालना अग्रवाल समाज के अध्यक्ष रामकिशोर गोयल के सान्निध्य में चंद्रभोलेश्वर महादेव मंदिर में अभिनंदन किया गया। फालना अग्रवाल समाज अध्यक्ष गोयल के अनुसार 22 दिसंबर को सिरोही में चुनाव में गंगाराम गोयल के विजय होने के बाद पहली बार फालना आने पर स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर 33 ही पंचायतों से एक युवा और एक महिलाओं को जोड़ते हुए युवा और महिलाओं की भी नई कार्यकारिणी बनाई जाए। नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष गोयल ने कहा कि वे 33 ही पंचायत स्तर तक युवा और महिलाओं को जोड़ते हुए समाज को मजबूत करने का पूर्णरूप से प्रयास करेंगे। असहाय परिवारों को मदद दिलवाने के साथ समाज को क्षेत्रीय स्तर से प्रांत व राज्य स्तर तक उभारने का प्रयास भरसक प्रयास करेंगे। पालिका उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने क्षेत्रीय सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक दृष्टि से समाज आगे बढ़े, ऐसा आवश्यक रूप प्रयास करें। अनिल जे अग्रवाल, प्रवीण गोयल, गिरीश अग्रवाल, नरेंद्र बीरबल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, नवनीत गुप्ता, अजय मंगल, अजय मित्तल, रूपेश गुप्ता, सुनील अग्रवाल, पूनम गोयल,अनीता गोयल, बिना गुप्ता, कल्पना अग्रवाल, नैना अग्रवाल आदि मौजूद थे। मंच संचालन अग्रवाल समाज समिति के सचिव डॉ सुरेशचंद्र अग्रवाल ने किया।



# मरीजों को बांटे कंबल व फल



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** जिला अस्पताल में क्राइम इन्वेस्टीगेशन ब्यूरो की ओर से सोमवार को असहाय मरीजों को कंबल एवं फल वितरित किए गए। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. भरत टेलर, सीआइबी वेस्ट जोन अध्यक्ष विजय परमार, प्रदेशाध्यक्ष मनीषा राखेचा और उनकी टीम ने मरीजों से मिलकर उनकी सुविधाओं के बारे में चर्चा की। डॉ. टेलर ने इस मौके पर कहा कि हमें गरीब और असहाय लोगों की मदद करनी चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक बंसल, प्रदेश एडवाइजर दिनेश भाटी, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद सैफुर रहमान शामिल थे।

# पैदल चलकर लगाई काम्बेश्वर महादेव मंदिर में धोक

## » युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष की 51वीं पदयात्रा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश राजपुरोहित ने काम्बेश्वर महादेव की 51वीं पदयात्रा कर आराध्य को धोक लगाई। सुमेरपुर से कांबेश्वर महादेव तक करीब 21 किमी की पैदल यात्रा की। 51वीं यात्रा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा सहित कई अन्यजन भी शामिल हुए। राजपुरोहित ने बताया कि सनातन धर्म सेवा समिति शिवगंज द्वारा हर वर्ष सावन माह में काम्बेश्वर महादेव पदयात्रा की जाती है। समिति द्वारा वर्ष 2000 से अब तक 24 पदयात्राएं हो चुकी हैं। वहीं राजपुरोहित ने एक वर्ष में 51 पदयात्रा कर एक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने बताया कि वे पिछले एक वर्ष से लगातार हर शनिवार को काम्बेश्वर महादेव की पदयात्रा कर रहे है। पहली बार पदयात्रा की थी तब सोचा भी नहीं था कि इतनी पदयात्राएं हो जाएगी। हर मौसम में पदयात्रा जारी रही व हर पदयात्रा में नए लोग भी उनके साथ जुड़ते रहे। उन्होंने बताया कि ये पदयात्राएं आगे इस वर्ष भी जारी रहेगी। पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा ने भी पदयात्रा में सम्मिलित होकर राजपुरोहित का हौंसला बढ़ाया। मेवाड़ा ने कहा कि काम्बेश्वर महादेव हमारे क्षेत्र के आराध्य देव हैं। ऐसी धार्मिक पदयात्राओं के शारीरिक और मानसिक कई तरह के लाभ होते है। उन्होंने कहा कि पदयात्राएं तो उन्होंने काफी देखी है पर राजपुरोहित ने पिछले एक वर्ष में जिस समर्पण व अनुशासन से लगातार पदयात्रा की है वो वाकई में काबिले तारीफ है और आज इस पदयात्रा में सम्मिलित होकर वो खुद भी बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं। आरएसएस से जुड़े जयकिशन कुम्पावत ने कहा कि राजपुरोहित द्वारा की जा रही लगातार पदयात्रा से बेहद प्रभावित हुए हैं। आज इस पदयात्रा में सम्मिलित होकर उन्हें भी धर्म लाभ मिला हैं। 51वीं पदयात्रा में पूर्व प्रधान हरिशंकर मेवाड़ा, डॉ. महिपाल विश्नोई, भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव राजपुरोहित, किशोर भाटी, जयकिशन कुम्पावत, अनीत मेवाड़ा, जगदीश राजगुरु, शैतान मेघवाल, महेंद्र बोराणा, पीटीआइ छगनलाल, गोविन्द मेघवाल, दीपक चांवरिया, लखन मीणा, कमलेश चौहान, रवि चौहान, अल्केश, महेंद्र रावल, जोरावर, राकेश बोराणा, दिनेश, कानसिंह, नेतीराम और प्रमोद मीणा भी सम्मिलित हुए।



# टैंकर से टकराने से जीप के परखच्चे उड़े, 2 की मौत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के एनएच 62 पालड़ी जोड़ पुलिया के पास सोमवार दोपहर एक जीप आगे चल रहें गैस के टैंकर से टकरा गई। हादसे में जीप के परखच्चे उड़ गए और मौके पर ड्राइवर समेत 2 जनों की मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद जीप में फंसी बॉडी को बाहर निकाला जा सका। सुमेरपुर थाने के एएसआइ मांगीलाल सोलंकी ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम घटना स्थल पहुंची। टैंकर के पिछले हिस्से से जीप की भीषण भिड़ंत हुई थी। गनीमत रही कि गैस टैंकर खाली था, वरना बड़ा हादसा होने की संभावना थी। हादसे में जीप में सवार दोनों युवकों की बॉडी बुरी तरह फंस गई। इसमें युवक की पहचान सिरोही जिले के तेलपी खेड़ा कृष्णगंज निवासी खेताराम पुत्र नवाराम एवं लक्ष्मण पुत्र असलाराम देवासी के रूप में हुई है। फिलहाल शवों को सुमेरपुर हॉस्पिटल की मॉर्चरी में रखवाकर परिजनों को सूचना दी गई। क्रेन की सहायता से हादसे में क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे करवाकर यातायात सुचारु करवाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



# क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में निम्बेश्वर क्लब ने मारी बाजी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** गुड़िया में आयोजित विं मसिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ। आयोजन कमेटी के कल्याणसिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में 28 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला निंबेश्वर ि केट क्लब गुड़िया और कोसेलाव के बीच खेला गया। कोसेलाव ने 8 ओवर में 46 रन बनाए। जवाब में गुड़िया टीम ने 5 ओवर में 47 रन बनाकर 10 विकेट से प्रतियोगिता का खिताब जीता। समापन के अवसर पर बलाना सरपंच शंभूराम मीणा, इंदरसिंह गुड़िया, जेठूसिंह आदि ने विजेता टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व सरपंच दुजाना दौलतसिंह, नारायणसिंह, भीमसिंह, फूलसिंह, चैनसिंह भाटी, नरेन्द्रसिंह बी, नरेन्द्रसिंह, गोविंदसिंह, मोतीसिंह मौजूद थे।

# एकादशी 10 को, होगा दान-पुण्य

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिवाड़ा।** अरावल क्षेत्र में एकादशी के मौके पर दस जनवरी को श्रद्धालु जमकर दान-पुण्य करेंगे। पं रामलाल ओझा ने बताया कि इस अवसर पर गौशालाओं में गोवंश को हरा चारा व गुड़ खिलाया जाएगा। वहीं कन्याओं को फल वितरण किए जाएंगे।

# खेल के जरिए सामाजिक सरोकार से जुड़ें युवा : गहलोत

## » क्रिकेट प्रतियोगिता में सांवरिया सेठ विजेता एवं सचियाव माता टीम उप विजेता





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** माली समाज की ओर से शहर के अरविंद पैवेलियन में चल रही चार दिवसीय संत लिखमीदास क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को पुखराज गहलोत के मुख्य आतिथ्य में समापन हुआ। आयोजन कमेटी के संरक्षक प्रकाश बी माली ने बताया कि समापन के दिन दो सेमीफाइनल मैच और एक मेगा फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहला सेमीफाइनल झाड़ोली कैपिटल बनाम सचियाव माता क्रिकेट क्लब जावाल के बीच खेला गया। जिसमें सचियाव माता जावाल की टीम 7 विकेट से जीता। मेन ऑफ दी मैच दिनेश माली रहे। दूसरा सेमीफाइनल सुंधा क्रिकेट क्लब सिरोही बनाम सांवरिया सेठ 11 सिरोही के बीच हुआ। जिसमें सांवरिया सेठ 11 सिरोही 5 विकेट से जीते। कौशल माली मैन ऑफ द मैच रहे। मेगा फाइनल सांवरिया सेठ 11 सिरोही बनाम सचियाव माता क्रिकेट क्लब जावाल के बीच हुआ। जिसमें सांवरिया सेठ 11 की टीम 3 विकेट से जीता। इसमें नरेन्द्र सुंदेशा मैन ऑफ द मैच रहे। विजेता टीम को कमेटी की ओर से 31 हजार हजार नकद और ट्रॉफी दी गई। भामाशाह बाबूलाल माली की तरफ से विजेता टीम को 11 हजार नकद पुरस्कार दिया गया। उप विजेता टीम को 21 हजार नकद पुरस्कार एवं ट्राफी दी गई गई। मुख्य अतिथि पुखराज गहलोत ने कहा कि खेलों से समाज समाज के युवा एकजुट होकर मजबूती प्रदान होती। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही आरजेएस शिवानी सोलंकी ने कहा कि खेल के साथ शिक्षा का भी पुरजोर देकर समाज को आगे बढ़ाने का काम करना है। बालिकाओं को खेल एवं शिक्षा के क्षेत्र में शिखर तक पहुंचाने का काम हम सब को मिलाकर करना है। विशिष्ठ अतिथि अजय गहलोत ने कहा की खेलों से शारीरिक के साथ मानसिक विकास भी होता है। युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज को मजबूत बनाने का आह्वान किया। माली समाज वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष ताराराम माली ने कहा कि खेल से समाज मे एक दूसरे युवाओं का जुड़ाव बढ़ता है और भाईचारा और एकता बनती है। ऐसे टूर्नामेंट से मजबूती आती है।



### यह रहे अतिथि

आयोजन कमेटी के प्रकाश बी माली संरक्षक ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य पुखराज गहलोत, अध्यक्षता आरजेएस सुश्री शिवानी सोलंकी, सम्मानित अतिथि अजय गहलोत, रणछोड़ भाई, जगदीश भाई, माली समाज सेवा संस्थान सिरोही अध्यक्ष हीरालाल माली, माली समाज वेलफेयर सोसाइटी अध्यक्ष ताराराम माली, विशिष्ट अतिथि शांतिलाल माली चेन्नई, मदनलाल माली, गेनाराम माली, एडवोकेट एमडी माली मुंबई, मणिदेवी पार्षद सिरोही, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र माली, भाजयुमो अध्यक्ष गोपाल माली, मोहन बी माली, हीराभाई माली, चम्पत माली, शांतिलाल बी माली, जगदीश वी माली, पंकज भाई माली, छगनलाल माली, कानाराम, मुकेश माली, अमृतलाल आदि मौजूद थे। मंच संचालन और कोमेंट्री दिनेश माली, आरजू रावल और महेंद्र माली ने की।

## मिसिंग लिंक सड़क का हुआ लोकार्पण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने सोमवार को जनापुर से नांदिया मिसिंग लिंक सड़क का लोकार्पण किया। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए प्राथमिकता से प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि आमजन की समस्याओं के निस्तारण के लिए पूर्ण रूपेण प्रतिबद्ध है उन्होंने जनापुर ग्राम की अन्य समस्याओं के निस्तारण में भी तत्परता जताते हुए ये विश्वास दिलाया कि सामूहिक प्रयासों से क्षेत्र को विकसित करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। सांसद लुंबाराम चौधरी एवं राज्य सरकार के स्तर के प्रकरणों में स्वयं राज्यमंत्री देवासी तथा आबू पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। सांसद लुंबाराम चौधरी ने क्षेत्र की समस्याओं के निस्तारण में प्रतिबद्धता जताते हुए अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर क्षेत्र को प्रगति के पथ पर ले जाने की बात कही। उन्होंने जनापुर से नांदिया सड़क के महत्व और इसके लिए किए गए प्रयासों के बारे में भी बताया। आबू पिंडवाड़ा विधायक समाराम गरासिया ने कहा कि हर समस्या का समाधान आमजन का सहयोग मिलने से आसानी से एवं तीव्रता से होता है। उन्होंने क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के कार्यों की सफल क्रियान्विति को ही जनप्रतिनिधियों की मंशा बताया। जिला परिषद सदस्य किरण राजपुरोहित ने अपने संबोधन में सड़क निर्माण के लिए किए गए प्रयासों तथा भामाशाहों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग के बारे में बताते हुए क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत करवाया। प्रधान नितिन बंसल, उप प्रधान रमेश रावल, सरपंच लता रावल आदि मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत भवन केर का हुआ लोकार्पण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** पंचायती राज विभाग के तहत स्वीकृत नवीन ग्राम पंचायत भवन केर का लोकार्पण सोमवार को राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने किया। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि गांव के विकास में सभी की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है उन्होंने केर ग्रामवासियों के सहयोग की भावना और क्षेत्र को विकसित करने की प्रतिबद्धता की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र से संबंधित राज्य स्तर पर किए जाने वाले किसी भी कार्य को पूर्ण करने में पूरी तत्परता दिखाई जाएगी एवं धन की कमी भी नहीं आने दी जाएगी। सांसद लुंबाराम चौधरी ने केर पंचायत के नवनिर्मित भवन की प्रशंसा करते हुए इस कार्य के सहयोगियों की सराहना की साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की विभिन्न योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए एवं प्रत्येक पात्र को लाभान्वित करने के लिए सभी को पूर्ण जागरूकता के साथ एक दूसरे को प्रेरित करना होगा। विधायक समाराम गरासिया ने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्रवासियों को नवीन पंचायत भवन के निर्माण की बधाई दी। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने केर पंचायत भवन की सराहना करते हुए इसके लिए प्रयास करने वालों एवं सहयोग करने वालों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मिनी सचिवालय से आमजन को राहत मिलेगी। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने नवनिर्मित पंचायत भवन का अवलोकन किया एवं परिसर में पौधरोपण किया। विकास अधिकारी नवलाराम चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रधान नितिन बंसल, सरपंच मधुबेन गरासिया, विमला देवी, पंचायत समिति सदस्य देवाराम आदि मौजूद थे।



## राज्य मंत्री ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** राज्यमंत्री ओटाराम देवासी सोमवार को जिले के दौरे पर रहे। राज्यमंत्री देवासी ने सर्किट हाउस में जनसुनवाई करते हुए आमजन की परिवेदनाएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के लिए दिशा.निर्देश प्रदान किए। मंत्री देवासी ने आमजन की समस्याओं को तसल्ली से सुनते हुए प्राथमिकता से इन समस्याओं के निस्तारण का विश्वास दिलाया। दीपाराम पुरोहित, ताराराम माली, रोहित खत्री, महेंद्र माली, जब्बरसिंह चौहान, विशनसिंह, गोपाल माली,जितेंद्र खत्री, दिनेश वैष्णव, भंवर रावल, रामलाल परिहार, गोविंद माली, चंदनसिंह, जितेंद्रसिंह, शंकर कुमावत, जब्बरसिंह राजावत, रामेश्वर कंसारा, नाथूराम देवासी, प्रकाश पुरोहित, इंदरसिंह मकवाना, तुलसीराम पुरोहित आदि मौजूद थे।



## मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** अर्हता दिनांक एक जनवरी 2025 के संदर्भ में मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य म मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन मंगलवार को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ बजरंगसिंह ने बताया कि मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन के संदर्भ में बैठक का आयोजन 7 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला कलक्टर कार्यालय में होगा। इसमें मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मीडिया को जानकारी दी जाएगी। अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची की प्रतियां भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी की तैयारियों के सिलसिले में मंगलवार को प्रातः 11 बजे अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ बीएस चौहान ने दी।

## अजा वित्त व विकास आयोग अध्यक्ष रहे दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिले के मारवाड़ जंक्शन स्थित पंचायत समिति सभागार में सोमवार को राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष राजेंद्रकुमार नायक ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग की उपलब्धियों, सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर नायक का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर मारवाड़ जंक्शन नायब तहसीलदार फूलाराम मीणा, उपप्रधान चौथाराम मेघवाल, सहायक विकास अधिकारी शौकत हुसैन, राहुल नायक, राजू कोलपुरा, डूंगरसिंह राजपुरोहित, डॉ अब्दुल सतार सहित कई लोग मौजूद थे।

## आरोग्य मित्र कार्यशाला आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आरोग्य भारती के अपना ग्राम स्वस्थ ग्राम आयाम के तहत आमथला गांव में सौ आरोग्य मित्रों की एक दिवसीय कार्यशाला कुंडेश्वर महादेव मंदिर में हुई। अखिल भारतीय अपना ग्राम स्वस्थ ग्राम आयाम संरक्षक सदाशिव, आरोग्य भारती जोधपुर प्रांत अध्यक्ष डॉ. गोविन्द गुप्ता, प्रांत पर्यावरण प्रमुख रतनलाल श्रीवास्तव व आरोग्य भारती जिला सचिव डॉ. केशव भारद्वाज उपस्थित रहे। सदाशिव ने आरोग्य मित्रों को सूर्य नमस्कार करने व इससे होने वाले लाभों के बारे में बताया। डॉ. गुप्ता द्वारा खाने से पूर्व हाथ धोने को ले कर लोगों को जागरूक करने को कहा। श्रीवास्तव ने पोलीथिन का प्रयोग को कम से कम कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने का आह्वान किया। डॉ. भारद्वाज ने औषधीय पौधों की महत्ता पर जानकारी साझा की।

## किए शब्द-कीर्तन, ग्रहण की प्रसादी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** अंबाजी चौराहे के समीप स्थित गुरुद्वारे में श्री गुरु संगत दरबार का आयोजन किया गया। शब्द कीर्तन किए गए। दोपहर में लंगर प्रसादी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिरकत कर प्रसादी ग्रहण की।

## पूर्व विधायक लोढ़ा ने की मुआवजे देने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार संयम लोढा ने एक्स पर पोस्ट कर रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री से 24 दिसम्बर की रात्रि को आबूरोड रेलवे आरक्षण कार्यालय परिसर में दो वर्षीय मासूम बालिका को आवारा सांड से कुचलने के मामले में बालिका के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। पूर्व मुख्यमंत्री सलाहकार ने केंद्रीय रेल एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव को टैग करते हुए लिखा कि आप नागरिक अधिकारों की रक्षा को लेकर आर्टिकल लिख रहे हैं। लोढा ने रेल मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि 24 दिसम्बर की रात्रि को आबूरोड रेलवे टिकट आरक्षण कार्यालय के बाहर एक भील महिला की 2 वर्षीय पुत्री राधिका को सोते हुए आवारा सांड ने अपने पैरों से रौंद दिया था। घटना में बालिका की मृत्यु हो गई थी। इतना समय बीत जाने के बाद भी न तो रेलवे विभाग ने उस परिवार की कोई सुध लीं हैं और न ही किसी तरह की उस परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई गई हैं। लोढ़ा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी अवगत कराते हुए कहा कि पिछले वर्ष सिरोही के जिला चिकित्सालय में आवारा कुत्तों द्वारा नवजात शिशु को नौंच खाया था। जिससे नवजात की मौके पर ही मौत हो गई थी। जिसके बाद सरकार से पीड़ित परिवार को 10 लाख की सहायता राशि दिलवाई थी। घटना में जो भी अधिकारी जिम्मेदार हैं उनके खिलाफकार्यवाही करें। इस मामले में मृतक बालिका की माता ने भी डीआरएम अजमेर को पत्र लिखकर रेल विभाग से आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग की।

**स्टेशन परिसर में सांड के मासूम बालिका को कुचलने का मामला**

## तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का समापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** आर्य समाज द्वारा संचालित वैदिक कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के अन्तिम दिन बाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। छात्रा मिनाक्षी ने कविता के माध्यम से यह नववर्ष हमें स्वीकार नहीं...,छात्रा माहिन आरा ने पिता के उपकारो पर भावुक कविता की प्रस्तुति दी। कनक सैनी ने गुरू की महिमा का काव्यपाठ के माध्यम से वर्णन किया। हर्षिता ने भोजन पर हास्य व्यंग प्रस्तुत किया। छात्रा नम्रता, विद्या, रंजन, प्रेरणा, पूनम, सलोनी, इषिका आदि ने भी काव्यपाठ किया। इस दौरान विद्यालय की पत्रिका प्रगति का विमोचन किया गया। प्रतिभाशाली छात्राओं व श्रेष्ठ परिणाम देने वाली शिक्षिकाओं को पुरस्कृत किया गया। योगाचार्य हेमंत आर्य, डीएवी संस्था के पूर्व निदेशक एम.एल.गोयल, आर्य गुरूकुल के स्वामी ओमानन्द सरस्वती, आर्यसमाज आबूरोड के प्रधान मोतीलाल आर्य, प्रधानाचार्या सुमन शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मंच संचालन निर्मला धैर्य एवं संगीता ने किया। भूपेन्द्रसिंह आर्य, लेखराज शर्मा, विरेन्द्र कुमार, डॉ.एमपी बंसल, शंतिभाई पटेल, योगेश सक्सेना, प्रकाश आर्य, छगनलाल दाणा, बालकृष्ण चण्डक, जयंतीलाल सोनी, सरेमल सोनी, गोविन्दराम सोनी, अशोक गुप्ता, आर्य समाज के सदस्य, छात्राएं, अध्यापिकाएं, अभिभावक आदि उपस्थित थे।

### नए आपराधिक कानूनों के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक

# कानूनों का प्रदेश में हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन : मुख्यमंत्री

## नए आपराधिक कानून शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने में निभा रहे महत्वपूर्ण भूमिका



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश में लागू तीन नवीन कानूनों में सजा की तुलना में न्याय पर अधिक जोर दिया गया है। नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम हमारे संविधान की मूल भावना के अनुसार बनाए गए हैं। ये कानून आमजन को शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री के कहा कि नवीन आपराधिक विधि में आपराधिक मामले के महत्वपूर्ण चरणों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है जिससे पीड़ित को त्वरित न्याय मिल रहा है। साथ ही पीड़ित को अपने साथ हुए अपराध की रिपोर्ट संबंधित क्षेत्र के थाने में दर्ज कराने की बाध्यता से मुक्ति मिली है। मुख्यमंत्री शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर नवीन आपराधिक कानूनों के राजस्थान में क्रियान्वयन तथा प्रचार-प्रसार के संबंध में गृह विभाग की उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा राज्य सरकार प्रदेश में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा जनता को भयमुक्त माहौल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा नए कानूनों को लागू करने में आवश्यक संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यू.आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह आनंद कुमार, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित पुलिस, अभियोजन, फॉरेंसिक एवं कारागार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रतियोगिताओं द्वारा युवाओं को किया जाए नए कानूनों के बारे में जागरूक

### नए कानूनों का राजस्थान में हो रहा प्रभावी क्रियान्वयन

मुख्यमंत्री ने कहा कि नए कानूनों का प्रदेश में प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जा रहा है और इनके प्रचार-प्रसार में राजस्थान देश का अग्रणी राज्य है। आमजन को इनकी जानकारी देने के लिए राज्य सरकार कई कदम उठा रही है। राज्य की 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से नए कानूनों की जानकारी दी गई है। साथ ही, प्रदेश में महिला एवं बाल सुरक्षा संबंधी प्रावधानों के बारे में पुस्तकें तैयार करवाकर वितरित की गई है। राजस्थान पुलिस की राजकॉप एप्लीकेशन में भी नए कानूनों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया तथा पंपलेट और पोस्टर के माध्यम से इनका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नए कानूनों के बारे में पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों को समुचित प्रशिक्षण देने के साथ ही उन्हें स्व अध्यनन के लिए बुकलेट भी वितरित की जाए। प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नए कानूनों के संबंध में सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन कराया जाए, जिससे युवाओं में इनको लेकर जागरूकता बढ़े।

### 69 हजार से अधिक कार्मिकों को मिला नए कानूनों का प्रशिक्षण

बैठक में बताया गया कि नए कानूनों को लागू करने हेतु मुख्यालय स्तर पर सात समितियों का गठन किया गया। इन समितियों ने विधिक क्रियान्वयन, प्रक्रिया संशोधन, हितधारकों को प्रशिक्षण, वित्तीय संसाधनों का निर्धारण, फॉरेंसिक दक्षता अभिवृद्धि, डिजिटल अनुसंधान एवं तकनीकी समायोजन जैसे विभिन्न बिंदुओं के आधार पर विस्तृत कार्ययोजना बनायी। पुलिस, कारागार तथा अभियोजन विभाग एवं विधि विज्ञान प्रयोगशाला के 300 दक्ष कार्मिकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण दिलाकर इनके माध्यम से अब तक 69 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के अंतर्गत अब तक लगभग 84 हजार 242 एफआईआर दर्ज की गई हैं। राज्य के सभी कारागृहों के कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाकर 95 कारागृहों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) के सुदृढ़ीकरण हेतु 4.86 करोड़ रूपये की राशि से साइबर फॉरेंसिक यूनिट तथा लगभग 3.72 करोड़ रूपये की लागत से डीएनए यूनिट का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही, नए पदों पर भर्ती की जा रही है।

### एसआई भर्ती-2021 मामला

# यथास्थिति के आदेश का हर हाल में हो पालन : हाईकोर्ट



**मामले की अगली सुनवाई 9 जनवरी को**

**सरकार ने मामले में जवाब देने के लिए कोर्ट से समय मांगा**

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** एसआई भर्ती 2021 मामले में ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने पर हाईकोर्ट ने सरकार को फटकार लगाई है। हाईकोर्ट ने कहा है कि हर हाल में 18 नवंबर के दिए गए यथास्थिति के आदेश का पालन होना चाहिए, वरना कोर्ट की अवमानना मानी जाएगी।

दरअसल, ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने के पुलिस मुख्यालय के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। इस पर सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई में हाईकोर्ट ने कहा कि हमने 18 नवंबर को यथास्थिति के आदेश दिए थे। उस आदेश के बाद भी ट्रेनी एसआई को फील्ड ट्रेनिंग में भेजने के आदेश कैसे जारी कर दिए। ये अदालत की अवमानना है। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने कोर्ट को बताया कि हम पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। करीब 800 ट्रेनी एसआई हैं। उसमें से कुछ गलत हो सकते हैं। लेकिन, सभी को ट्रेनिंग से कैसे रोका जा सकता है। सरकार ने मामले में जवाब देने के लिए कोर्ट से समय मांगा। याचिकाकर्ता के वकील हरेंद्र नील ने बताया कि हाईकोर्ट ने मामले में जवाब देने के लिए सरकार को दो दिन का समय दिया है। अब गुरुवार को सुनवाई होगी। बता दें, कोर्ट इस मामले में अगली सुनावाई 9 जनवरी को करेगा। कोर्ट ने राज्य सरकार को अपना जवाब पेश करने का अंतिम मौका दिया है।

## बिधूड़ी के बयान पर सीएम आतिशी भावुक

### मेरे पिता बीमार रहते हैं, चल भी नहीं पाते

**नई दिल्ली।** रमेश बिधूड़ी के बयान पर जवाब देते सीएम आतिशी भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक शिक्षक हैं। वो इतने बीमार रहते हैं कि चल नहीं पाते। चुनाव के लिए इतनी घटिया हरकत करेंगे कि एक बुजुर्ग को गाली देने पर उतर आयेंगे। रमेश बिधूड़ी जी खुद दक्षिण दिल्ली से दस बार सांसद रहे। वो बताएं कालकाजी के लोगों को कि उन्होंने इस इलाके के लिए क्या किया। वो ये दिखाए न कि उनके दस साल का काम था वो मेरे पांच साल के विधायक के काम से बहुत बेहतर था। उसके आधार पर वोट मांगें। रमेश बिधूड़ी कहें कि आतिशी ने अगर एक सड़क बनवाई तो मैंने दस सड़कें बनवाई। आतिशी ने अगर 100 सीसीटीवी कैमरे लगवाए तो मैंने 1000 सीसीटीवी कैमरे लगवाए। आतिशी ने अगर हजार लाइट लगवाईं तो मैंने पांच हजार लाइट लगवाईं।





## राजस्थान में चार संभागों में हो सकती है बारिश

### जयपुर-सीकर समेत कई शहर कोहरे से ढके

### 10 से 12 जनवरी के बीच फिर बदलेगा मौसम

**जयपुर।** राजस्थान एक बार फिर कोहरे की चादर ओढ़े रहा। सोमवार सुबह जयपुर, कोटा, अलवर, दौसा, भरतपुर, अजमेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर सहित कई जिलों में विजिबिलिटी काफी कम रही। विजिबिलिटी कम होने से हाईवे पर गाड़ियां रेंगती रहीं। जयपुर का नाहरगढ़, आमेर किला धुंध में छुप गए। मौसम विशेषज्ञों ने मकर संक्रांति से पहले राजस्थान में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने की संभावना जताई है। इस सिस्टम के प्रभाव से 10 से 12 जनवरी के बीच जयपुर, भरतपुर, बीकानेर और अजमेर संभाग के जिलों में बादल छाएंगे। कई जगह हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो उत्तरी राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ समेत पूर्वी राजस्थान के जिलों में घना कोहरा रहा। इस कारण इन शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। कोहरे के कारण सुबह से लोगों को सूरज के दर्शन नहीं हुए और दिन में हवा चली।

## एक नजर




## मुंबई के ताज होटल में मिली एक ही नंबर की दो गाड़ियां

### दोनों ही गाड़ियां सेम मॉडल-सेम नंबर, चालान से बचने को ड्राइवर ने बदली नंबर प्लेट

**मुंबई।** मुंबई के ताज महल होटल में एक ही नंबर प्लेट वाली दो गाड़ियां मिली हैं। दोनों ही गाड़ियां सेम मॉडल की है और होटल के गेट के अंदर थीं। गाड़ियों को संदिग्ध मानते हुए मुंबई पुलिस गाड़ियों की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि एक कार ड्राइवर ने चालान से बचने के लिए गाड़ी की नंबर प्लेट बदली थी। असली नंबर की गाड़ी के मालिक ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी कार के नंबर प्लेट के साथ एक और गाड़ी पार्क है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मुंबई पुलिस को एमएच01ईई2388 नंबर प्लेट के साथ दो गाड़ियां मिली हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनमें से जो गाड़ी गलत नंबर प्लेट के साथ घूम रही है। वह किसके नाम पर है और उसकी असली नंबर प्लेट कहां है। फिलहाल दोनों गाड़ियां पुलिस के पास हैं।

### कोलाबा पुलिस स्टेशन का मामला

*मामला कोलाबा पुलिस स्टेशन का है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस बीच सोशल मीडिया पर दोनों कारों की तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर में एक ही जैसी नंबर प्लेट के साथ एक ही कंपनी और मॉडल की दो गाड़ियां देखी जा सकती हैं। दिखने में दोनों गाड़ियां एक जैसी हैं।*

# चीन के बाद भारत में पैर पसार रहा 'एचएमपीवी' वायरस

### बच्चियों की कोई इंटरनेशनल ट्रैवल हिस्ट्री नहीं, गले में इंफेक्शन, खांसी-जुकाम लक्षण

**बेंगलुरु।** चीन के बाद अब भारत में भी ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी 'एचएमपीवी' के केस सामने आए हैं। आईसीएमआर ने अपनी रूटीन सर्विलांस के माध्यम से कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के दो मामलों का पता लगाया है। भारत में केंद्र सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें भी इस वायरल को लेकर अलर्ट हो गई है। कर्नाटक में दो शिशुओं में एचएमपीवीवायरस के लक्षण सामने आए हैं। एक तीन महीने की नवजात शिशु जिसका ब्रोन्कोपमोनिया के इतिहास है, वह एचएमपीवी वायरस से संक्रमित थी, उसे बैपटिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसका इलाज किया गया है और उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। वहीं, एक



कर्नाटक में एक आठ महीने के शिशु जिसका ब्रोन्कोपमोनिया के इतिहास है, वह भी इसी अस्पताल में तीन जनवरी को एचएमपीवी वायरस से संक्रमित पाया गया है। शिशु अब ठीक हो रहा है। इसके अलावा गुजरात के अहमदाबाद में भी एचएमपीवी वायरस का पहला मामला दर्ज हुआ है। एक दो महीने के बच्चे में वायरस पाया गया है। बच्चे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। रविवार को आंध्र प्रदेश सरकार ने एचएमपीवी वायरस को लेकर अपडेट साझा किया है। आंध्र प्रदेश की लोक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण निदेशक के. पद्मावती के अनुसार, यह बीमारी संक्रमित व्यक्तियों के खांसने, छींकने, छूने और हाथ मिलाने से भी फैल सकती है।





# छत्तीसगढ़ में आठ जवान शहीद, वाहन को बारूद से उड़ाया

**बीजापुर।** नए साल की शुरुआत में ही छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। बीजापुर जिले में घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने सोमवार को जवानों की गाड़ी को निशाना बनाया है। नक्सल प्रभावित कुटरू से बेदरे मार्ग पर करकेली के पास नक्सलियों ने जवानों से भरी पिकअप वाहन को ब्लास्ट कर उड़ा दिया है। इस हमले में अब तक आठ जवानों के शहीद होने की पुष्टि एडीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा ने की है। बताया जा रहा है कि शहीदों की संख्या और बढ़ सकती है। साथ ही कुछ जवान घायल भी हुए हैं। बस्तर आईजी के मुताबिक हमले में कुल नौ लोग मारे गए हैं, जिसमें आठ डीआरजी जवान और एक वाहन का ड्राइवर भी शामिल हैं।

### घात लगाकर बैठे थे नक्सली

*पहले से ही नक्सलियों ने यहां बारूदी सुरंग बिछा रखा था, जैसे ही जवानों की वाहन इस बारूदी सुरंग की चपेट में आई तुरंत नक्सलियों ने ब्लास्ट कर दिया। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, वाहन में 15 से ज्यादा जवान सवार थे जो नक्सल विरोधी अभियान से वापस कैंप लौट रहे थे।*



## बांग्लादेश से स्वदेश लौटे 95 मछुआरें

### सीएम ने की 10-10 हजार रुपए की मदद

**कोलकाता।** भारत-बांग्लादेश के बीच तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों के बीच आपसी आदान-प्रदान में, भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर 95 भारतीय मछुआरों के बदले 90 बांग्लादेशी मछुआरों को सौंप दिया। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, भारतीय मछुआरों को आईसीजी ने सोमवार को सागर द्वीप के पास पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के जिला मजिस्ट्रेट को सौंप दिया। टीएमसी के आधिकारिक सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में लिखा कि सीएम ममता बनर्जी ने बांग्लादेश से बचाए गए सभी मछुआरों को 10,000 वितरित किए, जिससे उनकी आजीविका को सहारा देने के लिए अत्यंत आवश्यक वित्तीय सहायता मिली। एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि यह अभियान भारत और बांग्लादेश के बीच समुद्री संबंधों को बनाए रखने के लिए विदेश मंत्रालय (एमईए), पश्चिम बंगाल सरकार और भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के आपसी प्रयासों का परिणाम था। केंद्र ने दो बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नौकाओं के साथ 78 चालक दल के सदस्यों और डूबी हुई बांग्लादेशी मछली पकड़ने वाली नौका कौशिक के अतिरिक्त 12 चालक दल के सदस्यों को वापस भेजा है।

### अरविंद केजरीवाल का दावा

## आतिशी होगी गिरफ्तार, सिसोदिया के घर सीबीआई रेड

**नई दिल्ली।** 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीएम आतिशी एवं पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को लेकर बड़ा दावा किया और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट कर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि मैंने कुछ दिन पहले बोला था कि दिल्ली सीएम आतिशी को गिरफ्तार किया जाएगा और आप के कुछ नेताओं के घरों पर रेड होगी। अगले कुछ दिनों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के घर सीबीआई रेड होगी। बीजेपी दिल्ली विधानसभा चुनाव हार रही है। ये गिरफ्तारियां और रेड उनकी बौखलाहट का नतीजा है। अभी तक हमारे खिलाफ कुछ नहीं मिला और आगे भी कुछ नहीं मिलेगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि नई दिल्ली विधानसभा में मतदाताओं के नाम जोड़ने और हटाने में बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी हो रही है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त को पत्र लिखकर सबूत पेश किए और उनसे मिलने का समय मांगा है।

# कनाडा के पीएम ट्रूडो का इस्तीफा

## कहा... मैं अगले चुनाव के लिए अच्छा विकल्प नहीं, पार्टी सांसदों की तरफ से पद छोड़ने का था दबाव

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार शाम को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के नेता का पद भी छोड़ दिया। इस्तीफे से पहले उन्होंने देश को संबोधित किया। कहा कि वे अगले चुनाव के लिए अच्छे विकल्प नहीं हो सकते। ट्रूडो ने कहा, अगर मैं घर में लड़ाई लड़नी पड़ेगी तो आने वाले चुनाव में सबसे बेहतर विकल्प नहीं बन पाऊंगा। उन्होंने खुद को एक अच्छा योद्धा बताया। कहा कि उन्हें कनाडाई लोगों की बहुत परवाह है। मैं हमेशा कनाडाई लोगों की भलाई के लिए काम करता रहूंगा। रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम ट्रूडो प्रधानमंत्री के पद पर तब तक बने रहेंगे जब तक उनका उत्तराधिकारी नहीं चुन लिया जाता। उनका कार्यकाल अक्टूबर तक था। इस्तीफे के बाद जल्द चुनाव हो सकते हैं। वे नवंबर 2015 से 10 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे।



## दो ब्राजीलियाई नागरिक गिरफ्तार

### 20 करोड़ की कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम डिपार्टमेंट ने 2 ब्राजीलियाई नागरिकों को 20 करोड़ रुपए से ज्यादा की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया।

कस्टम डिपार्टमेंट के अधिकारी ने बताया कि दोनों 24 दिसंबर को पेरिस के रास्ते साओ पाउलो से आ रहे थे। इस दौरान दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचने पर उन्हें रोका गया।]

पूछताछ में दोनों पैसेंजर्स ने माना कि उन्होंने कोकीन भरे कैप्सूल निगले हैं। महिला पैसेंजर के पास से 562 ग्राम कोकीन से भरे 58 कैप्सूल बरामद किए गए। जबकि पुरुष पैसेंजर के पास 837 ग्राम कोकीन जब्त की जब्त की गई। कुल 1399 ग्राम कोकीन की कीमत करीब 20.98 करोड़ रुपए है।

### बाबा सिद्दीकी मर्डर केस

## कोर्ट में 4590 पेज की चार्जशीट दाखिल

**मुंबई।** मुंबई में एनसीपी (अजित) नेता बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में पुलिस ने सोमवार को कोर्ट में 4590 पेज की चार्जशीट दाखिल की। इसमें कहा गया है कि गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई ने अपने क्रिमिनल सिंडिकेट के जरिए डर का माहौल पैदा करने के लिए इस हत्या को अंजाम दिया।

चार्जशीट में अनमोल के अलावा मोहम्मद यासीन अख्तर और शुभम लोनकर के भी नाम हैं। फिलहाल ये दोनों फरार हैं। पुलिस ने इस मामले में अब तक 26 लोगों को गिरफ्तार किया है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.